भारत सरकार

परिणाम बजट
2015-2016

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

भारत सरकार

परिणाम बजट
2015-2016

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

विषय-सूची

कार्यकारी सारांश

सूचना क्षेत्र

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय 2
क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय 3
भारतीय जनसंचार संस्थान 3
फोटो प्रभाग 4
भारतीय प्रेस परिषद 4
पत्र सूचना कार्यालय 6
प्रकाशन विभाग 6
भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक 7
न्यू मीडिया विंग 7
गीत एवं नाटक प्रभाग 7
मुख्य सचिवालय की सूचना विंग की स्कीमें
(क) नीति संबंधी अध्ययन, सेमिनार, मूल्यांकन आदि (प्रसार भारती को छोड़कर) 8
(ख) मानव संसाधन विकास के लिए प्रशिक्षण 8
(ग) अंतर्राष्ट्रीय मीडिया कार्यक्रम 9

फिल्म क्षेत्र

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड 9
बाल फिल्म समिति, भारत 10
फिल्म समारोह निदेशालय 10
भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे 11
फिल्म प्रभाग 12
भारत का राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार 12
सत्यजीत राय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता 12

मुख्य सचिवालय की फिल्म विंग की स्कीम
(क) एंटी पायरेसी पहल 13
(ख) फिल्म सामग्री का विकास, संचार और प्रसार 13
(ग) राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन 14
(घ) ऐनिमेशन, गेमिंग और विशेष प्रभावों के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना 15

प्रसारण क्षेत्र

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मानीटरिंग केंद्र (ईएमएमसी) 15
प्रसार भारती 15
मुख्य सचिवालय के प्रसारण विंग की स्कीमें

(क) भारत में सामुदायिक रेडियो आंदोलन..... . 20
(ख) प्रसारण विंग का स्वचालितीकरण..... 21
(ग) डिजिटलाइजेशन का मिशन..... 21

अध्याय - I

उद्देश्य एवं लक्ष्य, नीति निर्धारण एवं नीतिगत ब्योरा

सूचना क्षेत्र

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय 23
क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय 24
भारतीय जनसंचार संस्थान 24
फोटो प्रभाग 25
भारतीय प्रेस परिषद 25
पत्र सूचना कार्यालय 25
प्रकाशन विभाग 28
भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक 35
न्यू मीडिया विंग 36
गीत एवं नाटक प्रभाग 37

मुख्य सचिवालय की सूचना विंग की स्कीमें
(क) नीति संबंधी अधययन, सेमिनार, मूल्यांकन आदि (प्रसार भारती को छोड़कर) 38
(ख) मानव संसाधन विकास के लिए प्रशिक्षण 38
(ग) अंतर्राष्ट्रीय मीडिया कार्यक्रम 39

फिल्म क्षेत्र

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड 39
बाल फिल्म समिति, भारत 40
फिल्म समारोह निदेशालय 41
भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे 42
फिल्म प्रभाग 43
भारत का राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार 43
सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता 44
मुख्य सचिवालय की फिल्म विंग की स्कीमें
(क) एंटी पायरेसी पहल 45
(ख) फिल्म सामग्री का विकास, संचार और प्रसार 45
(ग) राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन 46
(घ) ऐनिमेशन, गेमिंग और विशेष प्रभावों के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना 47

प्रसारण क्षेत्र

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मानीटरिंग केंद्र (ईएमएमसी) 47
प्रसार भारती 48

मुख्य सचिवालय के प्रसारण विंग की स्कीमें

(क) भारत में सामुदायिक रेडियो आंदोलन 54
(ख) प्रसारण विंग का स्वचालितीकरण 55

(ग) डिजीटलाइजेशन का मिशन 55

अध्याय-II

वित्तीय परिव्यय, अनुमानित वास्तविक परिणाम एवं अनुमानित परिणाम

सूचना क्षेत्र

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय 57
क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय 59
भारतीय जनसंचार संस्थान 61
फोटो प्रभाग 64
भारतीय प्रेस परिषद 66
पत्र सूचना कार्यालय 67
प्रकाशन विभाग 69
भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक 71
न्यू मीडिया विंग 74
गीत एवं नाटक प्रभाग 75
मुख्य सचिवालय की सूचना विंग की स्कीमें
(क) नीति संबंधी अधययन, सेमिनार, मूल्यांकन आदि। (प्रसार भारती को छोड़कर) 76
(ख) मानव संसाधन विकास के लिए प्रशिक्षण 77
(ग) अंतर्राष्ट्रीय मीडिया कार्यक्रम 78

फिल्म क्षेत्र

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड 79
बाल फिल्म समिति, भारत 82
फिल्म समारोह निदेशालय 84
भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे 86
फिल्म प्रभाग 88
भारत का राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार 92
सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता 93

मुख्य सचिवालय की फिल्म विंग की स्कीमें
(क) एंटी पायरेसी में पहल 96
(ख) राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन 97
(ग) फिल्म सामग्री का विकास, संचार एवं प्रसार 98
(घ) ऐनिमेशन, गेमिंग और विशेष प्रभावों के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना 100

प्रसारण क्षेत्र

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मानीटरिंग केंद्र 101

प्रसार भारती 102

मुख्य सचिवालय के प्रसारण विंग की स्कीमें

(क) भारत में सामुदायिक रेडियो आंदोलन 127
(ख) प्रसारण विंग का स्वचालितीकरण 129
(ग) डिजीटलाइजेशन का मिशन 130

अध्याय - III

सुधार के लिए उठाए गए कदम और नीतिगत पहल

सूचना क्षेत्र

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय 131
क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय 132
भारतीय जनसंचार संस्थान 132
फोटो प्रभाग 132
भारतीय प्रेस परिषद 133
पत्र सूचना कार्यालय 134
प्रकाशन विभाग 135
भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक 136
गीत एवं नाटक प्रभाग 137
मुख्य सचिवालय की सूचना विंग की स्कीमें
(क) नीति संबंधी अध्ययन, सेमिनार, मूल्यांकन आदि (प्रसार भारती को छोड़कर) 138
(ख) मानव संसाधन विकास के लिए प्रशिक्षण 138

फिल्म क्षेत्र

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड 139
बाल फिल्म समिति, भारत 139
फिल्म समारोह निदेशालय 140
भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे 140
फिल्म प्रभाग 140
भारत का राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार 141
सत्यजीत राय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता 141
मुख्य सचिवालय की फिल्म विंग की स्कीमें
(क) एंटी पायरेसी में पहल 141
(ख) राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन 142
(ग) ऐनिमेशन, गेमिंग और विशेष प्रभावों के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना 142

प्रसारण क्षेत्र

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मानीटरिंग केंद्र 143
प्रसार भारती 143
मुख्य सचिवालय के प्रसारण विंग की स्कीम
(क) भारत में सामुदायिक रेडियो आंदोलन 147
(ख) प्रसारण विंग का स्वचालितीकरण 148
(ग) डिजिटलाइजेशन का मिशन 150

अध्याय - IV

सूचना क्षेत्र

पिछले कार्य प्रदर्शन की समीक्षा

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय 151
क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय 155

भारतीय जनसंचार संस्थान 156
फोटो प्रभाग 159
भारतीय प्रेस परिषद 161
पत्र सूचना कार्यालय 163
प्रकाशन विभाग 167
भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक 171
न्यू मीडिया विंग 174
गीत एवं नाटक प्रभाग 175
मुख्य सचिवालय की सूचना विंग की स्कीमें
(क) नीति संबंधी अध्ययन, सेमिनार, मूल्यांकन आदि (प्रसार भारती को छोड़कर) 176
(ख) मानव संसाधन विकास के लिए प्रशिक्षण 177
(ग) अंतर्राष्ट्रीय मीडिया कार्यक्रम 178

फिल्म क्षेत्र

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड 179
बाल फिल्म समिति, भारत 181
फिल्म समारोह निदेशालय 183
भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे 184
फिल्म प्रभाग 186
भारत का राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार 189
सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता 192
मुख्य सचिवालय की फिल्म विंग की स्कीमें
(क) फिल्म सामग्री का विकास, संचार एवं प्रसार 193
(ख) राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन 194
(ग) ऐनिमेशन, गेमिंग और विशेष प्रभावों के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना 195

प्रसारण क्षेत्र

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मानीटरिंग केंद्र 196
प्रसार भारती 197

मुख्य सचिवालय की प्रसारण विंग की योजनाएं .....
(क) भारत में सामुदायिक रेडियो आंदोलन 255
(ख) डिजिटलाइजेशन का मिशन 257

अध्याय - V

वित्तीय समीक्षा 258

अध्याय - VI

स्वायत्तशासी संस्थाओं का प्रदर्शन एवं समीक्षा

प्रसारण क्षेत्र

भारतीय जनसंचार संस्थान 280
भारतीय प्रेस परिषद 280

फिल्म क्षेत्र

बाल फिल्म समिति, भारत 282
भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे 283
सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता 284

प्रसारण क्षेत्र

प्रसार भारती 285

कार्यकारी सारांश

सूचना और प्रसारण मंत्रालय सरकार की नीतियों, उपलब्धियों, कार्यकर्मों और सूचना को जनसंचार माध्यमों के जरिए प्रचारित करता है। इस मीडिया में फिल्में, रेडियो, दूरदर्शन, प्रेस, प्रिंट प्रकाशन, विज्ञापन समाज के सभी वर्गों के लाभ के लिए संचार के पारंपरिक तरीके जैसे गीत और नाटक प्रभाग शामिल हैं। सभी आयु समूहों की मनोरजंन जरूरतों के प्रबंधन में मंत्रालय जुटा हुआ है। मंत्रालय परिवार कल्याण, राष्ट्रीय अखंडता, स्वास्थ्य देखभाल, पर्यावरण संरक्षण, निरक्षरता उन्मूलन के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इसके अलावा महिलाओं, बच्चों एवं अल्पसंख्यकों, लाभ से वंचित समाज के अन्य वर्गों से जुड़े मुद्दों पर लोगों का ध्यान केंद्रित करने का काम भी सूचना और प्रसारण मंत्रालय कर रहा है।

मंत्रालय के कामों को मुख्यत: तीन प्रभागों सूचना, प्रसारण और फिल्मों द्वारा संचालित किया जाता है। सूचना प्रभाग प्रेस और प्रिंट मीडिया के नीति संबंधी मामलों और सरकार की प्रचार जरूरत को संभालता है। प्रसारण प्रभाग दूरदर्शन और आकाशवाणी (ऑल इंडिया रेडियो), एफएम रेडियो एवं सामुदायिक रेडियो और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से संबंधित नीति मामलों को संभालता है। फिल्म, फिल्म पुरस्कार और चलचित्र (फिल्म) प्रदर्शनी की जिम्मेदारी फिल्म विभाग संभालता है।

वर्ष 2015-16 के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के लिए 3711.11 करोड़ रुपये के बजट का ऐलान किया गया। इसमें 914.53 करोड़ रुपये योजना राशि के रूप में और 2796.58 करोड़ रुपये गैर-योजना फंड के लिए शामिल हैं। मंत्रालय अपनी 21 मीडिया ईकाइयों/ संलग्न एवं अधीनस्थ कार्यालयों, स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक सेवा इकाइयों(पीएसयू) के माध्यम से कार्य करता है। इन कार्यों के कार्य संचालन, उपलब्धियों और विभिन्न योजना परियोजनाओं के परिणाम आगे दिए गए अध्यायों में सारांश रूप में दिए गए हैं।

सूचना क्षेत्र

विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय

क) डी ए वी पी की भूमिका : विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय (डी ए वी पी) भारत सरकार की प्रमुख मल्टी मीडिया विज्ञापन एजेंसी है जो विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों की नीतियों, कार्यक्रमों और उपलब्धियों को विभिन्न प्रचार माध्यमों के जरिए जनता तक पहुँचाने का कार्य करती है। माध्यमों के रूप में यह समाचार पत्रों में विज्ञापन, इलेक्ट्रानिक मीडिया श्रव्य-दृष्य स्पॉट, जिंगल्स आदि, डिजीटल सिनेमा, मोबाइल, टेलीफोनी इंटरनेट, सोशल नेटवर्किंग साइट, मुद्रित प्रचार साहित्य, पुस्तिकाएं, ब्रोशर, पोस्टर, बाह्य प्रचार माध्यमों होर्डिंग्स, मेट्रो रेल पैनल, बस पैनल, कियोस्क, सार्वजनिक सुविधाएं इत्यादि, फोटो प्रदर्शनी आदि का प्रयोग करती है। सेक्टोरल प्रचार के लिए जहां एक और डीएवीपी मंत्रालयों/विभागों से राशि प्राप्त करती है वहां दूसरी ओर एक समग्र पहुंच की आवश्यकता को देखते हुए डीएवीपी अपनी योजनागत/गैर योजनागत कोष में से भी प्रचार लागू करती है।

ख) योजना व्यय के लिए राशि: विभिन्न लोक कल्याण एवं भागीदारी युक्त कार्यक्रमों के प्रचार को समग्र रूप से मजबूत करने के लिए तथा अपनी सेवाओं के प्रभावकारी रूप में प्रदान करने के लिए डी ए वी पी ने अपनी दो योजनागत स्कीमों नामत: (1) विकास संचार के जरिए जन सशक्तीकरण तथा (2) मीडिया अवसंरचना विकास कार्यक्रम के लिए बढ़ी हुई राशि की मांग की तथा उसे प्राप्त भी किया।

12वीं पंचवर्षीय योजना (2012-17) के लिए ''विकास संचार के जरिए जन सशक्तीकरण '' योजना के तहत 467.50 करोड़ रूपये तथा ''मीडिया अवसंरचना विकास कार्यक्रम'' योजना के तहत 15 करोड़ रूपए का प्रारम्भिक परिव्यय उपलब्ध कराया गया।

ग) प्रचार के प्रवाह को नियंत्रित करना : सरकार में प्रचार तथा विज्ञापन के विभिन्न पहलुओं को नियंत्रित करने तथा इस सम्बन्ध में और अधिक पारदर्शिता लाने के लिए सरकार ने प्रिंट मीडिया के लिए नई विज्ञापन नीति तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया के जरिए विज्ञापन के लिए श्रव्य दृश्य नीति जारी की है। अखबारों का नए तरीके से पैनल बनाया गया जबकि श्रव्य दृश्य मीडिया की दरों को तय करना जारी है।

घ) इलेक्ट्रानिक पेमेन्ट मोड : अपने भुगतानों की गति में सुधार के लिए तथा पारदर्शिता लाने के लिए डी ए वी पी ने अपने सभी भुगतानों को नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फाइल ट्रांसफर सिस्टम (एन ई एफ टी एस) के जरिए करना प्रारम्भ किया है। डी ए वी पी की वेबसाइट www.davp.nic.in पर बिलों की स्थिति देखी जा सकती है।

ड) आर टी आई तथा शिकायत निवारण को दुरुस्त करना: डी ए वी पी के आर टी आई ढांचे को विकेन्द्रित कर दिया गया है तथा प्रत्येक स्कन्ध के प्रमुख निदेशक को लोक सूचना अधिकारी बनाया गया है। अपने सिटीजन चार्टर को शिकायत निवारण के 'सेवोत्तम' तन्त्र की तरह प्रयोग करने हेतु संशोधित करते हुए डी ए वी पी ने नागरिकों को समय बद्ध सेवाएं प्रदान करना सुनिश्चित कराया है।

च) व्यय की निगरानी: डी ए वी पी की योजनागत/ गैर योजनागत व्यय की वित्तीय तथा भौतिक उपलब्धियों के विश्लेशण तथा साथ ही वार्षिक योजना के दौरान तय किए गए लक्ष्यों के साथ नियमित रुप से निगरानी की जाती है।

छ) डी ए वी पी संरचना तथा सेवाओं का आधुनिकीकरण: डी ए वी पी तथा इसकी सेवाओं की डिलीवरी के आधुनिकीकरण से सम्बन्धित एक विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट स्वतन्त्र सलाहकार द्वारा तैयार की गई। 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान यह लागू की जा रही है।

ज) प्रभाव मूल्यांकन: विभिन्न मंत्रालयों तथा विभागों के लिए प्रारम्भ किए गए विज्ञापन अभियानों के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए डी ए वी पी एक पद्धति तथा प्रक्रिया प्रारम्भ कर रही है। इस उद्देश्य के लिए 7 प्रमुख एजेन्सियों को पैनल में रखा गया है।

क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधिदेश के अनुपालन में सरकार की नीतियों/कार्यक्रमों/योजनाओं के प्रति आम जन में जागरूकता फैलाने के लिए क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय क्षेत्रीय कार्यक्रमों को करने का कार्य करता है। सरकार की विभिन्न विकासात्मक तथा कल्याणकारी पहल से सम्बन्धित योजनाओं का लाभार्थियों के हक के अनुसार प्राप्त कर सकने की जागरूकता पर आधारित है। इस रूप में क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय आमजन के सूचित हिस्से को इन योजनाओं/कार्यक्रमों में लिप्त करता है। क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय के जागरूकता निर्माण के प्रयास ''अंर्तव्यक्तिगत संचार'' पर आधारित है। क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय स्थानीय ओपिनियन नेताओं तथा लक्षित लाभार्थियों के साथ परिचर्चा सत्र आयोजित करके, घर-घर जाकर, जनसभा आयोजित करके कार्य करता है।

इन प्रयासों में पारंपरिक तथा लोक माध्यमों तथा अन्य पारंपरिक तथा गैर पारंपरिक तरीकों का प्रयोग भी शामिल है। इस प्रक्रिया में डी एफ पी को अन्य केन्द्रीय तथा राज्य विभागों/अभिकरणों द्वारा सहायता मिलती है। डी एफ पी की क्षेत्रीय कार्यकारी इकाइयों लागूकरण अभिकरणों के लाभ के लिए सरकार के कार्यक्रमों/योजनाओं के लागू करने पर फीडबैक भी एकत्र करती है।

निदेशालय के उद्देश्य :

- भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों के अंर्तगत आमजन को उनके अधिकारों लाभों एवं कर्त्तव्यों के बारे में सूचित तथा सशक्तीकरण करना। आमजन के लाभ के लिए तैयार की गई योजनाओं तथा कार्यक्रमों के बारे में जनता से अपने कर्मचारियों को मुखातिब करता है।
- आमजन के बीच मूलभूत राष्ट्रीय मूल्य यथा-लोकतन्त्र, धर्मनिरपेक्षता तथा सांप्रदायिक सौहार्द का संवर्द्धन करना।
- विकासात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए मूलभूत स्तर पर आमजन के बीच तारतम्य स्थापित करना साथ ही लोक मत में गति लाने तथा कल्याणकारी एवं विकासात्मक कार्यक्रमों को लागू करने के लिए जन भागीदारी का संवर्द्धन करना।
- सरकार की नीतियों तथा कार्यक्रमों के प्रति जन प्रतिक्रिया एकत्र करना तथा उचित कार्यवाही हेतु उन्हें लागू करना।

भारतीय जनसंचार संस्थान

भारतीय जन संचार संस्थान का मुख्य उद्देय देश के सामाजिक-आर्थिक विकास की आवश्यकताओं के विशेष संदर्भ में मीडिया और जनसंचार के इस्तेमाल एवं विकास के लिए प्रशिक्षण और शोध का आयोजन करना है। भारत सरकार, सूचना व प्रसारण मंत्रालय के माध्यम से कुल वार्षिक सहायता अनुदान के रूप में इस संस्थान को वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

भारतीय जनसंचार संस्थान के स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम आम लोगों के लिए खुले हैं और उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के माध्यम से किया जाता है। यह संस्थान विदेश मंत्रालय के सहयोग से विकासशील देशों के कार्यरत पत्रकारों और सूचना अधिकारियों के लिए प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष के दौरान विकास पत्रकारिता

में दो पाठ्यक्रमों का आयोजन करता है। यह संस्थान भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) के गुप 'ए' और ग्रुप 'बी' के परिवीक्षार्थियों के लिए बुनियादी पाठ्यक्रमों का भी आयोजन करता है। इसके अलावा यह भारत सरकार, राज्य सरकार और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के विभिन्न विभागों/संगठनों के अधिकारियों के लिए भी कई अन्य अल्पकालीन पाठ्यक्रम चलाता है। अधिकांश अध्ययन प्रायोजित होते हैं। यह समय-समय पर पत्रकारिता/जनसंपर्क पर पुस्तकें आदि भी प्रकाशित करता है।

यह अनुभव किया गया है कि वर्तमान स्थिति में इस संस्थान द्वारा चलाए जा रहे एक वर्ष के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों को दो वर्षीय एडवांस पाठ्यक्रमों के समकक्ष घोषित किये जाने और इन पाठ्यक्रमों को एमए की डिग्री के समकक्ष घोषित किये जाने की जरूरत है। वर्तमान में भारतीय जनसंचार संस्थान को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के स्तर तक अपग्रेड करने हेतु संचार अनुसंधान विभाग को सशक्त किया जाना नितांत आवश्यक है। भारतीय जनसंचार संस्थान को राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित करने के लिए संसद अधिनियम लाए जाने के बाद एडवांस पाठ्यक्रम तथा डायरेक्ट कार्यक्रम शुरू किए जा सकते हैं।

योजनागत गतिविधियां:

उपर्युक्त पहलुओं को ध्यान में रखते हुए सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 11वीं पंचवर्षीय योजना में''भारतीय जनसंचार संस्थान का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उन्नयन'' विषयांतर्गत 62.00 करोड़ रुपये के सकल परिव्यय के लिए 51.50 करोड़ रुपये का बजट अनुमोदित किया। यह सरकार की 43 करोड़ रुपये की बजटीय सहायता के साथ यह योजना 12वीं पंचवर्षीय योजना में भी जारी है। 12वीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत नई योजना ''भारतीय जन संचार संस्थान के नए क्षेत्रीय केंद्रों की स्थापना'' को मंजूरी दी गई है। इसके लिए कुल परिव्ययय 94.20 करोड़ रुपये है और शुद्ध बजटीय सहायता 90.00 करोड़ रुपये है।

फोटो प्रभाग

फोटो विभाग एक ऐसा मीडिया इकाई है जो भारत सरकार के लिए आंतरिक और बाह्य प्रचार के लिए दृश्य दस्तावेज और तस्वीरें तैयार करता है। फोटो विभाग देश में घटित हुई ऐतिहासिक घटनाओं का तस्वीरों के रूप में रिकॉर्ड रखता है और विकास के विभिन्न आयामों को दर्ज करता है। यह फोटो प्रतियोगिताओं और कार्यशालाओं के जरिए युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देता है। विभाग गैर - प्रचार संगठनों और आम लोगों को भी भुगतान पर तस्वीरों की आपूर्ति करता है। देश के पूर्वोत्तर के विकास पर जोर देते हुए बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान फोटोग्राफी उद्योग में बदले रूझानों के साथ कदम मिलाकर चलने के लिए 'नेशनल सेंटर ऑफ फोटोग्राफी एंड स्पेशल ड्राइव फॉर नॉर्थ ईस्टर्न स्टेट्स' नाम से एक प्लान योजना चलाई गई है।

भारतीय प्रेस परिषद

भारतीय प्रेस परिषद प्रेस के संदर्भ में संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (क) में निहित मौलिक अधिकार के लिए संस्थागत समर्थन का प्रतीक हैं। यह एक तरफ प्रेस की आजादी के संरक्षक के तौर पर काम करती है जबकि दूसरी तरफ यह नैतिक ईमानदारी के रास्ते पर मार्गदर्शक तथा विवेक रक्षक के रूप में काम करती है।

10 अक्तूबर, 2014 को भारतीय प्रेस परिषद के 12 वें कार्यकाल के गठन के बाद माननीय अध्यक्ष, न्यायमूर्ति श्री सी. के. प्रसाद ने 25 नवम्बर, 2014 को अपने पूर्ववर्ती अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री मार्कंडेय काटजू से भारतीय प्रेस परिषद की विरासत को संभाल लिया।

वर्ष 2014–15 में परिषद के मुख्य उद्देश्यों के मद्देनजर तेलंगाना, आंध्रप्रदेश तथा हरियाणा के हिसार से कथित खतरों को लेकर तथ्यान्वेषी टीमों का गठन किया। इसने आम चुनाव, 2014 के दौरान पेड न्यूज के मामलों का विशेष संज्ञान लिया और परिषद इस संबंध में कार्रवाई निर्धारित करने की प्रक्रिया में है। इसके अलावा, प्रेस तथा साथ ही साथ अधिकारियों के लाभ के लिये बनाये गये दिशा निर्देशों को सार्वजनिक रूप से जारी किये जाने के बाद एक सक्रिय उपाय के रूप में, दिल्ली विधानसभा चुनावों के दौरान रिपोर्टिंग पर निगरानी रखने के लिये पेड न्यूज समिति का गठन किया गया।

निर्णय संबंधी मोर्चे पर परिषद मौखिक पूछताछ के माध्यम से 80 मामलों में फैसला देने वाली है जबकि अध्यक्ष प्रेस परिषद जांच नियमों के तहत प्रदत अधिकारों का प्रयोग करते हुए अन्य 800 मामलों में अपना फैसला सुनाने वाले हैं।

प्रेस परिषद के तत्वाधान में देश भर में राष्ट्रीय प्रेस दिवस, 2014 का आयोजन हुआ जो ''सार्वजनिक मामलों में पारदर्शिता : प्रेस की भूमिका'' पर केन्द्रित था। इसके जरिये सशक्त मीडिया के लिये विपुल मात्रा में सामग्रियां तैयार की गयी। इस मौके पर छत्तीसगढ़ जैसे छोटे से आदिवासी क्षेत्र से लेकर देश के महानगरों में प्रेस जगत के विभिन्न क्षेत्रों में मूल्यवान योगदानों को पहचान प्रदान करने के लिये पुरस्कार प्रदान किये गये। अंतर्राष्ट्रीय संवाद को बढ़ावा देने के लिये परिषद ने प्रेस की नैतिकता एवं आजादी को बढ़ावा देने के लिये नेपाल की प्रेस परिषद के साथ समझौता किया। परिषद सार्क देशों में प्रेस परिषदों के संघ की स्थापना की संभावना भी तलाश रही है।

ई–गवर्नेंस और पारदर्शिता के माध्यम के रूप में, प्रेस परिषद की वेबसाइट पर निर्णयों, रिपोर्टों और अन्य घोषणाओं को अपलोड कर दिया गया। ये सभी द्विभाषी रूप में उपलब्ध हैं और यह तथ्य इस बात का प्रतीक है कि परिषद हिन्दी को न केवल आधिकारिक भाषा के रूप में बल्कि जन भाषा के रूप में बढ़ावा देने पर जोर देती है।

परिषद को उम्मीद है कि प्रेस परिषद कानून में संशोधन के जरिये इसके सशक्तिकरण के लिये सरकार को दिये गये प्रस्तावों पर गंभीरता के साथ विचार– विमर्श होगा जिसके वे हकदार हैं।

2015–16 में मुख्य लक्ष्य हैं :

क – भारतीय प्रेस परिषद के सशक्तिकरण के प्रस्तावों को आगे बढ़ाना।

ख –

1. मीडिया से संबंधित विभिन्न मुद्दों के अध्ययन की रिपोर्ट को अंतिम रूप देना।
2. परिषद के समक्ष दायर शिकायतों के तत्काल निपटान/अधिनिर्णय।
3. प्रेस परिषद की वेबसाइट के माध्यम से प्रेस की अथवा प्रेस के विरूद्ध शिकायतों के संबंध में हुए फैसलों की सूची को अपडेट एवं उपलब्ध करना।
4. मीडिया से संबंधित मुद्दों पर विचार– विमर्श का आयोजन।
5. पुस्कालय का स्वचालन।
6. सभी कर्मचारियों के संबंध में व्यक्तिगत आंकड़ों के साथ सेवा ब्यौरे का डिजिटलीकरण।
7. कार्यालय के महत्वपूर्ण अभिलेखों का डिजिटलीकरण।
8. लेवी रिकॉर्ड, समाचार पत्रों पर लेवी के बकाया शुल्क को वसूल करने के लिये उठाये जाने वाले कदम
9. कार्यालय स्वचालन।
10. एनआईसी/सीसीडब्ल्यू के साथ समन्वय में लैन कनेक्टिविटी।
11. चरणबद्ध तरीके से ई–मंजूरी पर कार्रवाई की शुरूआत।

पत्र सूचना कार्यालय

1 पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) भारत सरकार की एक नोडल एजेंसी है, जो सरकारी नीतियों, कार्यक्रमों और गतिविधियों की जानकारी जनता तक पहुंचाती है। मीडिया (प्रिंट एवं इलेट्रॉनिक) के साथ संवाद के लिये सरकार के मुख्य चैनल के रूप में पत्र सूचना कार्यालय सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और गतिविधियों तथा इसकी सूचना नीति के बारे में जानकारी आम लोगों तक पहुंचाता है। यह इस बुनियादी अवधारणा के आधार पर काम करता है कि किसी भी लोकतंत्र में सरकार को यह सुनिश्चित करना होता है कि प्रेस और अन्य मीडिया के जरिये इसकी नीतियां एवं कार्यक्रम सही तरीके से आम लोगों के समक्ष पेश हों जिनके समर्थन एवं सद्भावना के आधार पर सरकार सत्ता में बनी रहती है।

2. पीआईबी मुख्यालय के अधिकारी विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के संपर्क में बने रहते हैं और मीडिया को संबद्ध मंत्रालयों की गतिविधियों के बारे में सूचित करते रहते हैं। यही नहीं अधिकारी मीडिया के सलाहकार के तौर पर भी कार्य करते हैं और जनपरक नीतियों के प्रचार- प्रसार के लिए मीडिया के साथ तालमेल बनाए रखते हैं।

3. पीआईबी के क्षेत्रीय कार्यालय/शााखाएं कंप्यूटर नेटवर्क से जुड़ी हुई हैं। ब्यूरो का इंटरनेट पर एक होमपेज भी है, जिसे www.pib.nic.in पर देखा जा सकता है। इस पेज पर देश और विदेशों में इस्तेमाल की जा सकने वाली सूचनाएं एवं प्रचार सामग्री मौजूद रहती है। क्षेत्रीय शाखाओं के अलावा पीआईबी की विज्ञप्तियां कंप्यूटर नेटवर्क की बदौलत स्थानीय समाचार पत्रों और स्थानीय संवाददाताओं को भेजी जाती हैं। फीचर और ग्राफिक्स भी इंटरनेट नेटवर्क पर मौजूद रहते हैं।

4. मीडिया प्रतिनिधियों को ब्यूरो कार्यकारी सुविधाएं भी मुहैया कराता है। इसके लिए भारतीय एवं विदेशी मीडिया के पत्रकारों, कैमरामैन, और तकनीशियनों को मान्यता दी जाती है। दिसंबर, 2014 तक 1413 संवाददाताओं और 473 कैमरामैनों को ब्यूरो मुख्यालय से मान्यता दी गई है। इसके अलावा 85 तकनीशियनों, संवाददाता सह कैमरामैन, लंबे समय तक सेवा देने वाले तथा प्रतिष्ठित 19 पत्रकारों एवं 121 संपादकों/मीडिया समीक्षकों को भी मान्यता प्रदान की गयी। भारतीय एवं विदेशी संवाददाताओं की जरूरतों की पूर्ति के लिये नयी दिल्ली में ब्यूरो का राष्ट्रीय प्रेस केन्द्र काम कर रहा है जहां आधुनिक संचार सुविधायें उपलब्ध है। अप्रैल से दिसंबर, 2014 के दौरान 169 संवाददाताओं तथा 53 कैमरोमैनों को नयी मान्यता प्रदान की गयी।

5. मीडिया कर्मियों तक सूचना के प्रेषण के लिये कई तरीके अपनाये जाते हैं। इन तरीकों में प्रेस विज्ञप्तियां और फीचर, प्रेस ब्रीफिंग्स, प्रेस कांफ्रेंस और निर्धारित टूर शामिल हैं।

6. पीआईबी के आउटपुट की मॉनिटरिंग प्रेस विज्ञप्तियों, प्रेस कांफ्रेंसों, फीचरों आदि के आधार पर मीडिया में प्रकाशित स्टोरियों की संख्या के आधार पर तत्काल हो जाती है।

प्रकाशन विभाग

प्रकाशन विभाग देश में सार्वजनिक क्षेत्र में सबसे बड़े प्रकाशकों में से एक है। निदेशालय द्वारा हिन्दी, अंग्रेजी और अन्य भारतीय भाषाओं में प्रकाशित पुस्तकें देश के नागरिकों के अनुरूप होती हैं जो लोगों की समझ का दायरा विस्तृत कर रही हैं।

इस विभाग का उद्देश्य आम लोगों को भारतीय पैनोरमा के विभिन्न पहलुओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में देश की प्रगति के बारे में सही सूचना देने तथा लोगों को इन सब के बारे में अवगत कराने के लिये राष्ट्रीय महत्व तथा विरासत से संबंधित विषयों पर सस्ती पुस्तकों और पत्रिकाओं का उत्पादन और बिक्री करना है। यह राजस्व अर्जित करने वाला विभाग है।

भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक का कार्यालय

भारत के समाचार पत्र पंजीयक कार्यालय की स्थापना जुलाई 1956 को प्रेस और पुस्तक पंजीयन अधिनियम 1867 में संशोधन करके की गई थी। वैधानिक दायित्वों के तहत आरएनआई भारत में प्रकाशित समाचार पत्रों/पत्रिकाओं का सांख्यिकी रेकार्ड बरकरार रखना, नये समाचार पत्रों/पत्रिकाओं के शीर्षकों की जांच करना, प्रकाशकों के प्रसार संबंधी दावों की जांच करना, प्रकाशकों की ओर से प्रस्तुत वार्षिक आंकड़ों का विश्लेषण करना, ''भारत में प्रेस'' के नाम से मुद्रित माध्यम की स्थिति पर वार्षिक रिर्पोट तैयार करना है। आरएनआई गैर–वैधानिक दायित्वों के तहत आरएनआई के तहत पंजीकृत वास्तविक उपयोगकर्ताओं को अखबारी कागजआयात करने के लिए समाचारपत्रों को योग्यता प्रमाण पत्र जारी करती है। इसके अलावा आरएनआई प्रिंटिंग मशीनें (मुद्रण) और अन्य संबंधित सामग्री संबंधी आवश्यक जरूरतों का मूल्यांकन और प्रमाण पत्र जारी करती है।

न्यू मीडिया विंग

1945 में स्थापित गवेषणा, संदर्भ और प्रशिक्षण प्रभाग का नया नाम 'न्यू मीडिया विंग' है। यह सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के लिए सूचना सेवा इकाई के रूप में कार्य करती है। मंत्रालय के कार्यालय आदेश संख्या ए50013/167/2013–एडमिन-IV दिनांक 4 सितंबर, 2013 के अनुसार न्यू मीडिया विंग मंत्रालय में नव गठित सोशल मीडिया स्कंध (सेल) को कार्यात्मक और प्रचालन सहयोग उपलब्ध कराएगा। न्यू मीडिया सेल की अध्यक्षता संयुक्त सचिव (पी एंड ए) करेंगे। ओएसडी(सी) संयुक्त सचिव (पी एंड ए) की सहायता करेंगे। न्यू मीडिया विंग के तहत गवेषणा, संदर्भ और प्रशिक्षण प्रभाग के सभी वर्तमान सदस्य / अवसंरचनात्मक ढांचा शामिल होंगे। मंत्रालय के सोशल मीडिया सेल से जुड़े ग्रेड ए और ग्रेड बी के आईआईएस अधिकारियों को न्यू मीडिया विंग को मजबूती प्रदान करने के लिए विंग के साथ जोड़ा गया है। ये अधिकारी सीधे तौर पर न्यू मीडिया विंग के अतिरिक्त महानिदेशक को रिपोर्ट करेंगे जो आगे मंत्रालय को रिपोर्ट करेंगे। वर्तमान में विंग को सोशल मीडिया के जरिए फेसबुक, यू–ट्यूब और ट्विटर आदि पर प्रचार प्रतिपुष्टि और सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रतिक्रिया प्राप्त करने का नया कार्य सौंपा गया है। इस विंग का कार्य मंत्रालय, इसके माध्यम एककों एवं जन संचार में शामिल अन्य के उपयोग में आने वाला बैकग्राउंड, संदर्भ और शोध सामग्री उपलब्ध कराना और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के माध्यम एककों को प्रकाशित रचनाओं आदि के संबंध में शोध हेतु सामग्री के संकलन और तैयार करने में सहायता प्रदान करना, महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी का एक सार–संग्रह तैयार करना और माध्यम एककों के उपयोग के लिए वर्तमान एवं अन्य विषयों पर मार्गदर्शन और बैकग्राउंड नोट तैयार करना है। अभियान के दौरान माध्यम प्रमुखों के साथ माननीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव एवं अपर सचिव की अध्यक्षता में बैठकों में चर्चा और विवेचना के लिए विभिन्न समाचारपत्रों के विश्लेषणात्मक रिपोर्ट, संस्करणवार रिपोर्ट, वितरण के मुताबिक रिपोर्ट आदि जैसे विभिन्न रिपोर्ट तैयार करती है।

गीत एवं नाटक प्रभाग

गीत एवं नाटक प्रभाग की स्थापना 1954 में संचार उद्देश्यों के लिए प्रचुर लोक परंपरागत स्वरूपों को सामने लाने हेतु एक प्रयोगात्मक इकाई के रूप में की गई। सजीव प्रचार माध्यम, जैसा कि अब बहुत बड़े पैमाने पर पहचाना जाता है, बहुत ही प्रभावशाली साबित हुआ क्योंकि इसने जनसमुदाय के साथ सीधे सम्पर्क के लाभों को अंतर्निहित (inherent) कर लिया और समसामयिक मुद्दों, विचारों एवं तरीकों को प्रतिबद्धता के साथ लागू करने में नम्यता (flexibility) को अपना लिया। दुर्गम पहाड़ी,

मरुस्थल, एलडब्ल्यूई प्रभावित जिलों/क्षेत्रों और सीमा क्षेत्र सहित जमीनी स्तर पर संचार स्थापित करने के लिए इसके क्षेत्र में वृद्धि करने, पहुंच और प्रभाव बढ़ाने हेतु इस प्रभाग के प्रयोजन और आकार में बढ़ोतरी की गई थी। ।

मुख्य सचिवालय की सूचना विंग की स्कीमें

(क) मीडिया इकाइयों सहित (प्रसार भारती को छोड़कर) तीन क्षेत्रों के लिये नीति संबंधित अध्ययन, संगोष्ठी, मूल्यांकन आदि

अर्थव्यवस्था के मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में उच्च विकास क्षमता निहित है। इसीलिए विकास की गति को हासिल करने के लिए और परिभाषित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से फिल्म, सूचना और प्रसारण क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों को क्रियान्वित किया जा रहा है। इस संदर्भ में यह भी जरूरी है कि सतत मूल्याकंन और निगरानी के लिए एक तंत्र की स्थापना की जाये। इस योजना में प्रसार भारती को छोड़कर इन तीन क्षेत्रों के लिये "नीति संबंधी अध्ययन, संगोष्ठी, मूल्याकंन आदि को निम्नलीखित उद्देश्यों के साथ 12 वीं पंचवर्षीय योजना (2012-2017) के दौरान क्रियांवित किया जा रहा है।

- फिल्म, सूचना और प्रसारण में प्रबंध सूचना प्रणाली (एम आई एस) का विकास करने के लिये
- फिल्म, सूचना और प्रसारण क्षेत्र के संबंध में नियामक एवं विकास नीतियों के प्रभावों का अध्ययन और मूल्याकंन करने के लिये
- मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में संगोष्ठी, कार्यशाला, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में पपत्रों की प्रस्तुति आदि में भाग लेने तथा इनका आयोजन करने के लिये
- मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने हेतु गतिविधियां शुरू करने के लिये।

(ख) मानव संसाधन विकास के लिए प्रशिक्षण

सिविल सेवा में बदलाव लाने हेतु, व्यक्ति द्वारा किए जाने वाले कार्यों से उनकी क्षमता का मेल करने और वर्तमान तथा भविष्य की भूमिका के लिए प्रशिक्षण के माध्यम से क्षमता में कमी को दूर करने के लिए एक रणनीतिक मानव संसाधन प्रबंधन तंत्र की आवश्यकता होती है। इन क्षमताओं में नेतृत्व, संचार, वित्तीय और लोक प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी, परियोजना प्रबंधन आदि शामिल हैं। अन्य प्रकार की क्षमताओं में मीडिया प्रबंधन आदि जैसे पेशेवर या विशेष कौशल शामिल हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, सूचना, प्रसारण और फिल्म क्षेत्र के लिए एक अधिकृत मंत्रालय है। मंत्रालय के भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी अपने सेवा काल के दौरान इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट और अंतर्वैयक्तिक मीडिया इकाइयों में पदस्थापित रहते हैं। इसी प्रकार से सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के मुख्य सचिवालय के अधिकारी मीडिया क्षेत्र के लिए नीति निर्माण में संलग्न होते हैं और विभिन्न मीडिया इकाइयों को प्रशासनिक सुविधाएं मुहैया कराते हैं। अधिकारियों को चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने के लिए उनका प्रशिक्षित होना जरूरी है।

विदेश में स्थित संस्थानों में मानव संसाधन विकास के लिए प्रशिक्षण और सेवाकाल में आईआईएस अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण की नियोजित योजना मुख्य सचिवालय द्वारा संचालित की जाती है।

(ग) अंतर्राष्ट्रीय मीडिया कार्यक्रम

यह मंत्रालय द्वारा बारहवीं पंचवर्षीय योजना के तहत लागू की गई नई योजना स्कीम 'मानव संसाधन विकास' के घटकों में से एक है। इस कार्यक्रम में माध्यम विनिमय कार्यक्रम, सूचना एवं फिल्म क्षेत्र तथा अंतर्राष्ट्रीय मीडिया सेमीनारों / कार्यशालाओं के क्षेत्र में सहयोग के लिए संयुक्त कार्य समूह एवं अनुबंध आदि शामिल हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

- राष्ट्रों के बीच बेहतर समझ विकसित करने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानना और मीडियाकर्मियों के बीच घनिष्ठता को बढ़ाकर क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाना तथा एक दूसरे के बारे में सूचना का आदान प्रदान करना।
- लोकतांत्रिक मूल्यों तथा समाज में सहनशीलता को बढ़ाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका की पहचान करना।
- इस योजना का व्यापक उद्देश्य सूचना और जन माध्यमों के क्षेत्र में अन्य देशों के साथ नजदीकी संबंध स्थापित और विकसित करने के सामूहिक उद्देश्य से प्रेरित होकर सूचना और प्रिंट मीडिया के क्षेत्र में बेहतर समझ विकसित कर विभिन्न देशों के बीच दोस्ताना संबंध को मजबूत करना है।
- भारत तथा अन्य देशों के बीच संबंध को मजबूत करना।
- भारत तथा अन्य देशों के बीच जन माध्यमों, प्रसारण और फिल्मों के क्षेत्र में विचार विनिमय को बढ़ावा देना।
- उच्च स्तरीय मीडिया प्रशिक्षण
- आपातकालीन संचार
- सोशल और मल्टीमीडिया प्रशिक्षण

बारहवीं पंचवर्षीय योजना में 1.50 करोड़ रुपये के परिव्यय की योजना है, जिसमें से 15 लाख वर्ष 2015-16 के लिए रखा गया है।

फिल्म क्षेत्र

केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड, मुंबई

फिल्म सेंसर बोर्ड का नाम जून, 1983 में बदलकर केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टीफिकेशन - सीबीएफसी) रखा गया। इस बोर्ड की स्थापना लोक प्रदर्शनी हेतु फिल्मों को प्रमाणित करने के लिए सिनेमैटोग्राफ एक्ट, 1952 की धारा 3 के तहत किया गया।

2. बोर्ड के वर्तमान सदस्यों में एक अध्यक्ष और 24 गैर-कार्यालयी सदस्य होते हैं। बोर्ड का मुख्यालय मुंबई में स्थित है और इसके 9 क्षेत्रीय कार्यालय मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, बेंगलुरू, तिरुवनंतपुरम, दिल्ली, कटक और गुवाहाटी में हैं।

3. प्रमाणीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिष्चित करने के लिए, सीबीएफसी ऑनलाइन प्रमाणीकरण की योजना पर कार्य कर रहा है। सीबीएफसी की गतिविधियां प्रेस विज्ञप्तियों तथा इसके बेबसाइट http://cbfcindia.gov.in के माध्यम से प्रचारित की जाती हैं।

बाल फिल्म समिति, भारत

बाल चित्र समिति, भारत का प्रारंभिक उद्देश्य मूल्य आधारित मनोरंजन को हर बच्चे का अधिकार बनाना, बच्चों के चलचित्रों को बढ़ावा देना और इस अभियान को मजबूती प्रदान करना तथा इस तरह फिल्मों के माध्यम से अच्छे भावी नागरिकों के रूप में बच्चों के विकास में योगदान देना है।

उपर्युक्त उद्देश्यों को निम्नलिखित हिस्सों में बांटा गया है :

1. फिल्मों का निर्माण
2. स्कूलों में फिल्मों का प्रदर्शन और
3. फिल्म समारोह

फिल्मों के निर्माण पर फिल्म जगत की हस्तियों वाली समितियों और फिल्म प्रस्तावों को दाखिल करने के लिए शुरू की गई कंप्यूटरीकरण की प्रक्रिया द्वारा नजर रखी जाती है।

स्कूलों में फिल्में प्रदर्शित करने के लिए, लक्षित बच्चों तक पहुंच बनाने हेतु गैर सरकारी संगठनों और राज्य सरकार के अधिकारियों को शामिल किया गया है। वैबसाइट द्वारा व्यापक प्रचार और निगरानी की जा रही है।

अंतर्राष्ट्रीय सिनेमा को आकर्षित करने और सीएफएसआई द्वारा बनाई गई फिल्मों को मंच उपलब्ध कराने हेतु हर दूसरे वर्ष एक अंतर्राष्ट्रीय बालकेफिल्म समारोह का आयोजन किया जाता है। हर दूसरे वर्ष राष्ट्रीय बाल फिल्म समारोह आयोजित करने का प्रस्ताव किया गया है, ताकि बच्चों के लिए फिल्म बनाने वाले तैयार किये जा सके और जिस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह का आयोजन नहीं किया जा रहा हो, उसमें बच्चों द्वारा निर्मित फिल्मों को प्रचार और पहचान दिलाई जा सके। सीएफएसआई फिल्मों को विपणन और पहुंच के उद्देश्य से सुदूर आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में भाग लेने/प्रतियोगिता में द्यामिल होने हेतु भी भेजा जाता है।

उपयुक्त निगरानी सुनिश्चित करने और सार्वजनिक सूचना प्रणाली तैयार करने के लिए उपर्युक्त सभी गतिविधियां सीएफएसआई की वेबसाइट पर विस्तृत रूप से प्रदर्शित की गई हैं।

फिल्म समारोह निदेशालय

फिल्म समारोह निदेशालय की स्थापना देश में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के फिल्म समारोह आयोजित करने के उद्देश्य से की गई थी। फिल्म समारोह निदेशालय विदेश में होने वाले फिल्म समारोह में भारत की भागीदारी, सांस्कृतिक भागीदारी के तौर पर भारत में विदेशी फिल्मों और भारतीय फिल्मों के विदेश में प्रदर्शन के साथ-साथ राष्ट्रीय फिल्म अवॉर्ड समारोह भी आयोजित करता है।

सांस्कृतिक विनिमय के वाहक के तौर पर फिल्म समारोह निदेशालय अंतरराष्ट्रीय मित्रता का प्रसार करता है, विश्व सिनेमा के नये चलन तक पहुंचने का रास्ता बनाता है, स्वस्थ प्रतियोगिता का माहौल बनाता है और भारतीय फिल्मों का स्तर सुधारने में मदद करता है।

1. फिल्म समारोह निदेशालय निम्नलिखित मुख्य आयोजन करता है:

1. राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

2. विदेशी फिल्म समारोह में भागीदारी

3. भारतीय फिल्मों का चयन

4.सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम

5. भारत के अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह

इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया से जुड़ी गतिविधियां, भारतीय फिल्मों का चयन और विदेशी फिल्म समारोहों में भागीदारी अन्य बातों के साथ-साथ मुख्य सचिवालय के अंतर्गत श्भारत और विदेश में फिल्म समारोह और फिल्म बाजार के द्वारा 12वी योजना 'फिल्म संबंधी विषयों के विकास, संचार और प्रचार' का अहम घटक तैयार करती है।

12वीं योजघ्ना 'फिल्म क्षेत्र से संबंधी ढांचागत विकास' के घटक 'सिरी फोर्ट कॉम्पलेक्स' के उन्नतिकरण के अंतर्गत सिरी फोर्ट प्रेक्षागृह में मिलने वाली सुविधाओं में नियमित सुधार के अलावा यह योजना सिरी फोर्ट सांस्कृतिक कॉम्पलेक्स के संपूर्ण परिवेश में सुधार का ध्यान रखती है, प्रोजेक्शन सिस्टम में सुधार और उन्नतिकरण, साउंड, लाइटिंग और कम्युनिकेशन सिस्टम में सुधार के साथ-साथ बिजनेस प्रमोशन और इसके द्वारा प्रेक्षागृह को नई तकनीक से लैस करना, ताकि प्रेक्षागृह के उपयोग अनुकूल स्तर तक बढ़ाकर इससे सरकार को ज्यादा राजस्व उपलब्ध कराया जा सके।

2. इन मुख्य गतिविधियों के बारे में जनता को निम्नलिखित तरीकों द्वारा जानकारी दी जाती है-

1. पीआईबी द्वारा नियमित प्रेस रिलीज

2. डीएवीपी द्वारा अखबारों में नियमित विज्ञापन

3. डीएवीपी के कार्यक्रमों द्वारा बैनर और पोस्टर का प्रदर्शन

4. आयोजनों के दौरान समारोह प्रकाशन जारी करना

5. भारत में विदेशी शिष्टमंडल और विदेश में भारतीय शिष्टमंडल को सूचना

6. वेबसाइट http://www-dff-nic-in पर भी सूचना दी जाती है

भारत का फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे

सूचना व प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, पुणे फिल्म और टीवी कार्यक्रम निर्माण की कला और तकनीक के क्षेत्र में प्रशिक्षण देने वाला एक प्रमुख संस्थान है। आगामी अध्याय योजना, गैर योजना आवंटन, संस्थान के कार्य, विभिन्न गतिविधियों के प्रस्तावित लक्ष्य, बीते सालों के दौरान प्राप्त किए गए लक्ष्य, पूर्व कामकाज की समीक्षा, प्रस्तावित नीतियों की अगुवाई पर चर्चा की गई है। प्रिंट मीडिया और वेबसाइट पर भी कोर्स या विज्ञापन को विस्तृत कवरेज देने और पारदर्शिता का एक आदर्श स्तर प्राप्त करना भी इसके लक्ष्यों में शामिल हैं। इस संस्थान की सभी गतिविधियां सार्वजनिक रूप से एफटीआईआई की वेबसाइट www.ftiindia.com पर दी गई हैं।

फिल्म प्रभाग

फिल्म डिविजन अप्रैल 1948 में व्यवहार में आया था। उसका मुख्यालय मुंबई में है और राज्य की राजधानियों और मुख्य शहरों में 10 वितरण शाखाओं के अतिरिक्त तीन प्रोडक्शन केंद्र बंगलुरु, कोलकाता और नई दिल्ली में स्थित हैं। फिल्म डिविजन डॉक्यूमेंट्री, शॉर्ट और एनिमेशन फिल्मों का निर्माण और संरक्षण करता है। इनके विषय खेती से लेकर कला, संस्कृति और उद्योग जगत से लेकर स्वास्थ्य, आवास, विज्ञान और तकनीक जैसे सामाजिक मुद्दों पर आधारित होते हैं।

देश में डॉक्यूमेंट्री, शॉर्ट और एनिमेशन फिल्मों का प्रसार करने की दृष्टि से फिल्म डिविजन द्विवार्षिक मुंबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन करता है।

फिल्म डिविजन की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जनता तक सूचना विभिन्न तरीकों से पहुंचाई जाती है।

- पीआईबी के जरिये नियमित रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी करना।
- फिल्म डिविजन की वेबसाइट www.filmsdivision.org द्वारा सूचना
- सोशल नेटवर्किंग साइट्स के जरिये।

भारत का राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार, पुणे

एनएफएआई देश की फिल्म विरासत के संरक्षण के लिए जिम्मेदार अंतरराष्ट्रीय ख्याति का एक संगठन है। अपने उद्देश्य को प्राप्त करने की दिशा में एनएफएआई विभिन्न योजनाओं, जिनमें अभिलेखीय सामग्री का अधिग्रहण और संरक्षण के लिए और बुनियादी ढांचे का निर्माण शामिल है, प्रयासरत है। साल 2015-16 के दौरान एनएफएआई परिकल्पित योजनाओं को पूरा करने के लिए निम्नलिखित दो योजनाओं के क्रियान्वयन का प्रस्ताव रखता है-

1) अभिलेखीय फिल्म और फिल्म सामग्री का अधिग्रहण

2) जयकर बंगला समेत एनएफएआई के बुनियादी ढांचे का उन्नयन और डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना

एनएफएआई की योजना योजनाओं की प्रगति पर नियमित रूप से मासिक / तिमाही / छमाही भौतिक और वित्तीय प्रगति स्टेटमेंट्स के माध्यम से मंत्रालय द्वारा नजर रखी जाती है। विभिन्न गतिविधियों की प्रगति की सूचना एनएफएआई द्वारा विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों के अंतर्गत शुरू की जाती है और यह एनएफएआई की वेबसाइट 'nfaipune.gov.in' पर उपलब्ध है।

सत्यजित रे फिल्म और टेलीविजन संस्थान, कोलकाता

सत्यजित रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, कोलकाता सूचना व प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला दूसरा राष्ट्रीय स्तर का संस्थान है, जो फिल्म और टेलीविजन कार्यक्रम निर्माण से जुड़ी कला व तकनीक में प्रशिक्षण देता है। आगामी अध्याय योजना, गैर योजना आवंटन, संस्थान के कार्य, विभिन्न गतिविधियों के प्रस्तावित लक्ष्य, बीते सालों के दौरान प्राप्त किए गए लक्ष्य, पूर्व कामकाज की समीक्षा, प्रस्तावित नीतियों की अगुवाई पर चर्चा की गई है। प्रिंट मीडिया और वेबसाइट पर भी कोर्स या विज्ञापन को विस्तृत कवरेज देने और पारदर्शिता का एक आदर्श स्तर प्राप्त करना भी इसके उद्देश्य में शामिल है। इस संस्थान की सभी गतिविधियां सार्वजनिक रूप से एसआरएफटीआई की वेबसाइट srfti.ac.in पर दी गई हैं।

मुख्य सचिवालय-फिल्म विंग स्कीम

(क) एंटी पाइरेसी पहल

जबकि, उपभोक्ता चोरी के विभिन्न रूपों में निष्क्रिय भागीदारी कर रहे हैं, अत: अर्थव्यवस्था पर चोरी के प्रभाव हेतू उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता पैदा करने की अविलम्ब आवश्यकता है। अत: ये प्रस्तावित किया गया है कि 12वीं योजना के समयावधि के दौरान फिल्म और संगीत उद्योग से सभी हितधारकों को सम्मिलित करते हुए, मल्टी मीडिया अभियान सहित एक प्रभावशाली और सम्मिलित प्रचार अभियान किया जायेगा. साथ हीं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और भारतीय अर्थव्यवस्था पर नघ्ल के वास्तविक अनुमान के आकलन हेतू अनुसंधान और विकास शुरू करने की जरूरत है।

पायरेसी विरोधी योजना का लक्ष्य निम्नलिखित गतिविधियों पर सहयोग प्रदान करना होगा:

अ) पायरेसी से सम्बन्धित मल्टी मीडिया अभियानों का प्रसार

ब) प्रशिक्षण कार्यक्रमओं और कार्यशालाओं का आयोजन कॉपीराइट अधिनियम के बारे में पुलिस, न्यायिक और प्रशासनिक अधिकारियों ने संवेदनशील बनाने के लिए।

स) पायरेसी के प्रभाव पर संसोधन का संचालन और पायरेसी का सामना करने हेतू विकास को सशक्त करना और साथ हीं सार्वजनिक-निजी रणनीति का कार्यान्वयन करना।

(ख) फिल्म सामग्री का विकास, संचार एवं प्रसार

उत्पादन, प्रसार और भारतीय फिल्मों के संरक्षण के लिए सूचना व प्रसारण मंत्रालय और मीडिया इकाइयों की गतिविधियों के साथ तालमेल बिठाने की दृष्टि से 12 वीं योजना के दौरान "फिल्म संबंधी विषयों के विकास, संचार और प्रचार" नामक एक विस्तृत परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस परियोजना के घटक इस प्रकार हैं-

1. फिल्म समारोह और फिल्म बाजार के माध्यम से भारत और विदेश में भारतीय सिनेमा का प्रसार
2. विभिन्न भारतीय भाषाओं में फिल्म और डॉक्यूमेंट्री का निर्माण
3. भारतीय सिनेमा की एक सदी का उत्सव
4. फिल्म प्रभाग की फिल्म अभिलेखागार की वेबकास्टिंग।
5. अभिलेखीय फिल्मों और फिल्म सामग्री का अधिग्रहण

इन योजनाओं का क्रियान्वयन निम्नलिखित मीडिया इकाइयों द्वारा किया जा रहा है-

1. फिल्म समारोह निदेशालय
2. सीएफएसआई
3. फिल्म्स डिविजन
4. एनएफएआई

5. एनएफडीसी

2. इन मुख्य गतिविधियों के बारे में जनता को निम्नलिखित तरीकों द्वारा जानकारी दी जाती है-

1. पीआईबी द्वारा नियमित प्रेस रिलीज

2. डीएवीपी द्वारा अखबारों में नियमित विज्ञापन

3. डीएवीपी के कार्यक्रमों द्वारा बैनर और पोस्टर का प्रदर्शन

4. आयोजनों के दौरान समारोह प्रकाशन जारी करना

5. वेबसाइट http://www-dff-nic-in पर भी सूचना दी जाती है।

(ग) राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन

भारत में चलचित्र निर्माण की शुरुआत के बाद से 1930 और 1931 के बीच लगभग 1300 मूक फिल्मों का निर्माण किया गया है और साल 2010 तक 40,000 से ज्यादा फीचर फिल्म बनाई जा चुकी हैं। इसके साथ ही वर्तमान में भारत में हर साल लगभग 900 शॉर्ट फिल्में और डॉक्यूमेंट्री बनाई जाती हैं। सरकार देश की इस फिल्म विरासत को डिजिटलाइजेशन और पुन:संग्रहण के जरिये सहेजने के लिए योजनारत है।

इस योजना का लक्ष्य है प्रिजर्वेशन विदआउट एरर, एक्सेस विदआउट एंड। इसके अनुसार इसमें 12वीं योजना के काल के दौरान निम्नलिखित लक्ष्यों के क्रियान्वयन के लिए एक राष्ट्रीय फिल्म विरासत अभियान तैयार करने का प्रस्ताव दिया गया है।

1) फिल्म संग्रहण की फिल्म स्थिति का जायजा लेना और फिल्म की बाकी बची अवधि को सुनिश्चित करना।

2) 1,32,000 फिल्म रीलों का बचाव संरक्षण

3) 1050 ऐतिहासिक फीचर फिल्मों की 2के/4के तस्वीरें और ध्वनि संग्रहण और भारतीय सिनेमा के 960 शॉर्ट्स और प्रत्येक फिल्म की नई तस्वीरों की रिकॉर्डिंग और साउंड इंटर-नेगेटिव।

4) 1050 फीचर फिल्मों और 1200 शॉर्ट्स का डिजिटाइजेशन

5) एनएफएचएम के अंतर्गत संग्रहित की गई सामग्री के लिए धूलरहित, न्यून नमी और तापमान वाले वातावरण में एनएफएआई,पुणे के कैंपस में अभिलेखीय और संरक्षण सुविधाओं का निर्माण।

6) इस क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाली अंतरराष्ट्रीय समितियों के साथ तालमेल के जरिये अभिलेखन, संग्रहण और संरक्षण के क्षेत्र में प्रशिक्षण कार्यशाला और पाठ्यक्रम।

राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन के अंतर्गत भारतीय फिल्म विरासत के संरक्षण और संग्रहण का कार्य अभियान के तौर पर शुरू करना 2014-15 से 2020-21 तक किया जाना है। यह योजना 12 वीं पंचवर्षीय के दौरान कुल 597.41 करोड़ से 291 करोड़ की कुल लागत और 13वीं परियोजना के दौरान 306.41 करोड़ की लागत के अनुसार परिकल्पित की गई है।

(घ) ऐनिमेशन, गेमिंग और विशेष प्रभावों के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना

एनीमेशन, गेमिंग और वीएफएक्स सेक्टर की उत्कृष्टता हेतु केंद्र की स्थापनाः

वैश्विक मनोरंजन के क्षेत्र में एनिमेशन और गेमिंग विकास और सफलता के क्षेत्र में एक सफल विस्तार के रूप में उभरा है। यद्यपि, इस उद्योग में यह स्वीकार किया गया है कि इस कार्यक्षेत्र में विकास की जबरदस्त संभावना है, इस विकास को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त मानव शक्ति इस उद्योग के भविष्य की सफलता की कुंजी है। एनिमेशन और गेमिंग हेतु प्रशिक्षित श्रमशक्ति की मांग तात्कालिक आपूर्ति से काफी अधिक है और प्रतिभाओं कि गैर उपलब्धता भारतीय संगठनों की एक प्रमुख चुनौती है। अत: इस क्षेत्र को प्राथमिकता के आधार पर ध्यान देने की जरूरत है। विशेषत:, अन्य एशियाई बाजारों से मुकाबले की दृष्टि में।

अत:, सूचना और प्रषारण मंत्रालय के अंतर्गत एनीमेशन, गेमिंग और वीएफएक्स सेक्टर की उत्कृष्टता हेतु केंद्र की स्थापना प्रस्तावित की गई है। इसके लिए एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा चुका है और योजना आयोग ने इस परियोजना के लिए 12 वीं योजना परिव्यय को समत्ति दे दी है। पंजाब सरकार ने मोहाली में इस केंद्र हेतु 12 एकड़ जमीन नि:शुल्क आवंटित की है।

अग्रकालिक योजना में, एनीमेशन, गेमिंग और वीएफएक्स सेक्टर की उत्कृष्टता हेतु केंद्र की स्थापना हेतु पूर्ण परिव्यय 57 करोड़ प्रस्तावित किया गया है। यह परियोजना सार्वजनिक निजी भागीदारी प्रणाली पर चलाने हेतु प्रस्तावित की गई है।

प्रसारण क्षेत्र

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मॉनिटरिंग केंद्र (ईएमएमसी)

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मॉनिटरिंग सेंटर(ईएमएमसी) का गठन चैनलों की रिकॉर्डिंग और 24x7 निगरानी रखने के मकसद से किया गया। 12वीं पंचवर्षीय योजना के तहत चैनलों की संख्या 300 से बढ़ाकर 1500 करने की योजना पर ईएमएमसी को भी निगरानी के लिए अपनी क्षमता में विस्तार करना है। 600 टीवी चैनलों की मौजूदा निगरानी क्षमता बढ़ाकर 900 टीवी चैनल करने पर काम चल रहा है। सुचारू रूप से चलने वाली ईएमएससी एक मॉडल मॉनिटरिंग सेंटर बन जाने से सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय महत्वपूर्ण टीवी चैनलों, निजी एफएम चैनलों और सामुदायिक रेडियो स्टेशनों पर नजर रख सकेगा। इस सेंटर के बन जाने से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उचित विषय सामग्री के उल्लंघन पर कंट्रोल किया जा सकेगा।

प्रसार भारती

प्रसार भारती, देश में लोक सेवा प्रसारक है। उसके दो संघटक –आकाशवाणी और दूरदर्शन हैं। प्रसार भारती 23 नवम्बर 1997 को अस्तित्व में आया। इसका उद्देश्य जनता को सूचना देने, शिक्षित करने और उसका मनोरंजन करने वाली लोक प्रसारण सेवाओं का आयोजन और संचालन करना तथा देश में प्रसारण का संतुलित विकास सुनिश्चित करना है।

संगठनात्मक ढांचा

निगम के मामलों का सामान्य अधीक्षण, निर्देशन और प्रबंधन प्रसार भारती बोर्ड करता है। बोर्ड समय-समय पर बैठकें करता है और महत्वपूर्ण नीतिगत मुद्दों पर विचार-विमर्श करता है व नीतियों के कार्यान्वयन के लिए अधिकारियों को निर्देश देता है। कार्यकारी सदस्य निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में कार्य करते हैं और बोर्ड का नियंत्रण और निरीक्षण करते हैं। सीईओ बोर्ड के उन अधिकारों का इस्तेमाल और उन दायित्वों का निर्वहन करते हैं, जो उन्हें बोर्ड द्वारा प्रदत्त किये जाते हैं। प्रसार भारती के दो स्कंध - आकाशवाणी और दूरदर्शन हैं, जिनका नेतृत्व महानिदेशक स्तर के अधिकारियों के हाथ में है।

आकाशवाणी और दूरदर्शन के महानिदेशक बोर्ड के नीति-निर्देशों और आकाशवाणी एवं दूरदर्शन की रोजमर्रा के मामलों के प्रबंधन के लिए सदस्य (वित्त), सदस्य (कार्मिक) और सीईओ के निकट सहयोग से कार्य करते हैं। आकाशवाणी और दूरदर्शन में, विभिन्न गतिविधियों, जैसे प्रोग्राम, इंजीनियरिंग, प्रशासन और वित्त के लिए मोटे तौर पर चार अलग-अलग स्कंध हैं। इनके अतिरिक्त, दोनों निदेशालयों में एक-एक समाचार सेवा प्रभाग भी है, जिनकी कमान भारतीय सूचना सेवा के अधिकारियों के हाथ में होती है।

उपरोक्त निर्दिष्ट भरे हुए और रिक्त पद सदैव अपरिवर्तित नहीं रहते और समय-समय होने वाली नियमित सेवानिवृत्ति और प्रसार भारती द्वारा की जाने वाली नयी भर्तियों की वजह से बदलते रहते हैं।

आकाशवाणी और दूरदर्शन प्रसार भारती के दो संघटक हैं, जिनका देश भर में स्टेशनों, केंद्रों और अन्य प्रतिष्ठानों वाला विशाल नेटवर्क है, उनका संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित है :

निदेशालय	इकाई	ट्रांसमीटर्स/प्रतिष्ठान					
	स्टेशन	एमडब्ल्यू	एफएम	एसडब्ल्यू		कुल	आरएनयू
आकाशवाणी	413	145	391	48		584	45
	केंद्र	एपीटी	एलपीटी	वीएलपीटी	टीआरपीएसआर		आरएनयू
दूरदर्शन	67	215	811	372	18	1416	29
कुल	480	360	1202	420	18	2000	74

सरकार ने 12वीं पंचवर्षीय योजना के लिए शुरुआत में 5583 करोड़ रुपये के कुल बजट को स्वीकृति दी थी, जिसमें से 2633 करोड़ रुपये का परिव्यय जारी योजनाओं के लिए और 2950 करोड़ रुपये नई योजनाओं के लिए था। इसे संशोधित कर 3826 करोड़ रुपये कर दिया गया है जिसमें से 2614.86 करोड़ रुपये जारी योजनाओं के लिए और 1211.14 करोड़ रुपये नई योजनाओं के लिए हैं। अन्य कार्यों में 3826 करोड़ रुपये का संशोधित परिव्यय है, जिसमें से 3500 करोड़ रुपये की राशि व्यापक योजनाओं 'प्रसारण अवसंरचना नेटवर्क विकास' के लिए, 186 करोड़ रुपये की राशि 'विषयवस्तु विकास एवं प्रसार' के लिए और 140 करोड़ रुपये की राशि 'विशेष परियोजनाओं' के लिये निर्धारित की गई। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2014-15 की वार्षिक योजना के दौरान किसान चैनल के लिए 100 करोड़ रुपये का परिव्यय स्वीकृत किया गया, जो वर्तमान सरकार की नयी पहल है। इससे 12वीं पंचवर्षीय योजना में प्रसार भारती का कुल परिव्यय बढ़कर 3926 करोड़ रुपये हो गया है।

वर्ष 2015-16 की वार्षिक योजना के लिए स्वीकृत कुल परिव्यय 605.03 करोड़ रुपये है, जिसमें से 35 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता-साधारण, योजना-किसान चैनल के लिए और 570.03 करोड़ रुपये का अनुदान 'प्रसारण अवसंरचना नेटवर्क विकास' योजना के अंतर्गत पूंजीगत संपत्ति तैयार करने (जीसीसीए) के लिए है। पूंजीगत

संपत्ति तैयार करने हेतु अनुदान में 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किसान चैनल के लिए और 10 लाख रुपये की राशि विशेष परियोजनाओं के अंतर्गत आकाशवाणी के ऑडिटोरियम के लिए है।

आकाशवाणी

प्रसार भारती का अभिन्न अंग आकाशवाणी (एआईआर), प्रसार भारती अधिनियम, 1990 में दिए गए अधिदेश के तहत कार्य करता है। आकाशवाणी, देश भर में फैले विभिन्न स्टेशनों से प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से जनता को सूचना देता है, शिक्षित करता है और उसका मनोरंजन करता है। यह ध्वनि प्रसारण के माध्यम से देश के सभी लोगों को सरकारी नीतियों, योजनाओं, कार्यक्रमों और उपलब्धियों की जानकारी देता है। इसके कार्यक्रम संस्कृति शिक्षा, विज्ञान, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सामाजिक-आर्थिक मुद्दों, महत्वपूर्ण समाचार और प्रासंगिक रुचि की समसामयिक घटनाओं पर आधारित होते हैं। यह शिक्षा और राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहित करने के लिए अपने प्रसारण के माध्यम से विभिन्न दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि कार्यक्रम संतुलित और निष्पक्ष हैं। आकाशवाणी, प्रसारण भाषाओं (22) और बोलियों (146), अपनी सेवाओं के दायरे में आने वाली सामाजिक-आर्थिक एवं सांस्कृतिक विविधता की रेंज के संदर्भ में दुनिया के सबसे बड़े प्रसारण नेटवर्कों में से एक है। इसकी घरेलू सेवाओं में देशभर संचालित में 145 एमवी 391 एफएम और 48 एसडब्ल्यू ट्रांसमीटरों वाले 413 स्टेशन शामिल है। इनके अलावा महानिदेशक (समाचार), आकाशवाणी के अंतर्गत 44 आरएनयू कार्य कर रहे है, जिसका विवरण **अनुलग्नक-1** में दिया गया है। आकाशवाणी के प्रसारण का दायरा देश के 92 प्रतिशत भूभाग और 99.19 प्रतिशत आबादी तक फैला है।

वार्षिक योजना 2015-16 के लिए आकाशवाणी का स्वीकृत परिव्यय 260.01 करोड़ रुपये है जिसमें 260.01 करोड़ रुपये का आवंटन पूंजी घटक के अंतर्गत 'प्रसारण अवसंरचना नेटवर्क विकास' के लिए है। इस योजना में मुख्य रूप से आकाशवाणी नेटवर्क के डिजिटलीकरण, सीमावर्ती क्षेत्रों में आकाशवाणी/दूरदर्शन की कवरेज के सुदृढ़ीकरण, एफएम सेवा के विस्तार और ई-गवर्नेंस पर बल दिया गया है। संचालित की जाने वाली इन गतिविधियों का विवरण **अध्याय-2** में दिया गया है।

सार्वजनिक प्रसारक के रूप में अपने दायित्व पूरे करने के लिए संगठन के और आगे विकास करने से संबंधित नीतिगत फैसलों के आधार पर आकाशवाणी द्वारा विभिन्न तरह की पहल की गई हैं। इन्हें आम जनता और विशेष लक्षित समूहों, जैसे अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के कल्याण की जरूरतों, महिला सशक्तीकरण और उत्तर-पूर्व के विकास को ध्यान में रखकर लागू किया जाता है। (**अध्याय-3**)

वार्षिक योजना 2013-14 और 2014-15 के दौरान वास्तविक एवं वित्तीय कार्य निष्पादन का योजना-वार विवरण अध्याय-4 में दिया गया है। आकाशवाणी के लिए वार्षिक योजना 2013-14 का स्वीकृत परिव्यय 318.50 करोड़ रुपये था और खर्च 269.18 करोड़ रुपये था। इसी प्रकार, वार्षिक योजना 2014-15 का कुल परिव्यय 227.01 करोड़ रुपये है जिसमें से नवम्बर 2014 तक 149.28 करोड़ रुपये खर्च किये गये।

निगरानी प्रणाली

आकाशवाणी की सभी योजना स्कीमों के कार्य निष्पादन का आकलन उसके द्वारा मंत्रालय को सौंपे जाने वाले मासिक खर्च के विवरण के माध्यम से किया जाता है और खर्च में हुई प्रगति और मंत्रालय द्वारा निर्धारित अन्य शर्तों के पूरा होने के आधार पर प्रसार भारती को अनुदान जारी किया जाता है। इसके अतिरिक्त, सरकार/योजना आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप में अर्द्धवार्षिक कार्य निष्पादन रिपोर्ट (एचपीआर) तैयार की जाती है। प्रसार भारती (आकाशवाणी) के वित्तीय कार्य निष्पादन के योजना-वार विवरण की नियमित निगरानी सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के योजना समन्वयन प्रकोष्ठ द्वारा मासिक वक्तव्य के माध्यम से की जाती है।

सदस्य (वित्त), प्रसार भारती, योजनाओं की प्रगति की नियमित निगरानी करते हैं और जहां कहीं आवश्यकता होती है, सुधार के उपाय करते हैं।

आरएफडी में शामिल की गई योजनओं की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी भी नामित किये गये।

वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के लिए आकाशवाणी और दूरदर्शन के महानिदेशकों के वित्तीय अधिकार 20 करोड़ रुपये कर दिये गये हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने जनवरी, 2012 को वस्तुओं और सेवाओं की खरीद हेतु प्रसार भारती बोर्ड के लिए वित्तीय अधिकार 300 करोड़ रुपये के वर्धित वित्तीय अधिकार प्रदत्त किये थे।

योजनाओं के लिए खरीद और अन्य सभी प्रमुख गतिविधियों के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है और उसकी प्रगति की भी तय कार्यक्रम के अनुसार निगरानी की जाती है। उपकरण की खरीद संबंधी प्रक्रिया को बेहतर और पारदर्शी बनाने के लिए ई-निविदा प्रणाली अपनायी गई है।

उपरोक्त के अलावा, परियोजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों और सिविल निर्माण प्रकोष्ठ में नियमित समीक्षा बैठकें होती हैं।

दूरदर्शन

भारत में दूरदर्शन प्रसारण की शुरुआत सितंबर 1959 में, दिल्ली में प्रायोगिक ट्रांसमिशन के साथ हुई जिसे बाद में 1965 में नियमित सेवा के तौर पर उन्नत किया गया। अप्रैल 1976 तक दूरदर्शन आकाशवाणी का ही हिस्सा रहा, तत्पश्चात इसे अलग किया गया और महानिदेशक की अध्यक्षता में इसे अलग विभाग बना दिया गया। रंगीन टीवी और राष्ट्रीय नेटवर्क की शुरुआत 1982 में की गई। तब से दूरदर्शन प्रसारण के क्षेत्र में नयी तकनीकी विकास के साथ अपना नेटवर्क पूरे देश में फैला रहा है। दूरदर्शन वर्तमान में 33 सेटेलाइट चैनलों का संचालन करता है और उसका 67 स्टूडियो और 1416 ट्रांसमीटरों वाला विशाल नेटवर्क है, जो देश की करीब 92 प्रतिशत आबादी तक दूरदर्शन की पहुंच उपलब्ध करवा रहा है। इसके अलावा समाचार एवं समसामयिक मामलों के प्रसार के लिए महानिदेशक (समाचार), दूरदर्शन के तहत देश में 29 आरएनयू का संचालन हो रहा है।

इसके अलावा दूरर्दशन फ्री-टू-एयर डीटीएच सेवा उपलब्ध करवा रहा है। आज दूरदर्शन की गणना दुनिया के प्रमुख प्रसारण संगठनों में होती है।

दूरदर्शन के सेटेलाइट चैनल

दूरदर्शन वर्तमान में 33 सेटेलाइट चैनलों का संचालन करता है। इनका विवरण इस प्रकार है:-

अखिल भारतीय चैनल	**5**	डीडी नेशनल डीडी स्पोर्ट्स	डीडी उर्दू डीडी न्यूज	डीडी भारती	
क्षेत्रीय चैनल	**16**	डीडी पोगाली डीडी मलयालम डीडी बिहार डीडी गुजराती (गिरनार)	डीडी पूर्वोत्तर डीडी चंदना डीडी सह्याद्रि डीडी यूपी	डीडी ओडिया डीडी राजस्थान डीडी कश्मीर डीडी एमपी	डीडी बांग्ला डीडी पंजाबी डीडी यादागिरी डीडी सप्तगिरी
राज्य नेटवर्क	**11**	उत्तराखंड झारखंड मेघालय छत्तीसगढ़	अरुणाचल प्रदेश हिमाचल प्रदेश त्रिपुरा मणिपुर	मिज़ोरम नागालैंड हरियाणा	
अंतर्राष्ट्रीय चैनल	**1**	डीडी इंडिया			

दूरदर्शन नेटवर्क

कार्यक्रम निर्माण केंद्र

देशभर में इन-हाउस कार्यक्रम निर्माण के लिए 67 स्टूडियो केंद्र हैं इनमें राज्यों की राजधानियों में 17 बड़े स्टूडियो केंद्र, गुवाहाटी में एक क्षेत्रीय निर्माण केंद्र और देश के विभिन्न भागों में 49 अन्य स्टूडियो केंद्र शामिल हैं।

भूभागीय ट्रांसमीटर

भूभागीय कवरेज के लिए, देश भर में अलग-अलग क्षमता के 1416 ट्रांसमीटर लगाये गए हैं। ये सभी चालू हैं। इन ट्रांसमीटरों का ब्यौरा इस प्रकार **है:**

सेवा	एचपीटी	एलपीटी	वीएलपीटी	ट्रांसपोटर	कुल
डीडी1 ट्रांसमीटर	138	733	355	18	1244
डीडी समाचार ट्रांसमीटर	73	78	17	–	168
अन्य ट्रांसमीटर (डिजीटल)	4	–	–	–	4
कुल	215	811	372	18	1416

राज्यवार स्थापित ट्रांसमीटरों की संख्या **अनुलग्नक-2** में दी गई है। भूभागीय मोड में डीडी-1 (राष्ट्रीय) चैनल की कवरेज का दायरा देश की करीब 92 प्रतिशत आबादी तक उपलब्ध है। डीडी न्यूज चैनल की भूभागीय कवरेज अनुमानित रूप से करीब 49 प्रतिशत आबादी तक उपलब्ध है। डीडी-1 और डीडी-न्यूज की क्षेत्र वार कवरेज क्रमश: 81 प्रतिशत और 26 प्रतिशत है।

फ्री-टू-एयर डीटीएच ''डीडी फ्री डिश''

दूरदर्शन ने अपनी फ्री-टू-एयर डीटीएच सेवा, ''डीडी डायरेक्ट प्लस'' (हाल ही में इसका नाम बदलकर ''डीडी फ्री डिश''कर दिया गया)दिसम्बर 2004 में 33 टीवी चैनलों के समूह के साथ शुरू की। इस सेवा का मुख्य उद्देश्य अब तक भू-भागीय प्रसारण से अछूते रह गये क्षेत्रों को टेलीविजन कवरेज उपलब्ध कराना था। इसके बाद डीटीएच प्लेटफार्म की क्षमता बढ़ाकर इसमें 59 टेलीविजन चैनल शामिल कर लिए गए। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को छोड़कर डीटीएच सिग्नल (केयू-बैंड) देश के सभी हिस्सों में छोटे आकार की डिश के जरिए उपलब्ध हैं। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में सितम्बर 2009 में सी-बैंड के साथ 10 चैनलों वाली डीटीएच सेवा शुरू की गई।

वार्षिक योजना 2015-16 में दूरदर्शन के लिए स्वीकृत परिव्यय 345.02 करोड़ रुपये है। इसमें 35 करोड़ रुपये विशिष्ट तौर पर किसान चैनल के लिए सहायता अनुदान सामान्य और 310.02 करोड़ रुपये पूंजी परिसम्पत्ति (किसान चैनल के लिए 10 करोड़ रुपये सहित) के अंतर्गत 'प्रसारण अवसंरचना नेटवर्क विकास' के अंतर्गत कवर की जाने वाली योजनाओं हेतु अनुदान सहायता के लिए हैं। इस योजना में मुख्य रूप से दूरदर्शन नेटवर्क के डिजिटलीकरण, डीटीएच का विस्तार, एचडीटीवी का विस्तार, दूरदर्शन स्टूडियो, ट्रांसमीटर और सेटेलाइट प्रसारण उपकरण का आधुनिकीकरण और भारत-नेपाल सीमा पर दूरदर्शन के कवरेज के सुदृढ़ीकरण पर बल दिया गया है। इस तरह, 35 करोड़ रुपये का शेष परिव्यय किसान चैनल के लिए विषयवस्तु विकास एवं प्रसार हेतु आवंटित किया गया है। (**अध्याय-2)**

वार्षिक योजना 2013-14 और 2014-15 के दौरान वास्तविक एवं वित्तीय कार्य निष्पादन का योजना-वार विवरण **अध्याय-4** में दिया गया है। वार्षिक योजना 2013-14 में स्वीकृत परिव्यय 395.50 करोड़ रुपये और खर्च 365.59 करोड़ रुपये था। इसी प्रकार, वार्षिक योजना 2014-15 में कुल परिव्यय 278.02 करोड़ रुपये मंजूर किया गया जिसमें से नवम्बर 2014 तक 126.63 करोड़ रुपये खर्च किये गये।

निगरानी की व्यवस्था

प्रत्येक वर्ष दूरदर्शन की सभी प्रमुख परियोजनाओं के संदर्भ में निर्धारित लक्ष्यों की निगरानी क्षेत्रीय कार्यालय के साथ-साथ निदेशालय द्वारा की जाती है, ताकि उन्हें समय पर संपन्न किया जा सके और अतिरिक्त समय और लागत को रोका जा सके। सिविल कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए क्षेत्रीय एडीजी (ई) सीसीडब्ल्यू अधिकारियों के साथ नियमित बैठकें करते हैं। ई-इन-सी स्तर पर निदेशालय, क्षेत्रीय कार्यालय और सीसीडब्ल्यू के अधिकारियों के साथ नियमित रूप से परियोजना समीक्षा बैठके होती हैं। डीजी:डीडी एवं प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के स्तर पर भी समय-समय पर समीक्षा बैठके होती हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भी डीडी योजनाओं के कार्यान्वयनों की निगरानी के लिए समय समय पर समीक्षा बैठकें बुलाता है। परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए दूरदर्शन हर संभव कदम उठा रहा है।

मुख्य सचिवालय की प्रसारण विंग की स्कीमें

(क) सामुदायिक रेडियो आंदोलन को सहयोग

विकास और लोकतंत्र की सफलता का केंद्र संचार होता है। ऐसे समुदायों में जहां, ज्यादातर लोग लिख और पढ़ नहीं सकते, सामुदायिक रेडियो एक महत्वपूर्ण संचार माध्यम के रूप में उभरा है। दबी आवाजों की आवाज उठाने का सामुदायिक रेडियो एक आवश्यक और असाधारण माध्यम है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सामाजिक परिवर्तन और समुदायों को शक्ति प्रदान करने के लिए सामुदायिक रेडियो का इस्तेमाल बेहतरीन तरीके से किया है। सामुदायिक रेडियो स्टेशन मूलत: कम शक्तिशाली रेडियो स्टेशन होते हैं, जिसे स्थानीय समुदायों द्वारा लगाया और संचालित किया जाता है। एक सामुदायिक रेडियो की जड़े स्थानीय समुदायों से जुड़ी होती हैं। ये सामुदायिक रेडियो स्थानीय इलाकों के स्वास्थ्य, विकास, शिक्षा और पोषण पर ध्यान देने का काम करते हैं।

बीते 4 सालों में मंत्रालय का सामुदायिक रेडियो की तरफ नजरिया और ध्यान अपेक्षाकृत बेहतर हुआ है। सामुदायिक रेडियो के लिए मंत्रालय का नजरिया अब महज लाइसेंस देने के अलावा सुविधा देने का भी बना है। इस जरूरी झुकाव की वजह से भारत में सामुदायिक रेडियो की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। भारत में इस वक्त 170 सामुदायिक रेडियो स्टेशन काम कर रहे हैं जबकि 300 से ज्यादा सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को बनाने पर काम चल रहा है। रेडियो स्टेशनों की संख्या में ये वृद्धि शांति से क्रांति करने के लिए तैयार है।

रेडियो स्टेशन लगाने के लिए आवेदन को आसान, आवेदन के बाद पारदर्शिता, मंजूरी, जागरूकता, सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के लिए वित्तीय सहायता संबंधी योजनाओं पर मंत्रालय की ओर से बेहतर कदम उठाए जा रहे हैं। हिस्सेदारों और सरकार के सहयोग से सामुदायिक रेडियो ब्रॉडकास्ट एक अर्थपूर्ण विकास की ओर बढ़ रहा है।

(ख) प्रसारण शाखा का स्वचालितीकरण

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को वर्ष 2011 में अनुमोदित दिशा निर्देशों के अनुसार भारत में टेलीविजन चैनलों को अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग की अनुमति जारी करने का अधिकार है तथा इसके साथ ही मंत्रालय को मल्टी सिस्टम आपरेटर की अनुमति, डीटीएच लाईसेंस, एचआईटीएस लाईसेंस और सीआरएस, तथा आईपीटीवी सेवा की मंजूरी देने का भी अधिकार है। मंत्रालय ने इन सेवाओं के प्रदाताओं को विभिन्न मंजूरियां देने के लिए सिंगल विंडो प्रणाली शुरू की है। भारत की जमीन से पहली बार निजी टेलीवजन चैनल को अपलिंकिंग की मंजूरी वर्ष 2000 में दी गयी थी। इससे पहले अपलिकिंग विदेशी जमीन से होती थी। मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के विकास के साथ ही भारतीय जमीन से टीवी चैनलों की अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग की अनुमति देने की मांग जोर पकड़ने लगी। जिससे वर्ष 2002 में अपलिंकिंग और 2005 में डाउनलिंकिंग की नीति-निर्देश घोषित कर दिए गए। इन दिशा-निर्देशों को 2011 में एक बार फिर संशोधित किया गया। मंत्रालय ने निजी टीवी चैनलों को इन दिशा निर्देशों के तहत अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग की अनुमति प्रदान कर दी। बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान प्रसारण शाखा के विभिन्न भागों को स्वाचालित करने का प्रस्ताव किया गया। इनमें टीवी विभाग, बीपी एंड एल विभाग और सीआरएस विभाग और प्रसारण सेवा की अनुमति देने वाले कई विभाग शामिल थे। इस परियोजना में समग्र ऑनलाइन पोर्टल का विकास, परीक्षण और उसका स्थापन शामिल है। योजना राजस्व के अंतर्गत इस नयी योजना का नाम प्रसारण शाखा का स्वचालितीकरण रखा गया। इस योजना का कार्यान्वयन एनआईसी को टर्न की के आधार पर करना होगा। इसमें प्रणाली, श्रम और अगले पांच वर्ष की अवधि तक कार्यान्वयन रखरखाव भी शामिल है।

इस योजना का उददेश्य कम्प्यूटर आधारित प्रणाली तैयार करना है जिससे पंजीकरण और अनुमति मांगने वाले आवेदकों को मंजूरी देने की प्रक्रिया में तेजी लायी जा सके। आवेदन का साफटवेयर अन्य संबद्ध मंत्रालयों को भी उपलब्ध होगा।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को वर्ष 2011 में अनुमोदित दिशा निर्देशों के अनुसार भारत में टेलीविजन चैनलों को अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग की अनुमति जारी करने का अधिकार है। विभिन्न अनुमतियां मांगने वाले आवेदकों के लिए मंत्रालय ने सिंगल विंडो प्रणाली उपलब्ध कराई है। सामान्यतया आवेदकों को मंजूरी लेने में बहुत सारे कागजातों का प्रबंध करना होता है और कई अधिकारियों के पास जाना होता है। इससे जरूरी अनुमति और लाईसेंस जारी करने में अनावश्यक देरी होती है और योजनाबद्ध तरीके से काम करना मुश्किल हो जाता है। यह कई बार प्रणाली की नाकामी के रूप सें देखा जाता है।

आवेदनों की पूरी प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए ऑनलाइन लाइन पोर्टल का प्रस्ताव का किया है। इससे विभाग के अधिकारी और संबद्ध पक्ष आवेदन की स्थिति देख सकते है और पूरी प्रक्रिया की निगरानी कर सकते हैं। इस पूरी प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप कम से कम होता है।

(ग) डिजिटलाइजेशन का मिशन

भारत में केबिल नेटवर्क को चार चरणों में डिजीटाइज करने का महत्वाकांक्षी प्रयास प्रारम्भ किया गया है। यूनियन कैबिनेट ने मंत्रालय के उक्त प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है जिससे 31 दिसम्बर 2016 तक सभी एनॉलाग टी वी सेवाएं डिजीटाइज हो जाएंगी। केबिल टी वी डिजीटाइजेशन के प्रथम दो चरण सफलतापूर्वक पूरे किए जा चुके हैं। पहले चरण में, जो कि 31 अक्टूबर 2012 तक पूरा किया जाना था, चार मेट्रो षहरों में से दिल्ली, मुम्बई तथा कोलकाता में पूर्ण डिजीटाइजेशन किया जा चुका है। लंबित कोर्ट मामलों के कारण चेन्नई में पूर्ण डिजीटाइजेशन अभी भी किया जाना शेष है। दूसरे चरण में, जो कि 31 मार्च 2013 को पूर्ण हुआ, 14 राज्यों तथा एक संघ शासित क्षेत्र के 36 शहरों (जिनकी जनसंख्या 10 लाख से अधिक है) में डिजीटाइजेशन प्रक्रिया पूरी की गई। दूसरे चरण में 36 शहरों में डिजीटाइजेशन की प्रक्रिया लगभग पूरी की जा चुकी है तथा शेष 2 शहरों में भी इसका कार्य प्रगति पर है। पहले दो चरणों में तीन करोड़ से अधिक सेट टॉप बॉक्स लगाए गए।

इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए मंत्रालय ने इलेक्ट्रानिक तथा प्रिंट मीडिया की मदद से एक व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया। टी वी तथा रेडियो पर प्रसारण के लिए वीडियो स्पॉट तथा रेडियो जिंगल तैयार किए गए। मोबाइल फोन पर एस एम एस का विस्तृत अभियान भी चलाया गया। साथ ही बस स्टैन्ड इत्यादि पर सिनेमा स्लाइड तथा होर्डिंग भी लगाई गई। मंत्रालय द्वारा सभी टी वी चैनलों पर विज्ञापित ''ब्लैक आउट विज्ञापन'' ने डिजीटाइजेषन डेडलाइन के बारे में एक सघन जन जागरूकता का विस्तार किया। 200 से अधिक चैनलों ने एक ही दिन तथा समय पर मंत्रालय के ''ब्लैक आउट विज्ञापन'' का प्रसारण किया जो अपने आप में एक अनूठा रिकार्ड है। विभिन्न एम एस ओ तथा डी टी एच ऑपरेटरों द्वारा सेट टॉप बॉक्स लगाने की मंत्रालय द्वारा नियमित रूप से निगरानी की जाती रही है। पूरी प्रक्रिया को सरल करने के लिए विभिन्न स्टेक होल्डरों को समाहित कर एक विषेश कार्यदल का गठन भी किया गया है। डिजीटाइजेशन पर एक विशेष वेबसाइट को भी मंत्रालय ने प्रारम्भ किया । राष्ट्रीय स्तर के एम एस ओ, स्वतन्त्र एम एस ओ तथा स्थानीय केबिल आपरेटर्स के लिए मंत्रालय द्वारा गठित उप-समूह ने मंत्रालय को मूलभूत स्तर से फीडबैक प्राप्त करने में सहायता पहुँचाई। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के विभिन्न अधिकारियों तथा मंत्रालय के अंर्तगत पी एस यू बेसिल (बी ई सी आई एल) के तकनीकी अधिकारियों की टीम ने गहन क्षेत्रीय निरीक्षण भी किया। इन यात्राओं का उद्देश्य मूलभूत वास्तविकताओं का मूल्यांकन करना तथा सतत् फीडबैक उपलब्ध कराना था जिससे डिजीटाइजेशन प्रक्रिया क्षेत्र से सीख लेकर उसे अपना सके। डिजीटाइजेषन के बारे में विभिन्न प्रश्नों का उत्तर प्रदान करने के लिए एक टोल फ्री नम्बर का प्रावधान भी किया गया। डिजीटाइजेशन के काउन्टडाउन के रूप में मंत्रालय ने एक कन्ट्रोल रूम की भी स्थापना की जिसमें 5 टेलीफोन लाइनें आम जन के प्रश्नों का उत्तर प्रदान करने के लिए रखी गईं।

डिजीटाइजेशन के पहले दो चरणों में सभी स्टेकहोल्डरों के लिए अपेक्षा अनुरूप परिणाम आए। राज्य सरकारों से प्राप्त प्रारम्भिक आंकड़े दर्शाते हैं कि मनोरंजन कर संग्रह में दो से तीन गुनी तक वृद्धि हुई है। प्रथम चरण के शहरों में समाचार प्रसारण कैरिज फीस भुगतान में 30 प्रतिशत गिरावट दर्शाते हैं। एम एस ओ से प्राप्त आंकड़े यह दर्षा रहे हैं कि प्रसारकों के सब्सक्रिप्शन भुगतान में 35 प्रतिशत वृद्धि हुई है।

चरण -3 के अंर्तगत शेष शहरी क्षेत्र (जो कि प्रथम तथा द्वितीय चरण में कवर नहीं हुए हैं) आच्छादित होंगे जबकि चौथे चरण में शेष भारत को कवर किया जाएगा। चरण-3 तथा चरण-4 को क्रमश: 30 सितम्बर 2014 तथा 31 दिसम्बर 2014 तक पूरा हो जाना था जिसे अब गजट नोटिफिकेशन संख्या एस ओ संख्या 2308 (ई) दिनांक 11.9.2014 के जरिए क्रमश: 31 दिसम्बर 2015 तथा 31 दिसम्बर 2016 तक बढ़ा दिया गया है। इस चरण में सेट टॉप बॉक्स की अनुमानित मांग ग्यारह करोड़ है। चरण-3 तथा चरण-4 को लागू करने के लिए ब्लूप्रिन्ट तैयार किया जा चुका है। केबिल नेटवर्क सेवाओं के पूर्ण डिजीटाइजेशन हो जाने से भारतीय केबिल टी वी सेटअप में महत्वपूर्ण वृद्धि हो जाएगी।

अध्याय-1

अधिदेश, लक्ष्य, उद्देश्य, नीतिगत ढांचा तथा नीति वक्तव्य

सूचना क्षेत्र

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय

अधिदेश, लक्ष्य, उद्देश्य, नीतिगत ढांचा तथा नीति वक्तव्य

1.1 अधिदेश: विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय (डी ए वी पी) भारत सरकार की प्रमुख मल्टी मीडिया विज्ञापन एजेंसी है। यह विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों की नीतियों, कार्यक्रमों और उपलब्धियों को विभिन्न प्रचार माध्यमों के जरिए जनता तक पहुंचाने का काम करती है। डी ए वी पी अनेक स्वायत्त संस्थानों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के प्रचार आवश्यकताओं को भी पूरा करती है। समाज से जुड़े संदेशों को आम आदमी तक पहुँचाने के लिए यह निम्नलिखित माध्यमों का सहारा लेती है।

क. समाचार पत्रों में विज्ञापन

ख. इलेक्ट्रॉनिक मीडिया श्रव्य-दृश्य स्पॉट, जिंगल्स आदि

ग. उभरता नया मीडिया अर्थात् डिजीटल सिनेमा, मोबाइल, इंटरनेट, सोशल नेटवर्किंग साइट

घ. मुद्रित प्रचार साहित्य, पुस्तिकाएं, ब्रोशर, पोस्टर आदि

ड. बाह्य प्रचार माध्यमों होर्डिंग्स, मेट्रो रेल पैनल, बस पैनल, कियोस्क, सार्वजनिक सुविधाएं इत्यादि

च. ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों के भीड़भाड़ वाले इलाकों में चुने हुए विषयों पर फोटो प्रदर्शनी, इनमें मेले भी शामिल हैं।

1.2 नीतिगत ढांचा: कुल मिला कर डी ए वी पी कई वर्षों से सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन और विकास के क्षेत्र में उत्प्रेरक की भूमिका निभा रहा है। यह जनता के बीच जागरुकता निभाने, विकासात्मक गतिविधियों में जनता की भागीदारी प्राप्त करने और गरीबी तथा अन्य सामाजिक बुराइयों को खत्म करने में अहम भूमिका निभा रहा है। मुद्रित माध्यम प्रचार तथा श्रव्य-दृश्य प्रचार, बाह्य प्रचार और नया मीडिया प्रचार जैसे डिजीटल सिनेमा, इंटरनेट सोशल मीडिया और एस एम एस को भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा समय समय पर जारी क्रमश: विज्ञापन नीति और दृश्य प्रचार नीति के तहत किया जाता है।

1.3 लक्ष्य: www.davp.nic.in को वेबसाइट पर उपलब्ध चार्टर अपने ग्राहकों, नागरिकों आदि को मात्रात्मक तरीके से सेवाएं देने का एक प्रयास है। डी ए वी पी वर्तमान में अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच बार बार गुणवत्ता बोध के साथ ग्राहक समर्पित संगठन बनने के लिए तैयार कर रहा है। इसके लिए सूचना प्रौद्योगिकी, सेवाओ का व्यवसायीकरण तथा कार्य प्रक्रियाओं और ढांचे का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। आगे, मीडिया आउटलेट के लिए विभागों / मंत्रालयों की आवश्यकताओं के लिए मात्र डाकघर होने के स्थान पर डी ए वी पी ऐसी सामग्री/ विषय वस्तु को तैयार करने का लक्ष्य बना रहा है जो कि सरकारी सूचना और सरकारी माध्यमों के लिए एकीकृत भूमिका निभा सके।

क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय

मंत्रालय की मीडिया इकाइयों में से एक है क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय जो सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों और नीतियों के प्रचार कार्य में जुटा हुआ है। वह यह प्रचार कार्य 22 क्षेत्रीय कार्यालयों की देखरेख में 207 क्षेत्रीय प्रचार ईकाइयों के अपने नेटवर्क के माध्यम से कर रहा है।

चार क्षेत्रीय कार्यालयों के नियंत्रण में 32 क्षेत्रीय प्रचार ईकाइयों के साथ 1953 में क्षेत्र प्रचार निदेशालय अस्तित्व में आया। इसकी स्थापना ''पंचवर्षीय योजना प्रचार संगठन'' के आंतरिक प्रचार कार्यक्रम के तहत् की गई। मंत्रालय ईकाइयों और क्षेत्रीय कार्यालयों पर सीधा प्रशासनिक नियन्त्रण करता है। बाद में क्षेत्रीय कार्यालयों की गतिविधियों पर नजर रखने और संचालन करने हेतु 1959 में पूर्ण विकसित निदेशालय स्थापित किया गया और इसे नाम दिया गया क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय।

सन् 1962 में चीन-भारत युद्ध और 1965 में भारत-पाक युद्ध के बाद डीएफपी की कार्यप्रणाली में कुछ आधारभूत परिवर्तन किए गए जो देश के मनोबल को बढ़ाने और किसी भी बाहरी खतरे से निपटने के लिए लोगों को मानसिक तौर पर तैयार करने के दृष्टिकोण के तत्काल रूप से आवश्यक थे। तदनुसार 1963 में 34 नई इकाइयां स्थापित की गई और 1965 में प्रचार के लिए, अन्य 33 इकाइयां विशेषकर सीमावर्ती क्षेत्र के लिए स्थापित की गई।

भारतीय जनसंचार संस्थान

भारतीय जनसंचार संस्थान का अस्तित्व 17 अगस्त 1965 को सामने आया। इसकी शुरुआत बहुत कम कर्मचारियों से हुई जिनमें यूनेस्को के दो सलाहकार भी शामिल हैं। शुरू में यह संस्थान मुख्यत: केन्द्रीय सूचना सेवा के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करता था और संस्थान ने छोटे पैमानों पर शोध अध्ययन भी किए। पिछले करीब 48 सालों से संस्थान विकसित होकर अब आधुनिक समय में बदलते और तेजी से फैलते मीडिया एवं सूचना उद्योग की विभिन्न एवं अहम जरूरतों को पूरा करने के लिए अनेक विशिष्ट पाठ्यक्रमों को भी शुरू कर रहा है।

संस्थान न केवल भारत की जरूरतों के लिये बल्कि विकासशील देशों की जरूरतों के लिए अनुकूल सूचना संरचना को बनाने तथा उसे मजबूती प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। यह संस्थान देश के भीतर और देश के बाहर के अन्य संस्थानों/निकायों के लिए अपनी विशेषज्ञता और परामर्श सेवाएं प्रदान करता है। यह संस्थान केन्द्र/राज्य/सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्रोंके संगठनों के विभागों/संगठनों, विश्वविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों को प्रशिक्षण, अनुसंधान और परामर्श सेवाएं प्रदान करता है।

क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करने के मद्देनजर तथा प्रशिक्षण गतिविधियों की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए संस्थान ने पूर्वी क्षेत्र की मांगों की पूर्ति के लिए 1993 में ढेंकनाल, ओडिशा में एक क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना की। इसके अलावा अगस्त, 2011 में अमरावती (महाराष्ट्र) और आइजोल (मिजोरम) में संबंधित राज्य सरकारों की ओर से अस्थायी तौर पर उपलब्ध कराये गये स्थानों पर दो नए क्षेत्रीय केंद्र कार्य कर रहे हैं। साथ ही अगस्त 2012 में जम्मू (जम्मू-कश्मीर) और कोट्टायम (केरल) में दो केन्द्र खोले गये।

वित्तीय समर्थन, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के माध्यम से भारत सरकार द्वारा संस्थान को उपलब्ध कराया गया है। संस्थान की गतिविधियों जिसका वर्तमान अध्यक्ष भी आईआईएमसी सोसायटी के अध्यक्ष है, जो सचिव (सूचना एवं प्रसारण), है इसकी कार्यकारी परिषद, द्वारा निर्देशित कर रहे हैं। परिषद के अन्य सदस्यों, अन्य बातों के साथ, संस्थान के निदेशक जनरल, संस्थान के संकाय के प्रतिनिधियों और मीडिया और संचार की दुनिया की प्रख्यात हस्तियों में शामिल हैं।

संस्थान को सूचना और प्रसारण मंत्रालय के जरिये भारत सरकार की ओर से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है। संस्थान की गतिविधियों को दिशा - निर्देश संस्थान की कार्य परिषद की ओर से किया जाता है जिसके मौजूदा अध्यक्ष हैं सचिव (सूचना और प्रसारण मंत्रालय) जो आईआईएमसी सोसायटी के अध्यक्ष भी हैं। परिषद के अन्य सदस्यों में संस्थान के महानिदेशक, संस्थान के संकाय के प्रतिनिधि तथा मीडिया एवं संचार के क्षेत्र की प्रमुख हस्तियां होते हैं।

फोटो प्रभाग

फोटो विभाग का मुख्य कार्य सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों और उसके कारण से देश में हो रहे सामाजिक बदलावों का तस्वीरों के माध्यम से दस्तावेज तैयार करना है। फोटो विभाग भारत के प्रधानमंत्री और उप राष्ट्रपति के देश या देश के बाहर दिन-प्रतिदिन के कार्यों के आधिकारिक फोटो कवरेज करने के प्रति पूर्ण रूप से जिम्मेवार है। विभाग पत्र सूचना कार्यालय और डीएवीपी को इसके प्रदर्शनी व सरकारी घटनाक्रमों के आंतरिक प्रचार के लिए तथा देश के अंदर या बाहर प्रचार के लिए विदेश मंत्रालय के एक्सपी प्रभाग को फोटो की आपूर्ति करता है। लोक सभा सचिवालय की फोटो संबंधी जरूरतों को पूरा करने में भी फोटो विभाग सहायता करता है।

उपरोक्त के अलावा फोटो विभाग भुगतान के आधार पर केंद्र / राज्य सरकार के विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और आम जन को ''मूल्य स्कीम'' के तहत तस्वीरों की आपूर्ति करता है।

भारतीय प्रेस परिषद

भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना प्रथम प्रेस आयोग की अनुशंसा पर वर्ष 1966 में की गई थी। यह वर्तमान में प्रेस परिषद कानून 1978 के अतंर्गत कार्य करती है। प्रेस की आजादी को बनाए रखने और उसके स्तर में सुधार लाने के अपने दोहरे उत्तरदायित्व की पूर्ति की दिशा में परिषद बहुमुखी भूमिका अदा करती है। जहां एक ओर यह दीवानी न्यायालय की शक्तियों सहित न्यायिक प्राधिकरण के रूप में कार्य करती है, वहीं परामर्शदायी भूमिका में यह प्रेस और सरकारी अधिकारियों का प्रेस की आजादी और उसके संरक्षण से जुड़े मसलों पर मार्गदर्शन भी करती है।

प्रेस परिषद का मुखिया, अध्यक्ष कहलाता है जो परंपरा के अनुसार देश के उच्चतम न्यायालय का वर्तमान/सेवानिवृत न्यायाधीश होता है। इसके अलावा परिषद के 28 अन्य सदस्य होते हैं, जिनमें 20 प्रेस का प्रतिनिधित्व करते हैं। पांच संसद के दोनों सदनों से आते हैं और तीन सदस्य सांस्कृतिक, साहित्यिक और विधि के क्षेत्रों से होते हैं जिन्हें क्रमश: साहित्य अकादमी, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और भारतीय बार काउंसिल द्वारा नामित किया जाता है।

परिषद का वित्त पोषण करने के लिये पंजीकृत समाचारपत्रों से उनकी प्रसार संख्या के अनुसार शुल्क वसूला जाता है, घाटा केंद्र सरकार के अनुदान से पूरा किया जाता है। परिषद वित्तीय रूप से काफी हद तक सरकार पर आश्रित है, फिर भी अपने काम में इसने कभी भी किसी बाहरी प्रभाव को हावी नहीं होने दिया है। परिषद के अर्ध न्यायिक कार्य प्रेस परिषद अधिनियम 1978 की धारा 14 और 15 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों और प्रक्रियाओं के अनुसार किए जाते हैं और परामर्शदायी एवं मार्गदर्शन के कार्य धारा 13 के विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत किए जाते हैं।

पत्र सूचना कार्यालय

1. पत्र सूचना कार्यालय भारत सरकार की उन प्रमुख एजेंसियों में से एक है जिनका कार्य नीतियों, कार्यक्रमों और विभिन्न क्षेत्रों में सरकार की उपलब्धियों के बारे में सूचनाएं उपलब्ध कराना है। वर्तमान में इसके आठ क्षेत्रीय कार्यालय हैं जो कोलकाता, मुंबई, चेन्नई, भोपाल, चंडीगढ़, गुवाहाटी, लखनऊ और हैदराबाद में स्थित हैं। इसके 27 शाखा कार्यालय, 5 कार्यालय- सह- सूचना केंद्र और दो सूचना केंद्र हैं जो देश भर में फैले हुए हैं। इन स्थानों से अनेक पत्र- पत्रिकाएं प्रकाशित होती हैं और नित्य प्रति बड़ी संख्या में पत्रकार वहां आते हैं। मंत्रियों/ सचिवों एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भारत सरकार की नीतियों की जानकारी देने के लिए प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करते हैं।

2. पिछले कुछ वर्षों के दौरान समाचार जगत में दो बड़े घटनाक्रम हुए हैं – प्रथम इंटरनेट का बड़े पैमाने पर विस्तार और दूसरे- चौबीसों घंटे चलने वाले न्यूज चैनल। इन दोनों के कारण संचार की गति तेज हो गई है, राष्ट्रों की सीमा के मध्य सूचनाओं का आदान- प्रदान हो रहा है और समाचार संग्रह तथा वितरण में बहुत तेजी आ गई है। इन हालात में जहां परंपरागत मीडिया- खास तौर से प्रिंट मीडिया का महत्व बना हुआ है, वहीं अब पत्र सूचना कार्यालय को नए माध्यमों की जरूरतें पूरी करने के लिए भी काम करना है। नए उभरते साधनों का इस्तेमाल करते हुए अब उसे पूरी जनसंख्या तक पहुंचना है।

3. आजकल इंटरनेट के जरिए सूचनाएं जल्दी मिल जाती हैं और उनमें पारदर्शिता रहती है अत: इस कार्यालय के पुराने साधनों को आधुनिक और आज की मीडिया की जरूरतों के अनुकूल बनाने की आवश्यकता है। इसलिये पत्र सूचना कार्यालय अपने ग्राहकों को अधिक आकर्षक एवं उपयोगी तरीकों के जरिये सूचना उपलब्ध कराने के लिये आधुनिक प्रणालियों का इस्तेमाल करता है।

4. पत्र सूचना कार्यालय अखबारों और अन्य मीडिया से मिलने वाली प्रतिक्रिया विभिन्न सरकारी विभागों को उपलब्ध कराता है ताकि वे उसके अनुकूल कदम उठा सकें और अपने प्रयासों को नई दिशा दे सके।

5 इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वर्ष 2014-15 के दौरान निम्नलिखित गतिविधियों/ स्कीमों/ परियोजनाओं को चलाने का प्रस्ताव है :

1. नई दिल्ली में नेशनल मीडिया सेंटर की स्थापना

नेशनल और इंटरनेशनल पत्रकारों को मीडिया सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नई दिल्ली में पीआईबी नेशनल मीडिया सेंटर स्थापित किया गया है। इसका अपना भवन है, जिसमें ऑडिटोरियम, प्रेस लाउंज, ब्रीफिंग/ कांफ्रेंस रूम, लाइब्रेरी समेत आधुनिक सुविधाएं हैं।

परियोजना की संभावनाओं और इसके बढ़ते खर्च को ध्यान में रखते हुए इसकी लागत 35 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 60 करोड़ रुपये हो गई। इसे 15 सितंबर 2009 को ईएफसी ने अनुमोदित किया। नेशनल मीडिया सेंटर के निर्माण के लिए 22 मार्च 2010 को पीआईबी और एनबीसीसी के बीच, पुराने एमओयू के स्थान पर एक अनुबंध किया गया था।

वित्त वर्ष 2013-14 में पीआईबी की तरफ से एनबीसीसी को कुल 60 करोड़ की राशि में से कुल 57.41 करोड़ का भुगतान किया जा चुका था।

वार्षिक योजना 2014-15 र(बी ई) के दौरान एनबीसीसी को भुगतान करने के लिए पत्र सूचना कार्यालय को 2.50 करोड़ रुपये आबंटित किये गये। इस समय यह बिल्डिंग पूरी तरह तैयार हो चुकी है। 24 अगस्त 2013 को इसका उद्घाटन समारोह हुआ था और इसमें कार्यालय का कामकाज किया जा रहा है।

हालांकि पीआईबी ने मंत्रालय को मंत्रालय द्वारा किये गये बदलावों को मंजूरी प्रदान करने का अनुरोध किया ताकि एनबीसीसी को शेष भुगतान किये जाने की प्रक्रिया की जा सके। मंत्रालय की मंजूरी अब प्राप्त हो चुकी है तथा सीसीए को फाइल भेज दी गयी है। मंजूरी मिलने के बाद एनबीसीसी को 2.25 करोड़ रूपये के भुगतान की स्वीकृति प्रदान कर दी जायेगी।

जरूरत के मुताबिक, 2.50 करोड़ रुपये के बीई आंकड़े को 2014-15 के आर. ई. में बरकरार रखा गया। इस योजना के तहत इस 2.50 करोड़ रूपये में से दिसंबर, 2014 तक निर्धारित खर्च 2.25 करोड़ रुपये है।

2. मीडिया आउटरीच प्रोग्राम और विशेष इवेंट्स का प्रचार : इस योजना में शामिल मदें इस प्रकार हैं :-

(क) मीडिया आउटरीच प्रोग्राम

(ख) इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया

(ग) प्रवासी भारतीय दिवस समारोह

इन सभी मदों को 12 वीं पंचवर्षीय योजना में शामिल किया गया है, जिनके बारे में विस्तृत विवरण इस प्रकार है :-

(क) मीडिया आउटरीच प्रोग्राम

इस योजना का लक्ष्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का प्रचार प्रसार विभिन्न विधियों से करना है। इन विधियों में जनसंपर्क अभियानों का आयोजन, मीडिया इंटरैक्टिव सेशन, सफलता की कहानियों का प्रचार- प्रसार और प्रेस टूर्स का आयोजन शामिल है।

वार्षिक योजना 2013-14 के लिए इस योजना की प्रशासनिक स्वीकृति 27. 06. 2012 को मिल गई थी। इसके बाद क्षेत्रीय कार्यालयों को भी 29 जून 2012 को आबंटित कर दिया गया था।

वर्ष 2014- 15 के दौरान ब्यूरो को 100 जन सूचना अभियानों (पीआईसी), 2 मीडिया विचार विमर्श सत्रों और 10 प्रेस दौरों को आयोजित करने के लिए ब्यूरो को 9.88 करोड़ रुपये (पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिये 1.00 करोड़ रुपये सहित) आबंटित किये गये। लोकसभा के चुनावों के दौरान आचार संहिता लागू होने के कारण, वर्ष 2014-15 की पहली तिमाही के दौरान ब्यूरो की ओर से कोई भी मीडिया गतिविधियों जैसे - पीआईसी, प्रेस दौरे आदि का आयोजन नहीं किया जा सका। हालांकि दिसंबर, 2014 तक 51 पीआईसी और 4 प्रेस टूर आयोजित करने के लिये 5.41 करोड़ रुपये का उपयोग किया गया। आरई स्तर पर पीआईबी को 7.50 करोड़ रूपये की प्रस्तावित जरूरत के एवज में केवल 5.50 करोड़ रूपये (पूर्वोत्तर के लिये 40 लाख रूपये सहित) आबंटित किये गये।

(ख) इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया और प्रवासी भारतीय दिवस समारोह

फेस्टिवल के आयोजन स्थल पर मीडिया सेंटर की स्थापना की गई है, जहां पत्रकारों का न केवल बेहतर स्वागत सत्कार होगा, बल्कि उन्हें प्रत्यायन सेवाएं भी मिल सकेंगी। वर्ष 2014-15 के लिये एसबीजी के रूप में 12.00 लाख रुपये आबंटित किये गये। फेस्टिवल के स्थल पर मीडिया सेंटर बनाया गया जहां पत्रकारों को विशेष प्रत्यायन आतिथ्य व्यवस्था, प्रेस कांफ्रेंस, प्रेस रिलीज बनाने के लिए कंप्यूटर एवं इंटरनेट रूम, टेलीफोन, न्यूजपेपर्स, स्टेनशनी, फोटोकॉपी मशीन इत्यादि सहित कार्य कक्ष जैसी सुविधायेंद दी गयी। जहां तक प्रवासी भारतीय दिवस समारोह की बात है, पीआईबी प्रवासी भारतीय दिवस समारोह के दौरान पत्रकारों को विशेष प्रत्यायन देने और पत्रकारों को सुविधा देने, मीडिया सेंटर में पत्रकारों को सुविधायें देने के कंप्यूटर किराये पर लेने के लिए अपने अधिकारियों को तैनात करती है। आईएफएफआई के मद में वर्ष 2014-15 के दौरान 12 लाख रुपये का आबंटन किया गया था, जिसमें से मार्च, 2014 तक 10.24 लाख रुपये का उपयोग किया गया।

योजना 3 : पीआईबी का आधुनिकीकरण

यह योजना 12 वीं पंचवर्षीय योजना में प्रस्तावित की गई है। इस योजना का उद्देश्य पीआईबी में इसके मुख्यालय तथा इसके क्षेत्रीय एवं शाखा कार्यालयों की दक्षता में व्यापक बदलाव लाने के लिये तथा आधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करने के लिये पीआईबी में संचार एवं सूचना वितरण प्रणाली को आधुनिक एवं अधुनातन बनाना है।

2014- 15 के लिये इस योजना को क्रियान्वित करने के लिये 5.00 करोड़ रूपये आबंटित किये गये। प्रस्तावित गतिविधियां इस प्रकार है।

1. वेबसाइटों का बड़े पैमाने पर उन्नयन करके उनमें अधुनातन संपर्क और डिलीवरी के साधन का समावेश।
2. मीडिया मान्यता की प्रक्रिया में आवेदन प्राप्ति, उस पर विचार और फैसले और उसे सूचित करने की प्रक्रिया को ऑनलाइन बनाना।
5. पुराने रिकार्डों का डिजीटलीकरण एवं ई क्लिपिंग
6. साफ्टवेयर विकास
7. पांच क्षेत्रीय कार्यालयों में सूचना के प्रसार के लिए आधुनिक वीडियो कान्फ्रेंसिंग सुविधाओं को शुरू करना।
8. हार्डवेयर, लैन, नेटवर्क का आधुनिकीकरण जारी रखना और आईपी टेलीफोनी की स्थापना करना
9. अधिकारियों को स्मार्ट उपकरण उपलब्ध कराना।

10. तकनीकी एचआर सहायता को आउटसोर्स करना।

दिसंबर, 2014 तक इस योजना के तहत 1.30 करोड़ रुपये का इस्तेमाल किया गया। आरई 2014-15 स्तर पर इस योजना के क्रियान्वयन के लिये 1.50 करोड़ रुपये आबंटित किये गये। ।

प्रकाशन विभाग

परिचय

1.1 प्रकाशन विभाग की स्थापना 1941 में की गई थी। यह भारत सरकार का सबसे बड़ा प्रकाशन संस्थान है जिसका लक्ष्य राष्ट्रीय महत्व के विषयों जैसे-इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम, कला एवं संस्कृति तथा भारत की धरोहर पर भारत में और विदेशों में पाठकों तक कम मूल्यों पर प्रामाणिक सूचनाएं, जानकारियां पहुंचाना है। निदेशालय के महत्वपूर्ण प्रकाशनों में शामिल हैं - महात्मा गांधी के संकलित कार्यों की श्रृंखलाएं, राष्ट्रीय नेताओं के भाषण और राष्ट्रीय हित के विषयों पर शिक्षात्मक ,वं सूचनात्मक पुस्तकें, बाल साहिय एवं रोजगार समाचार। यह राजस्व अर्जित करने वाला विभाग है।

1-1 विभाग की गतिविधियां

1) राष्ट्रीय महत्व के उन विषयों पर पुस्तकों का प्रकाशन करना तथा आम लोगों को सस्ते दामों पर उपलब्ध कराना जिन विषयों को अन्य प्रकाशन संस्थानों की ओर शामिल नहीं किया जाता है।

2) विविधता में एकता, साम्प्रदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय अखंडता की अवधारणा एवं भावना को बढ़ावा देना तथा मजबूत बनाना।

3) गांधीवादी साहित्य को प्रकाशित करना, महात्मा गांधी के संकलित कार्यों (सीडब्ल्यूएमजी) के सम्पूर्ण वाड्मय (अंग्रेजी और हिन्दी में 100 खंडों में) को प्रकाशित करना तथा यह सुनिश्चित करना कि इनके स्टॉक हमेशा उपलब्ध रहे तथा महात्मा गांधी के संकलित कार्यों के प्रमाणित ई-वर्जन - सर्च किये जा सकने वाले पीडीएफ स्वरूप में उपलब्ध कराने की कोशिश करना और और इसके स्टॉक खत्म हो जायें तो दोबारा मुद्रण कराना। आधुनिक भारत के निर्माताओं की जीवनियों का प्रकाशन (श्रंखला)।

- भारत के राष्ट्रपतियों और प्रधानमंत्रियों के चुनिंदा भाषणों का प्रकाशन ताकि वे (भाषण) भावी पीढ़ी के लिए संग्रहणीय हो सके।

- प्रकाशन विभाग ने हाल ही में राष्ट्रपति भवन की पुस्तकों की श्रृंखलाओं को छापने के काम को हाथ में लिया है।

- इंडिया/भारत शीर्षक से वार्षिक संदर्भ ग्रंथ प्रकाशित करना जिसमें विभिन्न मंत्रालयों की गतिविधियों के जरिये देश की प्रगति का व्यापक सार प्रस्तुत करना।

- समसामयिक विषयों, खास तौर पर महिला सशक्तिकरण पर पुस्तकों, बच्चों की पुस्तकों, राष्ट्रीय स्वधीनता संग्राम, बौद्ध धर्म, आयुर्वेद, हिन्दी सिनेमा आदि पर पुस्तकों का प्रकाशन।

प्रकाशन विभाग निदेशालय की पत्रिकाओं (उदाहरण के लिये - योजना, कुरूक्षेत्र, आजकल, बाल भारती, इम्प्लाइमेंट न्यूज) के जरिये विभिन्न क्षेत्रों तथा डीपीडी पत्रिकाओं के अनुकूल स्वच्छ भारत अभियान, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, क्लीन गंगा, आदर्श ग्राम सांसद योजना आदि जैसी भारत सरकार की विभिन्न नयी योजनाओं को शामिल करते हुये सूचनाओं का प्रचार-प्रसार करना।

- इम्प्लाइमेंट न्यूज/रोजगार-समाचार के माध्यम से सरकारी क्षेत्र में नौकरियों के अवसरों की सूचना उपलब्ध कराना।

– अपने प्रकाशन की पुस्तकों को वृहद वर्ग तक पहुंचाने के लिए भारत और विदेशों में पुस्तक मेलों का आयोजन और उनमें भाग लेना।

– बच्चों में सृजनात्मक लेखन को प्रोत्साहित करने के लिए निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन करना।

– सूचना और प्रसारण मंत्रालय की ओर से, पत्रकारिता और मास कम्युनिकेशन में मौलिक हिन्दी लेखन को प्रोत्साहित करने के लिए भारतेंदु हरिश्चन्द्र पुरस्कारों का आयोजन। पुरस्कारों में महिला विषयों, बाल साहित्य एवं राष्ट्रीय अखंडता जैसे विषयों पर पुरस्कार भी शामिल है।

1.2 कार्यव्यापार नियमों के आवंटन के अनुसार डीपीडी का उद्देश्य सस्ते दामों पर राष्ट्रीय महत्व की गुणवत्तापूर्ण पुस्तकों एवं पत्रिकाओं का प्रकाशन करना, बिक्री करना तथा वितरण करना है। इसके उद्देश्यों के अनुरूप डीपीडी हिन्दी, अंग्रेजी एवं भारत की अन्य राष्ट्रीय भाषाओं में सस्ते दामों पर राष्ट्रीय महत्व की पुस्तकों एवं पत्रिकाओं का प्रकाशन करता है ताकि व्यापक स्तर पर लोगों तक उनकी पहुंच बन सके।

ऐसा करते हुए निदेशालय निम्नलिखित उद्देश्यों को हासिल करने का लक्ष्य करता है :

1) राष्ट्रीय महत्व के उन विषयों पर पुस्तकों का प्रकाशन करना तथा आम लोगों को सस्ते दामों पर उपलब्ध कराना जिन विषयों को अन्य प्रकाशन संस्थानों की ओर शामिल नहीं किया जाता है।

2) विविधता में एकता, सांप्रदायिक सदभाव और राष्ट्रीय अखंडता की अवधारणा एवं भावना को बढ़ावा देना तथा मजबूत बनाना।

2013–14 तथा अप्रैल 2014 – दिसंबर 2014 के दौरान प्रकाशित पुस्तकों की सूची

भाषा

अंग्रेजी

1. लॉस एंड गार्डन
2. हूज हू ऑफ इंडियन मर्टियर्स (वॉल्यूम 1) (पी बी)
3. हूज हू ऑफ इंडियन मर्टियर्स (वॉल्यूम 1) (एच बी)
4. इंडियन सिविलाइजेशन एंड द साइंस ऑफ फिंगर प्रिंटिंग
5. चिल्ड्रेन्स विवेकानंद (पुनर्प्रकाशन)
6. हूज हू ऑफ इंडियन मर्टियर्स (वॉल्यूम 3) (पीबी)
7. हूज हू ऑफ इंडियन मर्टियर्स (वॉल्यूम 3) (एचबी)
8. बोंसाई (पुनर्प्रकाशन)
9. इंटरनेशनल क्लाइमेट चेंज नेगोशिएशंस
10. नटी फ्रेंड्स एंड अदर स्टोरीज
11. एस्थेटीशियंस (पुनर्प्रकाशन)
12. सी डल्यू एम जी बुक (वॉल्यूम–22)
13. हूज हू ऑफ इंडियन मर्टियर्स (वॉल्यूम 2) पुनर्प्रकाशन (पीबी)

14. हूज हू ऑफ इंडियन मर्टियर्स (वॉल्यूम 2) पुनर्प्रकाशन (पीबी)
15. चिल्ड्रेंस हिस्ट्री ऑफ इंडिया (पुनर्प्रकाशन)
16. सेलेक्टेड स्पीचेज ऑफ सुभाष चंद्र बोस (पुनर्प्रकाशन) (पीबी)
17. इंडिया–2014 (अ रिफ्रेंस एनुअल)
18. मैडम भीखाजी रुस्तम कामा (बी एम आई) (पुनर्प्रकाशन)
19. मैडम भीखाजी रूस्तम कामा (बी एम आई) (पुनर्प्रकाशन) (एचबी)
20. बसोहली पेंटिंग (डीलक्स) (पुनर्प्रकाशन)
21. इंडिया–2014 (पुनर्प्रकाशन)
22. वोट और अकाउट 2014–15 (एम/ओ आईएंडबी)
23. कैटेलॉग–2014 ऑफ डीपीडी बुक्स
24. इंडिया–2014 (पुनर्प्रकाशन)
25. एशियंट इंडिया (क्रद्गश्च)
26. द वर्ल्ड ऑफ थिन फिल्म कोटिंग
27. भारतेन्दु हरिश्चंद्र पुरस्कार (बाइलिंगुअल)
28. सीड ल्यूएमजी–बुक (वॉल्यूम–038)
29. 1857–द अपराइजिंग
30. चार्ल्स फ्रीरर एंड्रयूज (बीएमआई)
31. इंडियन बीमैन–रिविजिटेड (पेपर–बैक)
32. इंडियन वीमैन–रिविजटेड (हार्ड बाउंड)

हिन्दी

1. ग्लोबल वार्मिंग
2. डॉ. भीमराव अम्बेडकर (बीएमआई) (पुनर्मुद्रण)
3. सुरों के साधक
4. राजकमल चौधरी : जीवन और सृजन
5. साहसी की सदा जय

6. अज्ञेय–अपने बारे में (पीबी)
7. अज्ञेय–अपने बारे में (एचबी)
8. आचार्य नरेंद्र देव (बीएमआई)
9. प्राचीन भारत में पेड़ पौधों का ज्ञान
10. शहीद बच्चों की गौरव गाथा
11. बुद्ध गाथा (पीबी)
12. बुद्ध गाथा (एचबी)
13. बदरूद्दीन तैयबजी (बीएमआई) (पुनर्मुद्रण)
14. धोड़ो केशव कर्वे (बीएमआई) (पुनर्मुद्रण)
15. चुन्नू–मुन्नू का स्कूल
16. भगत सिंह–अमर विद्रोही
17. हंसने वाला कुत्ता (पुनर्मुद्रण)
18. विज्ञान के नए क्षितिज
19. भारतीय कला के हस्ताक्षर (पीबी)
20. भारतीय कला के हस्ताक्षर (एचबी)
21. हमारे डाक टिकट : रंग भारत के (पीबी)
22. हमारे डाक टिकट : रंग भारत के (एचबी)
23. गीतों की फुलवारी
24. भारत के पक्षी
25. पर्यावरण संरक्षण चुनौतियां और समाधान
26. रजिया सुल्तान
27. उपेन्द्रनाथ अश्क जीवन और सृजन
28. भारतीय सिनेमा का सफरनामा (पीबी)
29. भारतीय सिनेमा का सफरनामा (एचबी)
30. शमशेर बहादुर सिंह
31. बेगम हजरत महल

32. ग्रह नक्षत्रों की आत्मकथाएं

33. केदारनाथ मित्र

34. स्वामी विवेकानंद (बीएमआई)

35. हाथी दादा की चौपाल (पुनर्मुद्रण)

36. भारत–2014

37. धार की दाढ़ी (पुनर्मुद्रण)

38. कुर्बानी अनजान शहीदों की (पुनर्मुद्रण)

39. ज्योति प्रसाद अग्रवाल (बीएमआई)

40. हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत में घराना परम्परा (पुनर्मुद्रण)

41. मध्य भारत के आदिवासी और स्वतंत्रता आंदोलन

42. मदन मोहन मालवीय (बीएमआई)

43. भारतेन्दु हरिश्चंद्र

44. जाने अपने जिगर को

45. भारतीय बाग

46. माउंट एवरेस्ट की गाथा

क्षेत्रीय भाषाएं:

1. खुदीराम बोस (बंगाली)

2. आइचे माया (मराठी)

3. एशियंट इंडिया (तेलुगु)

4. अवर नेशनल फ्लैग (तमिल)

5. डॉ. बी आर अम्बेडकर (बीएमआई) (तमिल)

6. मदन मोहन मालवीय (बीएमआई) (उर्दू)

अंग्रेजी = 32

हिंदी = 46

क्षेत्रीय भाषाएं = 06

कुल = 84

अप्रैल, 2014 से लेकर दिसंबर, 2014 तक प्रकाशित पुस्तकें

भाषा

अंग्रेजी

1. सलेक्टेड स्पीचेज आफ सुभाष चन्द्र (पुनर्मुद्रण)
2. इडियन वूमेन रिविजिटेड
3. देवकी जैन एवं सी पी सुजय का संग्रह
4. ए टल आफ टू रोबोट्स
5. चार्ल्स फ्रीर एन्ड्रुज (बीएमआई) (पुनर्मुद्रण)
6. सूर्य रू सोलर एस लोरेशंस
7. ए हिस्ट्री आफ सोशलिज्म (पीबी)
8. ए हिस्ट्री आफ सोशलिज्म (एचबी)
9. सलक्टेड स्पीच आफ पी एम मनमोहन सिंह
10. मदन मोहन मालवीय (बीएमआई) (पुनर्मुद्रित)
11. आउटकम बजट 2014–15
12. इंद्रधनुष (राष्ट्रपति भवन)
13. विंग्ड वंडर्स आफ राष्ट्रपति भवन
14. स्वामी विवेकानंद (बीएमआई) (पुनर्मुद्रण)
15. बैफलिंग ब्रेन
16. सी सुब्रमण्यम भारती
17. सीडब्ल्यूएमजी वॉल्यूम 47 हार्ड बाउंड
18. सीडब्ल्यूएमजी वॉल्यूम 89 हार्ड बाउंड
19. सीडब्ल्यूएमजी वॉल्यूम 36 हार्ड बाउंड
20. सीडब्ल्यूएमजी वॉल्यूम 42 हार्ड बाउंड
21. सीडब्ल्यूएमजी वॉल्यूम 45 हार्ड बाउंड
22. सीडब्ल्यूएमजी वॉल्यूम 71 हार्ड बाउंड
23. सीडब्ल्यूएमजी वॉल्यूम 37 हार्ड बाउंड

24. सीडब्ल्यूएमजी वॉल्यूम 43 हार्ड बाउंड

25. साइंटिस्ट (पुनर्मुद्रण)

26. सीडब्ल्यूएमजी वॉल्यूम 29 हार्ड बाउंड

27. सीडब्ल्यूएमजी वॉल्यूम 58 हार्ड बाउंड

हिन्दी

1. सूचना भारती

2. भारत के दुर्ग (पीबी) (पुनर्मुद्रण)

3. भारत के दुर्ग (एचबी) (पुनर्मुद्रण)

4. रामधारी सिंह दिनकर (पीबी) (पुनर्मुद्रण)

5. रामधारी सिंह दिनकर (एचबी) (पुनर्मुद्रण)

6. पिद्दी ना पिद्दी का शोरबा

7. दूध फैक्स राबडी फैक्स

8. उत्तर भारत की लोक कथाएं

9. राजा राममोहन राय (बीएमआई) (पुनर्मुद्रण)

10. ची ची और चून चून

11. तिरकटे पंख (पुनर्मुद्रण)

12. आउटकम बजट 2014–15

13. रोचक ऐतिहासिक कहानियां (पुनर्मुद्रण)

14. वार्षिक रिपोर्ट 2013–14

15. मेहनत की महक (पुनर्मुद्रण)

16. युवा संयासी

17. हंसी हंसी में (पुनर्मुद्रण)

18. दादी अम्मा का खजाना

19. परी हंसावली कुमायनी लोक कथाएं

20. युग प्रवर्तक आविष्कार (पुनर्मुद्रण)

21. सरल पंचतंत्र (पुनर्मुद्रण)

क्षेत्रीय भाषाएं

1. गदर पार्टी लहर संकल्प इतिहास (पंजाबी)
2. बेचैन दी चों की दी बीमारियां टेटिहास (पंजाबी)
3. शहीद भगत सिंह : दस्तावेजों के आइने में (उर्दू)

अप्रैल से दिसंबर, 2014 तक जारी किये जाने वाले टाइटलों की कुल संख्या

अंग्रेजी : 26

हिन्दी : 21

क्षेत्रीय भाषाएं : 03

कुल : 50

भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक

भारत के समाचार पत्र पंजीयक का कार्यालय की स्थापना पहली जुलाई 1956 को प्रेस और पुस्तक पंजीयन अधिनियम 1867 में संशोधन करके की गई थी। यह कार्यालय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है। अधिनियम के अंतर्गत कुछ विधि विहित कार्य इस प्रकार हैं :

(1) देश भर में प्रकाशित समाचार पत्रों/पत्रिकाओं का एक रजिस्टर तैयार करना उसका रख-रखाव करना तथा उसमें समाचार पत्रों/पत्रिकाओं का विवरण संकलित करना।

(2) संबंधित जिला मजिस्ट्रेट द्वारा की गई सिफारिश के बाद समाचार पत्रों/पत्रिकाओं के शीर्षक की उपलब्धता की जांच के बाद पंजीकरण प्रमाण पत्रा जारी करना।

(3) समाचार पत्रों के प्रकाशकों द्वारा प्रेस एवं पुस्तक पंजीयन अधिनियम के अतर्गत समाचार पत्रों/पत्रिकाओं के प्रकाशन की जानकारी सुनिश्चित करना।

(4) प्रकाशकों द्वारा समाचार पत्रों की प्रसार संख्या के दावों की जांच करना।

(5) भारत में प्रेस के बारे में उपलब्ध समस्त सूचनाओं, आंकड़ों और विशेष तौर पर विभिन्न श्रेणियों के समाचार पत्रों-पत्रिकाओं में आए बदलावों पर वार्षिक रिपोर्ट तैयार करना।

इसके अतिरिक्त आरएनआई के गैर-वैधानिक प्रकृति के कुछ कार्य इस प्रकार हैं :

(क) अखबारी कागज आयात करने के लिए समाचार पत्रों को योग्यता प्रमाणपत्र जारी करना।

(ख) समाचार प्रतिष्ठानों की प्रिंटिंग मशीनें (मुद्रण) और अन्य संबंधित सामग्री संबंधी आवश्यक जरूरतों का मूल्यांकन ओर प्रमाण पत्र जारी करना।

न्यू मीडिया विंग

अधिदेश, लक्ष्य और उद्देश्य, नीतिगत ढांचा तथा नीति विवरण

न्यू मीडिया विंग का कार्य सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के मीडिया एककों द्वारा प्रकाशित रचनाओं आदि के संबंध में शोध हेतु सामग्री के संकलन और तैयार करने में सहायता प्रदान करना, महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी का एक सार-संग्रह तैयार करना और माध्यम एककों के उपयोग के लिए वर्तमान एवं अन्य विषयों पर मार्गदर्शन और बैकग्राउंड नोट तैयार करना है। 1945 में स्थापित यह विंग सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और इसके अंतर्गत विभिन्न माध्यम एककों के लिए सूचना सेवा इकाई के रूप में कार्य करती है। विंग जन संचार माध्यम में प्रचलन का अध्ययन करती है और जन संचार माध्यमों के बारे में संदर्भ और दस्तावेज सेवा प्रदान करती है। इस विंग का कार्य मंत्रालय, इसके माध्यम एककों एवं जन संचार में शामिल अन्य के उपयोग में आने वाले बैकग्राउंड, संदर्भ और शोध सामग्री उपलब्ध कराती है। एम एंड ओ तथा आई एंड बी की पत्र संख्या ए-33035/4/2007- आईआईएस दिनांक 7.9.2007, द्वारा जारी योजना आयोग के परामर्श के मुताबिक इस प्रभाग की योजना स्कीम "आईआईएस अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण" को गैर - योजना गतिविधि (नियमित गुण) में बदल दिया गया है। अभी इस कार्य को टाल दिया गया है।

विंग एक वार्षिक संदर्भ ग्रंथ, इंडिया - एक वार्षिक संदर्भ का संकलन करता है। इस पुस्तक में केंद्रीय मंत्रालयों / विभागों, राज्यों / संघ शासित प्रशासन और पीएसयू / स्वायत्त संस्थाओं द्वारा वर्ष भर में की गई प्रगति का संकलन होता है। इंडिया को हिंदी भाषा में भी भारत शीर्षक से छापा जाता है।

महत्वपूर्ण राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं के रिकॉर्ड और संदर्भ के लिए प्रभाग घटनाओं की डायरी तैयार करता है। प्रभाग विषय विशेष, एफडीआई की हिस्सेदारी वाली और भारत में प्रकाशन की अनुमति वाली विषय आधारित पत्रिकाओं की माहवार रिपोर्ट तैयार करता है। पत्रिकाओं पर इस बात को लेकर नजर रखी जाती है कि क्या वे प्रभाग सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देश का पालन कर रहे हैं या नहीं।

संदर्भ पुस्तकालय

विभिन्न विषयों पर दस्तावजों, चयनित नियतकालिक पत्र -पत्रिकाओं के जिल्दबंद अंक और मंत्रालयों, समितियों तथा कमीशनों के विभिन्न रिपोर्ट के वृहत संग्रह के साथ प्रभाग के पास भरा-पूरा पुस्तकालय है। पत्रकारिता, लोक संबंध, विज्ञापन और दृश्य-श्रव्य मीडिया, महत्वपूर्ण विश्वकोश सीरीज, ईयरबुक और समकालीन आलेख आदि विषयों पर विशेष किताबें इसके संग्रह में शामिल हैं। आई एंड बी के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा पुस्कालय की सुविधा मान्यताप्राप्त भारतीय और विदेशी संवाददाताओं को भी उपलब्ध है। पुस्तकालय को 2008 में शास्त्री भवन से सूचना भवन में अस्थायी स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया। इसे वर्तमान अस्थायी स्थान से सूचना भवन में निर्धारित तल पर स्थापित करने की योजना बनाई गई है।

जनसंचार पर राष्ट्रीय दस्तावेज केंद्र

जन माध्यमों में घटनाओं और प्रचलन के बारे में पत्रिकाओं के द्वारा सूचना का संग्रह, विश्लेषण और प्रसार के लिए मंत्रालय द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति की सिफारिश पर प्रभाग के एक भाग के तौर पर 1976 में जनसंचार के लिए राष्ट्रीय दस्तावेज केंद्र (द नेशनल डॉक्यूमेंटेशन सेंटर ऑन मास कम्यूनिकेशन-एनडीसीएमसी) की स्थापना की गई थी। एनडीसीएमसी समाचार सामग्री, आलेख और जन माध्यमों / संचार माध्यमों पर उपलब्ध अन्य सूचना सामग्री का दस्तावेजीकरण करता है। इस केंद्र का वर्तमान कार्य देश के बाहर न केवल जनसंचार के विकास के लिए बल्कि अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रवाह में भाग लेने के लिए भी सूचना के संकलन और दस्तावेजीकरण से लेकर इसका प्रसार करना है।

समाचारपत्रों और जर्नल में जन माध्यमों पर प्रकाशित चयनित आलेखों पर टीका करने वाला सूचकांक - 'सामयिक जागरूकता सेवा' के द्वारा संग्रहित सूचना को संभाला और प्रसारित किया जाता है। इसकी सेवा गत एक वर्ष में समाचारपत्रों और जर्नलों में जन माध्यमों पर प्रकाशित आलेखों पर टिप्पणी करने वाले विषय सूचकांक - 'ग्रंथ सूची सेवा' द्वारा ली जाती है और केंद्र, भारत में फिल्म उद्योग पर विभिन्न प्रकार की प्रगति का सारांश - 'फिल्मों के बुलेटिन', जन माध्यमों के क्षेत्र में सामयिक हितों के विषय पर पृष्ठभूमि पत्र - 'संदर्भ सूचना

सेवा', चर्चा में रहे विभिन्न मीडिया हस्तियों की जीवनियां – 'मास मीडिया में कौन क्या है', राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों सहित जन संचारकों के लिए वर्ष भर में घोषित पुरस्कारों की झलक देने वाला – 'जनसंचारकों पर दिए गए सम्मान', और रिकॉर्ड और संदर्भ के लिए बड़े राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मीडिया कार्यक्रमों पर केंद्रित 'मीडिया अपडेट', इसकी सेवा लेते हैं।

न्यू मीडिया विंग के तहत जनसंचार पर राष्ट्रीय दस्तावेज केंद्र (एनडीसीएमसी) वर्ष 2014–15 के दौरान (दिसंबर, 2014 तक) जन माध्यमों के विभिन्न पहलुओं पर 35 सेवाएं ला चुका है।

वर्ष 2014–15 की झलकियां

● इंडिया – 2015 का विमोचन शीघ्र किया जाएगा।

● आरआर एंड टीडी की एक इकाई जनसंचार पर राष्ट्रीय दस्तावेज केंद्र (एनडीएमसी) वर्ष 2014–15 के दौरान (दिसंबर, 2014 तक) जन माध्यमों के विभिन्न पहलुओं पर 35 सेवाएं ला चुका है।

गीत एवं नाटक प्रभाग

प्रभाग का मुख्य कार्य जैसा कि आधिकारिक वेबसाइट पर दिया गया है, राष्ट्र के विकास के लिए संवहनीय सामाजिक, आर्थिक और लोकतांत्रिक विचारों के बारे में आम लोगों के बीच जागरूकता फैलाना और भावनात्मक स्वीकार्यता बढ़ाना, सीमा क्षेत्र के लोगों के बीच रक्षा तैयारियों और देश के शेष भागों के साथ सांस्कृतिक एकता की समझ विकसित करना और सजीव मनोरंजन माध्यमों जिसके तहत देश के सभी भागों में फैले नाट्यकला के दोनों स्वरूप – शहरी और लोक, के जरिए सेना के एकांत प्रदेशों में तैनात जवानों का मनोबल बनाए रखना है। और इसके साथ ही बड़े समूह के बीच समाज के व्यापक हित के लिए विकास की नीतियों, कार्यक्रमों और योजनाओं के लिए जागरूकता फैलाना है। एलडब्ल्यूई क्षेत्र, सीमा से सटे क्षेत्र, जम्मू – कश्मीर, पंजाब और उत्तर – पूर्व क्षेत्र जैसे संवेदनशील और आंतरिक क्षेत्रों में सीमा पार से किए जाने वाले दुष्प्रचार का मुकाबला करने और इन क्षेत्रों के लोगों को राष्ट्र के मुख्यधारा में लाने के लिए प्रभाग द्वारा विशेष प्रचार किया जाता है।

अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए प्रभाग लोक और परंपरागत नाटकों, नृत्यनाटकों (बैलेट), गीतिनाट्य (ओपेरा), नृत्य के साथ अभिनयकर्म, लोक और परंपरागत वृतांत, कठपुतली का तमाशा और यहां तक कि सदियों पुरानी परंपरा के सैकड़ों मदारी के खेल जैसे व्यापक लोक और परंपरागत स्वरूपों का उपयोग करता है। इसके अलावा प्रभाग आधुनिक तकनीकों के साथ ध्वनि एवं प्रकाश प्रदर्शनी और सांप्रदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता, धर्म निरपेक्षता, सांस्कृतिक धरोहर का प्रचार, स्वच्छ भारत मिशन (एक कदम स्वच्छता की ओर), एक भारत – श्रेष्ठ भारत, बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ, कुपोषण और गैरकानूनी व्यापार, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विषयों पर जागरूकता आदि जैसी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय थीमों पर अभिनय करने के लिए सैकड़ों कलाकारों का उपयोग करता है।

देश के विभिन्न भागों में पाए जाने वाले कई लोक और परंपरागत स्वरूपों का उपयोग करते हुए प्रभाग एक ओर इन स्वरूपों के पुनरुद्धार और इन्हें जीवंत बनाए रखने का एक शक्तिशाली जरिया बन गया है तो दूसरी तरफ उद्देश्यपूर्ण संचार के लिए हजारों अभिनयकर्ताओं/कलाकारों को उनके कौशल/क्षमता का उन्हीं की भाषा, लोकोक्ति और बोली में उपयोग करते हुए आजीविका प्रदान करने में सक्षम है।

इस प्रभाग के अध्यक्ष निदेशक होते हैं, यह तीन स्तरों पर कार्य करता है जैसे–

(1) दिल्ली के मुख्यालयों

(2) बंगलुरू, भोपाल, चंडीगढ़, चेन्नई, दिल्ली, गुवाहाटी, कोलकाता, लखनऊ, पुणे और रांची स्थित दस क्षेत्रीय कार्यालय।

(3) दरभंगा, गुवाहाटी, इम्फाल, जम्मू, जोधपुर, नैनीताल और शिमला स्थित सहायक निदेशक की अध्यक्षता में सात सीमा केंद्र और भुवनेश्वर, दिल्ली, हैदराबाद, पटना, पुणे और श्रीनगर (जम्मू) स्थित प्रबंधकों की अध्यक्षता में छह विभागीय ड्रामा दल

प्रभाग की विभिन्न क्षेत्रीय इकाइयां तैयारी, प्रस्तुति और प्रचार संबंधी कार्यक्रमों की निगरानी के लिए उत्तरदायी होती हैं। उपर्युक्त के अलावा प्रभाग के पास एएफईडब्ल्यू योजना के तहत विभागीय कलाकारों के दो दल/इकाई (दिल्ली और चेन्नई में एक - एक) हैं, जो दूर दराज सीमांत और सुदूरवर्ती क्षेत्रों में तैनात सेना के जवानों के मनोरंजन के प्रति उत्तरदायी होते हैं।

मुख्य सचिवालय की सूचना विंग योजनाएं

(क) (प्रसार भारती को छोड़कर) मीडिया इकाइयों सहित सभी तीन क्षेत्रों के लिये नीति संबंधित अध्ययन, संगोष्ठी, मूल्याकंन आदि

अध्यादेश, लक्ष्य और उद्देश्य, नीति खाका और नीति वक्तव्य

अर्थव्यवस्था के मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में 12 वीं पंचवर्षीय योजना (2012-2017) में की गयी उच्च विकास क्षमता का अनुमान किया गया है। विकास क्षमता को हासिल करने के लिये सूचना और प्रसारण मंत्रालय की ओर से फिल्म, सूचना और प्रसारण क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं कार्यक्रमों को क्रियान्वित किया जा रहा है। (प्रसार भारती को छोड़कर) मीडिया इकाइयों सहित सभी तीन क्षेत्रों के लिए नीति से संबंधित अध्ययन, संगोष्ठी, मूल्यांकन की योजना के तहत मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र में नीति संबंधी अध्ययन, संगोष्ठी और नए/मौजूदा योजना योजनाओं के मूल्यांकन का प्रावधान किया गया है। अध्ययनों/संगोष्ठियों और मुल्याकंनों के जरिये नई योजनाओं की नीति संबंधी रूपरेखा, उन्हें बनाने तथा उनकी निगरानी में मदद मिलेगी।

(ख) मानव संसाधन विकास के लिए प्रशिक्षण

सिविल सेवा में बदलाव लाने हेतु, एक रणनीतिक मानव संसाधन प्रबंधन तंत्र की आवश्यकता होती है, जो मंत्रालय / विभाग / संगठन के मिशन और उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को महत्वपूर्ण, उत्साहित, विकसित और योग्य बनने लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में देखता है। बदलाव की इस प्रक्रिया में, व्यक्ति द्वारा किए जाने वाले कार्यों से उनकी क्षमता का मेल करने और वर्तमान तथा भविष्य की भूमिका के लिए प्रशिक्षण के माध्यम से क्षमता में कमी को दूर करना आवश्यक हो जाता है।

2. क्षमता के अंतर्गत ज्ञान, कौशल और व्यवहार को शामिल किया गया है, जो किसी पद पर प्रभावी रूप से कार्य निष्पादन के लिए व्यक्ति में होना आवश्यक है। क्षमता को व्यापक तौर पर उन मुख्य कौशलों में विभक्त किया जा सकता है जिसे सरकारी कर्मचारी को विभिन्न कार्यों या स्तर के लिए उस स्तर की निपुणता की आवश्यकता होती है। उनमें से कुछ क्षमताओं में नेतृत्व, संचार, वित्तीय और लोक प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी, परियोजना प्रबंधन आदि शामिल हैं। अन्य प्रकार के क्षमताओं में सड़क निर्माण, सिंचाई परियोजना, बाढ़ नियंत्रण उपाय करना, नागर विमानन, चिकित्सा देखभाल, मीडिया प्रबंधन आदि जैसे पेशेवर या विशेष कौशल शामिल हैं।

3. सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, सूचना, प्रसारण और फिल्म क्षेत्र के लिए एक अधिकृत मंत्रालय है। अपनी विभिन्न मीडिया इकाइयों के द्वारा मंत्रालय विभिन्न सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों से जुड़ी सूचनाओं के प्रसार के लिए उत्तरदायी होता है। इस प्रक्रिया में जिन विभिन्न माध्यमों का उपयोग होता है उनमें इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट, फिल्म, अंतर्वैयक्तिक प्रचार,

सजीव कला एवं संस्कृति, लोक सूचना अभियान आदि का उपयोग होता है। मंत्रालय के भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी अपने सेवा काल के दौरान इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट और अंतर्वैयक्तिक मीडिया इकाइयों में पदस्थापित रहते हैं। इसी प्रकार से सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के मुख्य सचिवालय के अधिकारी मीडिया क्षेत्र के लिए नीति निर्माण में संलग्न होते हैं और विभिन्न मीडिया इकाइयों को प्रशासनिक सुविधाएं मुहैया कराते हैं। यह जरूरी है कि ये सभी अधिकारी प्रशिक्षित हों ताकि उन्हें चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारियों से युक्त किया जा सके।

(ग) अंतर्राष्ट्रीय मीडिया कार्यक्रम

सूचना और संचार के धरातल पर प्रमुख अधिकारियों को शामिल कर मीडिया नीतियों और रणनीतियों के क्षेत्र में भारत एवं अन्य देशों के बीच साझेदारी करने और उसे मजबूत करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मीडिया कार्यक्रम बारहवीं योजना में शुरू किया गया था। अंतर्राष्ट्रीय मीडिया कार्यक्रम विशेष तौर पर वे जो सरकारी संचार और संस्थानिक प्रक्रिया में शामिल हैं, की महत्वपूर्ण भूमिका की पहचान करता है, सूचना, फिल्मों और प्रिंट मीडिया के क्षेत्र में परस्पर विनिमय और समझ को बढावा देकर राष्ट्रों के बीच बेहतर समझ विकसित करने और दोस्ताना संबंध मजबूत करने में अहम भूमिका अदा करता है।

फिल्म क्षेत्र

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड, मुंबई

अधिदेश, लक्ष्य और उद्देश्य, नीति कार्यसंरचना और नीति वक्तव्य

सीबीएफसी सिनेमैटोग्राफ अधिनियम, 1952, सिनेमैटोग्राफ (प्रमाणीकरण) नियम, 1983 और केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार भारत में प्रदर्षित करने के लिए फिल्म को प्रमाणित करने का अधिकार दिया गया है।

सीबीएफसी का उद्देश्य सिनेमैटोग्राफ अधिनियम के प्रावधानों के तहत जनता में स्वस्थ्य मनोरंजन और पुनर्सृजन को सुनिश्चित करना है।

सीबीएफसी का प्रयास प्रमाणीकरण प्रक्रिया को पारदर्शी और जिम्मेदार बनाना है। इसके लिए सीबीएफसी कंप्यूटर के माध्यम से प्रमाणीकरण प्रक्रिया के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करता है। सीबीएफसी सलाकार पैनल सदस्यों, मीडिया और फिल्म निर्माताओं को प्रमाणीकरण के लिए दिशानिर्देश और फिल्मों के वर्तमान चलन के बारे जागरूक करने के लिए कार्यशालाओं और बैठकों का आयोजन करता है।

योजना स्कीम:

(A) **सीबीएफसी का उन्नयन, आधुनिकीकरण और विस्तार तथा प्रमाणीकरण प्रक्रिया**

(I) फिल्म आवेदन पत्रों और प्रमाणीकरण की ऑनलाइन प्रक्रिया, वेबसाइट उन्नयन, हार्डवेयर खरीद की दिशा में आगे बढ़ना

(II) चार कार्यालयों के लिए प्रोजेक्शन तंत्र का डिजिटलीकरण और सभी कार्यालयों के लिए डिजिटल थिएटर

(III) सीबीएफसी, मुंबई और इसके क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए अतिरिक्त स्थान का अधिग्रहण।

(B) **मानव संसाधन विकास (योजना)**

(I) बोर्ड के सदस्यों और क्षेत्रीय अधिकारियों के लिए फिल्म के प्रमाणीकरण से संबंधित कार्यशालाओं / सेमिनारों का आयोजन करना

(II) प्रत्येक क्षेत्र के लिए सलाहकार पैनल सदस्यों के लिए कायशालाओं / सेमिनारों का आयोजन करना

(III) समूह 'ए', 'बी', और 'सी' सदस्यों के लिए कार्यशालाओं / सेमिनारों का आयोजन करना

(IV) समूह 'ए' के अधिकारियों के लिए विदेश में प्रशिक्षण

बाल फिल्म समिति, भारत

संक्षिप्त परिचय

समिति की गतिविधियां

1. निर्माण एवं प्रबंध – सीएफएसआई बच्चों और युवाओं के लिए फीचर फिल्मों, एनीमेOान, लघु फिल्मों, कठपुतली फिल्मों और टीवी सीरियलों के फिल्म के साथ ही साथ वीडियो फॉर्मेट में निर्माण करने में संलग्न है। समिति, अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में सराही गई कुछ खास विदेशी फिल्मों के प्रदर्शन अधिकार भी खरीदती है। समिति द्वारा बनाई गई फिल्मों और जिन फिल्मों के अधिकार खरीदे गए हैं, उन्हें प्रदर्शन के लिए विभिन्न भारतीय भाषाओं में डब भी किया जाता है।

2. फिल्म समारोह–

अ. राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म समारोह : सीएफएसआई हर दो वर्ष में एक बार वैकल्पिक रूप से प्रतियोगात्मक अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म समारोह और राष्ट्रीय बाल–फिल्म समारोह का आयोजन करती है ताकि बच्चों को फिल्म निर्माताओं के रूप में बढ़ावा दिया जा सके और बाल फिल्म निर्माता को विचारों के आदान प्रदान और सम्पर्क बनाने के लिए मंच उपलब्ध कराया जा सके।

ब. अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म समारोहों में भाग लेना: सीएफएसआई के चलचित्रों ने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोंहों में भाग लिया है और पुरस्कार जीते हैं। सीएफएसआई के अधिकारी भी इस तरह के समारोंहों में भाग लेते हैं ताकि सीएफएसआई की फिल्मों का सुदूर देशों में प्रचार और मार्केटिंग की जा सके।

3. फिल्मों का प्रदर्शन और वितरण:

1.निजी प्रदर्शन : कई स्कूल और निजी संस्थाएं गैर व्यवसायिक प्रदर्शन के लिए फिल्में प्राप्त करती हैं। सीएफएसआई निर्धारित किराया दरों के भुगतान पर एलसीडी प्रॉजेक्टरों के माध्यम से स्कूलों अथवा सिनेमाघरों में फिल्म शोज़ का आयोजन करती हैं।

2.जिला और राज्य स्तरीय समारोह : इस गतिविधि को जिला प्रशासन के सहयोग से संचालित किया जाता है। इसके लिए विभिन्न राज्यों के विभिन्न जिलों को चिन्हित किया जाता है और उनके प्रदर्शन के कार्यक्रम तैयार किये जाते हैं। इन फिल्मों को देखने वाले बच्चे बड़ी संख्या में सरकारी/नगर पालिका स्कूलों/जिला परिषद स्कूलों से होते हैं। वित्तीय वर्ष 2007–08 से मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि वंचित वर्ग के बच्चों से कोई भुगतान नहीं लिया जाएगा और सीएफएसआई उन्हें मुफ्त में फिल्में दिखाएगी। वो बच्चे जो चलचित्रों को देखने के लिए नाम मात्र के खर्च पर टिकट खरीद सकते हैं उनसे वह पैसा राजस्व सदृजन के लिए व्यय को ध्यान में रखते हुए लिया जाएगा।

3. गैर-रंगशालीय मुफ्त शो : ग्रामीण और शोषित बच्चों तक पहुंच बनाने के लिए सीएफएसआई दाहरी और जनजातीय बच्चों के लिए मुफ्त द्यो का आयोजन करती है। इस गतिविधि को युवा मामलों और खेल मंत्रालय के अंतर्गत स्वायत्त निकाय नेहरू युवा केंद्र संगठन, गैर-सरकारी संगठनों, जिला प्रशासन के अधिकारियों के माध्यम से संचालित किया जाता है। ऐसे शो के आयोजन पर होने वाले व्यय की व्यवस्था सीएफएसआई द्वारा सरकार से इस उद्देश्य के लिए प्राप्त अनुदान-सहायता से की जाती है। इस योजना के अंतर्गत, सुधार गृहों, अनाथालयों इत्यादि में रहने वाले बच्चों को भी द्यामिल किया जाता है।

4.वितरकों के माध्यम से शो: सीएफएसआई स्कूलों और प्रेक्षागृहों में चलचित्रों के प्रदर्शन के लिए वितरकों/आयोजकों को द्यामिल करती है। वे तय मासिक द्युल्क का भुगतान कर फिल्में प्राप्त करते हैं और उन्हें निर्धारित क्षेत्रों में दिखाते हैं।

5.मल्टीप्लेक्स सिनेमा घरों के माध्यम से सीएफएसआई फिल्मों का प्रदर्शन: स्कूलों के सहयोग से मल्टीप्लेक्स सिनेमाघरों के माध्यम से सीएफएसआई फिल्मों दिखाने के लिए शो का आयोजन किया जाता है। उसके पूरे टिकट स्कूलों द्वारा बुक करवा लिये जाते हैं।

6.टेलीविजन पर फिल्में दिखाना : सीएसएफआई फिल्में दूरदर्शन के राष्ट्रीय नेटवर्क और डीडीके के क्षेत्रीय चैनलों और अन्य सेटेलाइट चैनलोंकेकेपर भी दिखायी जाती हैं।

7.डीवीडी की बिक्री : सीएसएफआई की चुनिंदा लोकप्रिय फिल्में डीवीडी फॉर्मेट में परिवर्तित करके बेची जाती हैं।

8.पूर्वोत्तर और जम्मू-कश्मीर में गतिविधियां: सीएसएफआई निर्माण, कार्यशाला और प्रदर्शनी के प्रदर्शन के माध्यम से पूर्वोत्तर राज्यों सहित क्षेत्रीय भाषाओं में फिल्मों को बढ़ावा देती है।

फिल्म समारोह निदेशालय

अधिदेश, लक्ष्य, नीति निर्माण और नीति विवरण

फिल्म समारोह निदेशालय को अच्छे सिनेमा के प्रसार और अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह आयोजित करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके द्वारा वह भारतीय फिल्मों का देश और विदेश में प्रसार करता है, फिल्म सप्ताह का आयोजन करता है, मिनी फेस्टिवल और राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों का आयोजन करता है। फिल्म समारोह निदेशालय सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम का प्रबंध भी देखता है।

निदेशालय भारतीय सिनेमा के श्रेष्ठ को भारत के भीतर और विदेश में प्रसार करने का कार्य करता है और विश्व सिनेमा के श्रेष्ठ को भारत तक लाने की व्यवस्था करता है। फिल्म समारोह निदेशालय द्वारा आयोजित किये जाने वाले समारोह भारत और विदेश के प्रोफेशन्ल्स को मिलने , बातचीत करने और अपने विचारों का आदान प्रदान करने के लिगए मंच देते हैं।

ऊपर बताये गये अधिदेश को प्राप्त करने की तरफ, 12वीं योजना "फिल्म क्षेत्र से संबंधी ढांचागत विकास" के "भारत और विदेश में फिल्म समारोह और फिल्म बाजार के द्वारा भारतीय सिनेमा का प्रसार" नामक एक विस्तृत घटक द्वारा यथोचित तरीके से फिल्म समारोह निदेशालय द्वारा की जाने वाली सभी गतिविधियों पर अधिदेश के अनुसार काम किया जाता है। निदेशालय की निम्नलिखित गतिविधियां मंत्रालय के मुख्य सचिवालय के अंतर्गत उपर्युक्त 12वीं योजना के घटक "भारत और विदेश में फिल्म समारोह और फिल्म बाजार के द्वारा भारतीय सिनेमा का प्रसार" का हिस्सा बनती हैं, जिसमें अन्य के साथ-साथ निम्नलिखित घटक शामिल हैं-

1. भारत के अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह

2.भारत और विदेश में भारतीय फिल्मों की भागीदारी

3. भारतीय फिल्मों का चयन

इस रखरखाव के अलावा सिरी फोर्ट फिल्म फेस्टिवल कॉम्पलेक्स का अनुरक्षण भी निदेशालय की जिम्मेदारी है। सिरी फोर्ट कल्चरल कॉम्पलेक्स के संपूर्ण परिवेश के उन्नतिकरण, प्रोजेक्शन सिस्टम में सुधार और उन्नतिकरण, साउंड, लाइटिंग और कम्युनिकेशन सिस्टम में सुधार के साथ-साथ बिजनेस प्रमोशन और इसके द्वारा प्रेक्षागृह को नई तकनीक से लैस करना भी 12वीं योजना के घटक सिरी फोर्ट कॉम्पलेक्स का उन्नतिकरण के अंतर्गत किया जाएगा।

भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे

अधिदेश, लक्ष्य और उद्देश्य, नीति रूपरेखा और नीति निर्देश

फिल्म इंस्टीट्यूट का गठन फिल्म निर्माण की कला और तकनीक के क्षेत्र में प्रशिक्षण देने वाले प्रमुख संस्थान के रूप में 1960 में किया गया था। 1974 से, इसने दूरदर्शन के कर्मचारियों को टेलीविजन निर्माण में भी प्रशिक्षण देना शुरू किया और संस्थान का नाम बदलकर फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया कर दिया गया। फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, अपनी तरह का एक प्रमुख संस्थान है और यह फिल्म निर्माण व टेलीविजन प्रशिक्षण देने की पूरी जिम्मेदारी का निर्वाह कर रहा है।

शैक्षिक गतिविधियां

संस्थान द्वारा करवाए जाने वाले शैक्षिक पाठ्यक्रम

क्रमांक.	**पाठ्यक्रमों का नाम**	**विद्यार्थियों की वर्तमान संख्या**
(ए)	फिल्म व टेलीविजन में तीन वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स	
1	निर्देशन	65
2	सिनेमेटोग्राफी (फिल्म व टेलीविजन)	65
3	एडिटिंग (फिल्म व टेलीविजन)	64
4	ऑडियोग्राफी (फिल्म व टेलीविजन)	58
(बी)	**दो वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स**	
1	एक्टिंग	24
2	आर्ट डायरेक्शन व प्रोडक्शन डिजाइन	29
(सी)	**एनिमेशन व कंप्यूटर ग्राफिक्स में डेढ़ वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स**	00
(डी)	**टेलीविजन में एक साल का पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट कोर्स**	
1	निर्देशन	25
2	इलेक्ट्रॉनिक सिनेमेटोग्राफी	24
3	वीडियो एडिटिंग	23

4	ऑडियोग्राफी व टेलीविजन इंजीनियरिंग	22
(इ)	**फीचर फिल्म पटकथा लेखन में एक वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट कोर्स**	23
	कुल :	422

साल 2012–2013 के लिंए एनिमेशन और कंप्यूटर ग्राफिक्स में नॉन एडमिशन

लघु पाठ्यक्रम

एफटीआईआई काम कर रहे पेशेवरों के लिए और संबंधित हितों के साथ विभिन्न लघु पाठ्यक्रम चलाता है।

योजनाएं

संस्थान योजनागत परियोजनाओं को मुख्य रूप से प्रशिक्षित श्रमशक्ति बढ़ाने के नतीजे को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण के बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षण विधि की वृद्धि पर ध्यान देता है, उपलब्ध सुविधाओं को उचित और आधुनिक ढांचे के साथ विकसित करते हुए और जहां भी फिल्म शूटिंग इत्यादि के लिए संभव हो, सुविधाओं को उपलब्ध कराते हुए, संस्थान के लिए राजस्व बढ़ाने की दृष्टि के साथ। यह योजना फिल्म और टेलीविजन की बारीकियों को आधुनिक तकनीक के साथ सीखने के लिए एक उपयुक्त माहौल बनाने के लिए प्रयास करता है।

फिल्म प्रभाग

फिल्म डिविजन का लक्ष्य जनता की सूचना, जानकारी और प्रोत्साहन और सांस्कृतिक उद्देश्य के लिए डॉक्यूमेंट्री, एनिमेशन और शॉर्ट फिल्मों का निर्माण और वितरण है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए फिल्म डिविजन विभिन्न विषयों पर डॉक्यूमेंट्री का निर्माण करता है। यह निजी निर्माताओं द्वारा डॉक्यूमेंट्री निर्माण को भी प्रोत्साहन देता है। देश में डॉक्यूमेंट्री आंदोलन को बढ़ावा देने के लिए फिल्म डिविजन मुंबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन करता है, जो एक द्विवार्षिक आयोजन है। फेस्टिवल दुनिया भर से डॉक्यूमेंट्री फिल्मकारों को साथ आने और उनके विचारों का आदान–प्रदान करने के लिए बढ़ावा देता है।

भारत का राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार

अधिदेश, लक्ष्य और उद्देश्य:

एक कला और ऐतिहासिक दस्तावेज के रूप में फिल्म के संरक्षण के लिए दुनिया भर में स्वीकार किया गया है। अपने विभिन्न भावों और रूपों में सिनेमा के संरक्षण का कार्य भारतीय राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार (एनएफएआई), पर्याप्त संसाधन और विशेषज्ञता वाले एक राष्ट्रीय संगठन को सौंपा गया है। एनएफएआई की स्थापना फरवरी, 1964 में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अधीन एक स्वतंत्र मीडिया इकाई के रूप में की गई थी।

लक्ष्य और भारतीय राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार के उद्देश्य हैं:

क) राष्ट्रीय सिनेमा की विरासत की पहचान, रक्षा, अधिग्रहण और विश्व सिनेमा के एक प्रतिनिधि संग्रह का निर्माण

ख) देश में फिल्म संस्कृति के प्रचार–प्रसार के लिए एक केन्द्र के रूप में कार्य करने के लिए और विदेशों में भारतीय सिनेमा के सांस्कृतिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए।

सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता

अधिदेश, लक्ष्य, उद्देश्य, नीति रूपरेखा और नीति वाक्य

सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, कोलकाता की स्थापना सूचना व प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था के तौर पर की गई थी। फिल्म मेकिंग की कला और तकनीक का प्रशिक्षण देने वाला यह प्रमुख संस्थान है। यह सरकार द्वारा स्थापित किया गया राष्ट्रीय स्तर का दूसरा संस्थान है। एसआरएफटीआई निम्नलिखित क्षेत्रों में तीन साल का पीजी डिप्लोमा कोर्स करवाता है।

1- निर्देशन व पटकथा लेखन

2- मोशन पिक्चर फोटोग्राफी

3- संपादन

4- अडियोग्राफी

5- फिल्म और टेलीविजन के लिए प्रोडक्शन

एनिमेशन और इलेक्ट्रॉनिक इमेजिंग में भी यह संस्थान जल्द ही कोर्स शुरू करने वाला है।

विभाग के अनुसार वर्तमान में विद्यार्थियों की संख्या निम्नलिखित तालिका में दिखाई गई है-

बैच	**नौवां बैच**	**दसवां बैच**	**ग्यारहवां बैच**	**बारहवां बैच**	
वर्ष	2010-13	2011-14	2012-15	2013-16	**कुल**
निर्देशन	08	10	10	10	38
एमपीपी	10	9	11	10	40
संपादन	09	09	11	11	40
साउंड	05	11	06	08	30
फिल्म व टेलीविजन के लिए निर्माण	-	-	09	08	17
	32	41	47	47	167

बेसिक डिप्लोमा कोर्स के अलावा, यह संस्थान विभिन्न शॉर्ट टर्म कोर्स भी करवाता है और साथ ही फिल्म इंडस्ट्री और विभिन्न संस्थाओं की मांग पर विभिन्न प्रोजेक्ट्स पर भी काम किया जाता है। वर्तमान में संस्थान ढांचागत विकास के लिरए 12वीं योजना का क्रियान्वयन कर रहा है। इसमें गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण, क्लास रूम थियेटर और कॉमन वर्क स्टेशन का निर्माण, एडिटिंग विभाग के लिए नई बिल्डिंग का निर्माण, मुख्य थियेटर का रिनोवेशन, एक्सीलेंस ऑन टीवी के लिए सेंटर तैयार करना, एनिमेशन के लिए उपकरण उपलब्ध कराना और मौजूदा विभागों के उपकरणों का उन्नतिकरण शामिल है।

मुख्य सचिवालय की फिल्म विंग स्कीमें

(क) एंटी पाइरेसी पहल

चोरी (पायरेसी) किसी भी रचनात्मक क्षेत्र में विशेष रूप से फिल्म के क्षेत्र में एक बड़ा खतरा है। अत:, इस योजना का प्रमुख लक्ष्य सभी हितधारकों के बीच पायरेसी के विरुद्ध जागरूकता पैदा करना और इसका सामना करने हेतू शिक्षित करना है। ये योजना, इस सम्बन्ध में मंत्रालय द्वारा उठाये गए कदमो को आगे बघने को ही प्रस्तावित करता है। ये योजना फिल्म, प्रसारण और संगीत उद्योग के सभी हितधारकों को सम्मिलित करते हुए अभियान के शुरुआत की परिकल्पना करती है। सिनेमा और मीडिया की हस्तियों से अनुरोध किया जायेगा कि अभियान करे और लोगों से अनुरोध करे और पायरेटेड माल खरीदने से बचे। ये अभियान दूरदर्शनध्एआईआर और निजी टीवी चौनलों और निजी एफएमओं पर निष्पादित किये जायेंगे। कॉपीराइट एक्ट के बारे में जागरूक करने के लिए पुलिस, न्यायिक और प्रशासनिक अधिकारियों हेतू प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कार्यशालाओं के आयोजन देश के अलग-अलग हिस्सों में किये जायेंगे। पायरेसी के प्रभाव पर शोध चोरी का मुकाबला करने के लिए सार्वजनिक निजी रणनीतियों के विकास के साथ ही कार्यान्वयन सक्षम करने के लिए आयोजित किया जाएगा।

(ख) फिल्म सामग्री का विकास, संचार एवं प्रसार

देश में सौंदर्यपरक और तकनीकी रूप से बेहतरीन फिल्मों के निर्माण को सहयोग करने और इन फिल्मों को विभिन्न अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों और साथ ही फिल्म बाजारों में प्रसार के लिए और फिल्म संबंधी सामग्री का संरक्षण करने के लिए 12वीं योजना के दौरान मंत्रालय ने एक परियोजना का उल्लेख किया है।

ऊपर बताए गए लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए और इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, फिल्म बाजार और भारत व विदेश के विभिन्न फिल्म बाजारों में भागीदारी, विभिन्न आयोजनों के प्रभावी प्रबंधन, डॉक्यूमेंट्री फिल्म्स के लिए मुंबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन, इंटरनेशनल चिल्ड्रंस फिल्म फेस्टिवल और देश भर में बाल फिल्मों की प्रदर्शनी और साथ ही फीचर फिल्मों, डॉक्यूमेंट्री फिल्मों और बाल फिल्मों का निर्माण, ये गतिविधियां विभिन्न मीडिया इकाइयों की विभिन्न गतिविधियों के बीच बेहतर तालमेल बनाने के उद्देश्य से मंत्रालय के मुख्य सचिवालय के अंतर्गत 12वीं योजना की "फिल्म संबंधी सामग्री का विकास, संचार और प्रचार" नामक परियोजना में जोड़ दी गई हैं।

योजना के विभिन्न घटक इस तरह हैं-

1. फिल्मी हस्तियों की विदेश यात्रा समेत भारत और विदेश में फिल्म समारोहों का आयोजन और उनमें भागीदारी, देश में फिल्म फेस्टिवल का आयोजन करने के लिए एनजीओ

और राज्य सरकारी की संस्थाओं को आर्थिक सहायता देना और एफएफएसआई को कला दृष्टि से अहम फिल्मों की प्रदर्शनी के लिए आर्थिक सहायता देना, फिल्मों के प्रति जागरूकता फैलाना, फिल्म सराहना पर जर्नल प्रकाशित करना और कांफ्रेंस व सेमीनार का आयोजन करना इत्यादि।

2. इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का आयोजन करना और भारतीय पैनोरमा के अंतर्गत फिल्म का चयन और भारतीय पैनोरमा फिल्मों का संग्रह।
3. भारत और विदेश में फिल्म बाजारों में भागीदारी
4. डॉक्यूमेंट्री फिल्म्स के लिए मुंबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के द्विवर्षीय समारोह का आयोजन।
5. दो साल में एक बार इंटरनेशनल चिल्ड्रन फिल्म फेस्टिवल का आयोजन।
6. दो साल में एक बार नेशनल चिल्ड्रन फिल्म फेस्टिवल का आयोजन।
7. देश भर के स्कूलों में बाल फिल्मों की प्रदर्शनी
8. विभिन्न भारतीय भाषाओं में फीचर फिल्म्स का निर्माण
9. डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का निर्माण
10. बाल फिल्मों का निर्माण
11. फिल्म डिविजन के फिल्म अभिलेख की वेबकास्टिंग
12. अभिलेख सामग्री का संकलन।

(ग) राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन

सूचना और प्रसारण मंत्रालय इस नई 12 वीं योजना अर्थात "राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन" का भारतीय राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार के माध्यम से फिल्म व फिल्म सामग्री के अभिलेखन के संरक्षण, डिजिटलीकरण के लिए क्रियान्वित कर रहा है। इस योजना के क्रियान्वयन की प्रशासनिक मंजूरी को 24.11.2014 को जारी किया गया था।

यह योजना प्रिर्जवेशन विदआउट एरर, एक्सेस विदआउट एंड के लक्ष्य के साथ फिल्म विरासत को संरक्षित रखने का प्रस्ताव करती है। इस योजना की प्रस्तावित गतिविधियां निम्नलिखित हैं–

1. 1050 फीचर फिल्मों और 960 शॉर्ट फिल्मों का पुनर्निमाण
2. 1050 फीचर फिल्मों और 1200 शॉर्ट फिल्मों का डिजिटलीकरण
3. 1050 फीचर फिल्मों और 960 शॉर्ट फिल्मों के इंटर नेगेटिव्स का संरक्षण अभिलेखीय उद्देश्य के लिए।
4. इस तरह की पुनर्निमित की गई सामग्री के संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय मानक के कोष्ठ का निर्माण
5. पुननिर्माण और संरक्षण के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन।

(घ) ऐनिमेशन, गेमिंग और विशेष प्रभावों के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना

एनीमेशन, गेमिंग और वीएफएक्स सेक्टर की उत्कृष्टता हेतु केंद्र की स्थापनाः

तीव्र प्रौद्योगिकीय विकास ने एनिमेशन, गेमिंग और विशेष दृश्य प्रभाव क्षेत्र में विकास को गति प्रदान की है। 2डी सेल एनिमेशन और 3डी एनिमेशन तकनीकों के प्रयोग एनीमेशन सॉफ्टवेयर प्रोग्राम के व्यापक इस्तेमाल सहित टेलीविजन कार्यक्रमों, फिल्मों और वीडियो गेम की एनिमेशन सामग्री के विकास हेतु उपयोग किया जाता है। 3डी मोशन कैप्चर एनिमेशन तकनीकी का प्रयोग कम रिजोल्यूशन के गेम, इंटरनेट करेक्टर, स्पेशल इफेक्ट आदि हेतु किया जाता है, इसी भांति, गेम डिजाइन, प्लेटफार्म डिजाइन और प्ले कैरेक्टरिस्टिक नवीनतम गेमिंग सॉफ्टवेयर हेतु गेमिंग उद्योग नवीनतम गेमिंग सॉफ्टवेर पर निर्भर करता है। भारतीय गेमिंग उद्योग का मोबाइल और ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्रों में अवसरों पर वर्चस्व जमाने की उम्मीद है। एनिमेशन, गेमिंग और विजुअल इफेक्ट उद्योग प्रौद्योगिकी और तकनीकी और व्यावसायिक जनशक्ति गहन दोनों है। भारतीय उद्योग पहले से ही विरोधाभास का सामना कर रही है। यद्यपि, भारत का इन उद्योगों में तात्कालिक योगदान काफी छोटा है, परंतु, वैश्विक मांग और भारत के पास आईटी पेशेवरों का विशाल पूल के होने की वजह से इसके पास बहुल क्षमता है।

विजुअल इफेक्ट्स एक अत्यंत कुशल गतिविधि है और ऑडियो-विजुअल उद्योग में तेजी से प्रयोग हो रहा है। इस कौशल का विकास एनिमेशन और गेमिंग के समरूप होगा और इसमें बहुल राजस्व कि क्षमता भी है। जबकि, तीव्र गति से फैलता एनिमेशन, गेमिंग और विजुअल इफेक्ट्स का यह उद्योग पहले से ही प्रशिक्षित पेशवरों के की कमी का सामना कर रही है। इस उद्योग के अनुमानित विकास की आशा है जिसके लिए तेजी से कुशल श्रमशक्ति की मांग के अंतर को भरने की तात्कालिक जरूरत है। अत:, ये अत्यावश्यक है कि भारत एनिमेशन, गेमिंग और विजुअल इफेक्ट्स के सेक्टर हेतु प्रशिक्षित कर्मियों की वृद्धि को सुनिश्चित करे। लक्ष्य को प्राप्त करने के क्रम में, इस सेक्टर के लिए एक मानव संसाधन योजना की आवश्यकता होगी ताकि कुशल कर्मियों की तादाद तेजी से बढ़े अत:, उच्चशिक्षा में स्कूल के पाठ्यक्रम और एनिमेशन ट्रेनिंग के बीच एक स्पष्ट सह-सम्बन्ध की आवश्यकता है। ऊपर वर्णित लक्ष्यों के द्वारा यह परिकल्पित किया गया है कि एनिमेशन, गेमिंग और विजुअल इफेक्ट्स के क्षेत्र हेतू एक विशेष प्रशिक्षण और परामर्श संस्थान सार्वजनिक /निजी भागीदारी में स्थापित किया जाएगा। इन क्षेत्रों में मानक शिक्षण और प्रशिक्षण के मामले में बेंचीमार्क को लागू करने और पूरे क्षेत्र के लिए नेतृत्व की भूमिका प्रदान करने के लिए।

यह संस्थान इस क्षेत्र में अनुसंधान के अवसर भी प्रदान करेगा। यह आगे तकनीकी पहल और सॉफ्टवेयर विकास के लिए सक्षम करेगा। लंबी अवधि के परिप्रेक्ष्य में, अनुसंधान न सिर्फ बौद्धिक संपदा के सृजन में सहयोग करता है वरन संबंधित क्षेत्र में राजस्व वृद्धि और नेतृत्व के प्रतिदान में भी सहयोग करता है।

इस संस्थान की संस्थापना सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के तहत प्रस्तावित की गयी है। परंतु, अभी तक, इस योजना को स्वीकृति नहीं मिली है।

प्रसारण क्षेत्र

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मॉनिटरिंग केंद्र

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मानिटरिंग सेंटर(ईएमएमसी) सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक अधीनस्थ कार्यालय है। इसका प्रवर्तन 9 जून 2008 को शुरू हुआ, जिसका उद्देश्य (1.) केबल टेलीविजन नेटवर्क्स (रेगुलेशन) एक्ट 1995 और उसके अंतर्गत गठित नियमों में निहित कार्यक्रमों और विज्ञापन संहिताओं (2.) निजी एफएम रेडियो चैनलों (3.) प्रसारण क्षेत्र की सामग्रियों की निगरानी से संबंधित अन्य कार्यों के उल्लंघन की निगरानी करना है।

सरकार अब तक 850 टीवी चैनलों को मंजूरी दे चुकी है। 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012-17) के आखिर तक इन चैनलों की संख्या 1500 तक पहुंचने की संभावना है। 12वीं योजना में इन 1500 सेटेलाइट टीवी चैनलों की रिकॉर्डिंग और मॉनिटरिंग क्षमता को बढ़ाने पर भी विचार किया जा रहा है। इस वक्त देश में करीब 245 निजी एमएफ स्टेशन काम कर रहे हैं जबकि तीसरे फेस में 800 चैनल लाए जाने का प्रस्ताव है। 12वीं योजना अवधि के दौरान एफएम सामग्री की केंद्रीकृत निगरानी शुरू की जानी है। इस वक्त देश में करीब 180 सामुदायिक रेडियो स्टेशन काम कर रहे हैं और लगभग 220 आवेदनों पर विचार किया जा रहा है। सामुदायिक रेडियो स्टेशन के लिए केंद्रीकृत सामग्री निगरानी सुविधा भी जल्द शुरू की जाएगी। 'ईएमएमसी के सुदृढ़ीकरण' संबंधी योजना स्कीम के लिए 90 करोड़ रुपये की कुल लागत को मंजूरी दी गई है।

प्रसार भारती

अधिदेश,लक्ष्य एवं उद्देश्य और नीति व्यक्तव्य

भारतीय प्रसारण निगम की स्थापना का प्रावधान करने वाले प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) अधिनियम, 1990 को 15 सितंबर 1997 से लागू किया गया। इस अधिनियम में प्रावधान है कि सर्वसाधारण को जानकारी देने, शिक्षित करने और मनोरंजन करने के लिए लोक सेवा प्रसारण का आयोजन और संचालन करना निगम का प्राथमिक दायित्व है। यानी सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का अंग रहने के दौरान जो कार्य पहले आकाशवाणी और दूरदर्शन करते थे, वे कार्य अब यह निगम करेगा। निगम के सामान्य अधीक्षण, निर्देशन और प्रबंधन के कार्य प्रसार भारती बोर्ड को सौंपे जाएंगे। यह बोर्ड अपने सभी अधिकारों का इस्तेमाल और अपने ऐसे सभी कार्य उसी प्रकार करेगा जिस प्रकार इस अधिनियम के तहत निगम द्वारा किए जाते हैं।

निगम अपने कार्य सुचारू रूप से कर सके, इसके लिए अधिनियम में प्रावधान है कि संसद द्वारा कानूनी तौर पर इस बारे में विधिवत विनियोजन किए जाने के बाद, केंद्र सरकार आवश्यकतानुसार निगम को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में इक्विटी सहायता अनुदान या ऋण के रूप में धनराशि प्रदान कर सकती है। निगम का अपना कोष होगा और निगम की सारी प्राप्तियां इसी कोष में जमा की जाएंगी और निगम सभी भुगतान इसी कोष से करेगा।

1.इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, निगम का प्राथमिक दायित्व सर्वसाधारण को जानकारी देने, शिक्षित करने और मनोरंजन के लिए लोक प्रसारण सेवा का आयोजन और संचालन करना तथा रेडियो और टेजीविजन पर प्रसारण का संतुलित विकास सुनिश्चित करना होगा।

स्पष्टीकरण- शंकाएं दूर करने के लिए एतद् द्वारा यह घोषणा की जाती है कि इस खंड के प्रावधान भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 के प्रावधानों के अलावा होंगे, न कि अधिनियम के प्रावधानों के विरुद्ध होंगे।

2.निगम अपने कार्यों के निर्वहन में निम्नलिखित उद्देश्यों को ध्यान में रखेगा :

(ए) देश की एकता और अखण्डता तथा संविधान में निहित मूल्यों को कायम रखेगा,

(बी) सार्वजनिक हित, राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय मामलों के बारे में मुक्त, सच्ची तथा निष्पक्ष सूचना प्राप्त करने के नागरिक के अधिकार का संरक्षण तथा अपनी विचारधारा या किसी राय को जोड़े बिना विविध दृष्टिकोणों सहित सूचना की निष्पक्ष तथा संतुलित प्रस्तुति,

(सी) शिक्षा के क्षेत्र में एवं साक्षरता, कृषि, ग्रामीण विकास, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर विशेष ध्यान देना,

(डी) उपयुक्त कार्यक्रमों के प्रसारण द्वारा देश के विविध क्षेत्रों की सांस्कृतिक विविधता एवं भाषाओं को पर्याप्त कवरेज प्रदान करना,

(ई) क्रीड़ा एवं खेल को पर्याप्त कवरेज प्रदान करना जिससे कि स्वस्थ प्रतियोगिता एवं खेल भावना को बढ़ावा मिले,

(एफ) युवाओं की विशेष आवश्कताओं को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त कार्यक्रम प्रदान करना।

(जी) महिलाओं की स्थिति एवं समस्याओं के संबंध में सूचना देना और राष्ट्रीय चेतना बढ़ाना तथा महिला उत्थान पर विशेष ध्यान देना,

(एच) सामाजिक न्याय को प्रोत्साहन देना और शोषण, असमानता दूर करना ,एवं छुआ-छूत जैसी बुराई को मिटाना तथा समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए काम करना,

(आई) कामगारों के अधिकारों की रक्षा करना एवं उनके कल्याण को बढ़ावा देना,

(जे) कमजोर एवं ग्रामीण वर्ग तथा सीमावर्ती क्षेत्र, पिछड़े एवं सुदूर क्षेत्रों के लोगो की भलाई के लिए कार्य करना,

(के) अल्पसंख्यकों एवं जनजातीय समुदायों की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उपुयक्त कार्यक्रम प्रदान करना,

(एल) बच्चों, दृष्टिबाधितों, वृद्धों, निशक्त जनों एवं अन्य कमजोर वर्गों के हितों की रक्षा के लिए कदम उठाना,

(एम) राष्ट्रीय एकता को बढ़ाने के लिए, ऐसे प्रसारण करना जो भारत में विभिन्न भाषाओं के जरिए संवाद को बढ़ाते हों और हर राज्य में वहां की भाषा में क्षेत्रीय प्रसारण सेवाओं को बढ़ावा देना,

(एन) उपयुक्त तकनीक के चयन द्वारा समग्र प्रसारण कवरेज प्रदान कराना तथा उपलब्ध प्रसारण फ्रीक्वेंसी का सर्वोत्तम उपयोग एवं उच्च गुणवत्ता वाली प्राप्ति सुनिश्चित करना,

(ओ)रेडियो एवं टेलीविजन प्रसारण तकनीक के निरंतर विकास के क्रम में शोध एवं विकास कार्य को आगे बढ़ाना और

(पी) विभिन्न स्तरों पर प्रसारण के अतिरिक्त चैनलों की स्थापना द्वारा प्रसारण सुविधाओं का विस्तार करना।

3.विशेष रूप से एवं बिना पूर्वाग्रह के सामान्य रूप से, वर्तमान प्रावधानों के अनुरूप, निगम कुछ ऐसे कदम उठा सकता है, जिन्हें वह उपयुक्त मानता है :

(क) कार्यक्रमों की उपलब्धता एवं निर्माण के लिए प्रसारण का लोकसेवा के रूप में संचालन सुनिश्चित करना,

(ख)रेडियो एवं टेलीविजन के लिए समाचार एकत्र करने के लिए व्यवस्था की स्थापना,

(ग)खेल प्रतियोगिताओं, अन्य महत्वपूर्ण घटनाओं, फिल्मों, सीरियलों, समारोहों, बैठकों तथा जनहित की अन्य घटनाओं के कार्यक्रमों के प्रसारण के लिए खरीद अथवा प्राप्ति के लिए बातचीत करना और ऐसे कार्यक्रमों के अधिकारों अथवा विशेषाधिकारों के आवंटन की प्रक्रिया निर्धारित करना,

(घ) रेडियो, टेलीविजन या अन्य सामग्री के लिए लाइब्रेरी की स्थापना एवं देखभाल,

(ड़) समय-समय पर कार्यक्रम, दर्शक शोध, बाजार या तकनीकी सेवाओं को संचालित या प्रारंभ करना, जो उपयुक्त व्यक्तियों को और उपयुक्त तरीकों से और नियमों एवं शर्तों के अनुसार जारी किए जा सकें, जिन्हें निगम उपयुक्त समझता हो,

(च) नियमों द्वारा विर्निदिष्ट हो सकने वाली अन्य सेवाओं को प्रदान करना।

4.उपधारा (2) और (3) की कोई भी बात निगम को, केंद्र सरकार की ओर से और सरकार द्वारा विर्निदिष्ट नियमों एवं शर्तों के अनुसार विदेशी सेवाओं के प्रसारण का प्रबंधन करने और भारत से बाहर के संगठनों द्वारा तैयार ऐसे विदेशी प्रसारण की निगरानी करने से नहीं रोक सकती जिनके लिए खर्च के अदायगी केंद्र सरकार द्वारा की जानी हो।

5.इस खंड में स्थापित उद्देश्यों को बढ़ाने के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध कराया गया है, यह सुनिश्चित करने के लिए, विज्ञापन के संबंध में केंद्र सरकार को प्रसारण समय की अधिकतम सीमा के निर्धारण का अधिकार होगा।

6. मात्र इस आधार पर निगम की कोई भी सिविल जवाबदेही नहीं होगी कि वह इस खंड के किसी भी प्रावधान को पूरा करने में असफल रहा है।

7.निगम को विज्ञापन या ऐसे कार्यक्रम, जो नियमों द्वारा विर्निदिष्ट हो, के संबंध में फीस या अन्य सेवा शुल्क निर्धारित करने का अधिकार होगा। इस खंड के अधीन इकट्ठा की गई फीस या अन्य सेवा शुल्क समय-समय पर केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित सीमाओं से बाहर नहीं हो।

लक्ष्य तथा उद्देश्य

प्रसार भारती दुनिया के विशालतम भौमिक नेटवर्क्स में से एक होने के अलावा अपने दो संघटकों अर्थात आकाशवाणी (ऑल इंडिया रेडियो) और दूरदर्शन (डीडी) के माध्यम से आबादी और क्षेत्र के संदर्भ में सर्वाधिक कवरेज उपलब्ध कराता है । ऐसे देश में जहां निरक्षरता की दर अधिक हो, यह माध्यम विभिन्न स्टेशनों/केंद्रों से आकाशवाणी/दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों के द्वारा लोगों को सूचना देता है, शिक्षित करता है और उनका मनोरंजन करता है। प्रसार भारती का विशाल सामाजिक उत्तरादायित्व उसके नेटवर्क की संभावनाओं के अनुरूप है, क्योंकि वह पूरे देश की जनता को सरकारी नीतियों, योजनाओं, कार्यक्रमों और उपलब्धियों की सूचना संस्कृति, शिक्षा, विज्ञान, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा सामाजिक एवं आर्थिक मुद्दों पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से देता है।

यह प्राकृतिक आपदाओं के दौरान अपने तीव्र प्रसार के द्वारा जनता एवं सरकारी विभागों को समय पर सूचना प्रदान कर उनकी सहायता भी करता है। यह एक व्यवसायिक सेवा भी संचालित करता है जो विज्ञापनों के जरिये वस्तुओं एवं सेवाओं की बिक्री को बढ़ावा देती है। आकाशवाणी का विदेश सेवा प्रभाग विदेशी श्रोताओं के लिए कार्यक्रम प्रसारित करता है। आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग और दूरदर्शन समाचार 24 घंटे ताजा समाचार उपलब्ध कराता है। इनके अलावा, एफएम और दूरदर्शन चैनल दिन-रात लोगों का मनोरंजन भी करते हैं।

नीति वक्तव्य

लोक सेवा प्रसारक के रूप में प्रसार भारती के उद्देश्य हैं :

- गुणवत्तापूर्ण कार्यक्रम बनाना और
- महिलाओं, बच्चों, वंचितों, विशिष्ट भाषाई समूहों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों आदि पर केंद्रित कार्यक्रमों के माध्यम से सूचना प्रदान करने, शिक्षा देने और मनोरंजन करने के प्रयोजन को पूरा करना।

समाचार सेवा प्रभाग और साथ ही साथ अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के अंतर्गत भी विविध कदम उठाये गये हैं। भारतीय शास्त्रीय योजना का लक्ष्य उच्च गुणवत्ता वाले कार्यक्रमों का निर्माण करना और देश की समृद्ध सांस्कृतिक एवं साहित्यिक विरासत को संजोना हैं। योजना के अंतर्गत सभी कार्यक्रम सभी भारतीय भाषाओं में बनाए जा रहे हैं और देशभर के दर्शकों के लाभ के लिए इन साहित्यिक कार्यों को क्षेत्रीय भाषाओं में डब किया जा रहा है।

प्राथमिकताओं में बेहतर प्रचार पर जोर दिया गया है जिसके लिए बोर्ड ने राजस्व प्राप्ति के नए क्षेत्रों की पहचान के लिए समाचार पत्र अतर्वेशन, मीडिया योजना, मीडिया सलाहकारों की नियुक्ति, बिल-बोड्र्स, न्यू मीडिया प्रचार आदि जैसे सभी मामलों पर विचार किया है।

दृष्टिकोण पत्र

स्वतंत्रता से पहले और स्वतंत्रता के बाद आकाशवाणी का इतिहास काफी गौरवशाली रहा है और स्वतंत्रता के बाद से आकाशवाणी ने अपने प्रसारण केन्द्रों, सहायक रिसिविंग केन्द्रों और एफएम ट्रांसमीटरों सहित ट्रांसमीटरों की स्थापना के जरिये (जनसंख्या और क्षेत्रवार दोनों रूपों में) काफी प्रगति की है। प्रसार भारती के अंतर्गत आकाशवाणी का उद्देश्य, प्रसार भारती के उत्तरादायित्वों को पूर्ण करते हुए लक्ष्यों और उद्देश्यों की प्राप्ति करना है। अनेक प्रकार की नई पहल की जा रही हैं, जैसे 86 चुनिंदा आकाशवाणी स्टेशनों से खेत और घर से जुड़े कार्यक्रम- किसान वाणी कार्यक्रम, पर्यावरण, परिवार कल्याण, ग्रामीण बच्चों और छोटे बच्चों को केंद्र में रखकर बनाए गए विशेष कार्यक्रम, महिला कार्यक्रम, शैक्षिक प्रसारण (इग्नू/एनसीईआरटी/सीआईईटी), सामाजिक जागरूकता बढ़ाने वाले कार्यक्रम जैसे एचआईवी/एड्स पर जागरूकता बढ़ाने के कार्यक्रम और दूसरे स्वास्थ्य कार्यक्रम, इग्नू के सहयोग के साथ कार्यक्रम, राष्ट्रीय विज्ञान पत्रिका (विज्ञान भारती), सीसेम स्ट्रीट कार्यक्रमों को वित्त मंत्रालय के जरिये आकाशवाणी पर प्रसारित किया गया है, साथ ही संगीत और नाटक से संबंधित कार्यक्रमों का भी नियमित प्रसारण किया जाता है।

इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भी बहुत से कदम उठाए गए हैं।

● प्रमुख कार्यक्रमों में वर्तमान नेटवर्क का डिजिटलीकरण करना, जम्मू कश्मीर, बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों, भारत–पाक सीमा और भारत–नेपाल सीमा पर एचपीटी/एलपीटी की स्थापना, एफएम सिग्नल और ई–गर्वनेंस कार्यक्रम से अछूते रहे क्षेत्रों में एफएम सेवाओं का विस्तार करना प्रस्तावित किया गया है। सरकार ने 12 वीं योजना के दौरान आकाशवाणी के लिये 2252 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं: जिसमें से ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में शुरू की गई और 12वीं योजना के दौरान जारी योजनाओं के लिए 1232 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं और 12 वीं योजना में शुरू की गई नयी परियोजनाओं के लिए 1020 करोड़ रुपये निर्धारित किये गये हैं। सीसीईए ने मार्च 2014 को आकाशवाणी की "प्रसारण अवसंरचना नेटवर्क विकास" योजना को 1213.86 करोड़ रुपये के घटे हुए परिव्यय के साथ जारी योजना के तहत और 12वीं पंचवर्षीय योजना में नयी योजना के तहत 393.00 करोड़ रुपये को मंजूरी प्रदान की।

12 वीं योजना के प्रमुख लक्ष्य :

- 29 मौजूदा स्टूडियो का डिजिटलीकरण और 2017 तक कनेक्टिविटी नेटवर्क स्थापित करना।
- मोबाइल फोन में एफ एम चैनलों की उपलब्धता को देखते हुए पिछड़े, तटवर्ती और नक्सल प्रभावित इलाकों में 60 प्रतिशत लोगों तक एफएम चैनलों की पहुंच बनाना।
- एफएम ट्रांसमीशन के जरिए भारत–पाक और भारत–नेपाल सीमा पर कवरेज को सुदृढ़ बनाना।
- प्रसारण की दक्षता, प्रभावशीलता और गुणवत्ता में सुधार करना और मौजूदा सुविधाओं में सुधार और बदलाव करना।
- गुणवत्ता का क्षरण किए बगैर लंबी अवधि तक विषय वस्तु का संरक्षण।
- आकाशवाणी केन्द्रों के बीच कार्यक्रमों के ऑनलाइन आदान–प्रदान को सुगम बनाना।
- आकाशवाणी द्वारा संरक्षित बहुमूल्य कार्यक्रमों को बिक्री के लिए उपलब्ध बनाना।
- ई आरपी प्रणाली को लागू करके कार्यालय गतिविधियों को स्वचालित करना।

भारत सरकार ने दूरदर्शन को वस्तुत: 2119.14 करोड़ रुपये का कुल बजट आवंटित किया है। इसमें पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन के लिए 2013.14 करोड़ रुपये और विषयवस्तु विकास एवं प्रसार के लिए 106 करोड़ रुपये रखे गए हैं।

इस योजना अवधि के दौरान प्रसारण का प्रभावी विकास और डिजीटलीकरण का कार्य पूर्ण करने के लिए प्रस्तावित यह योजना बहुत महत्वपूर्ण है। डिजिटलीकरण निम्नलिखित के अंतर्गत प्रसारण सेवाओं की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार लाएगा : (1) प्रसारण इन्फ्रास्ट्रक्चर नेटवर्क विकास,(2)विषयवस्तु विकास और (3)विशेष परियोजनाएं।

दूरदर्शन के कार्यक्रम

डीडी उर्दू

डीडी उर्दू, पांच करोड़ 20 लाख उर्दू भाषी आबादी की जरूरतें पूरी करने और उर्दू की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संजोकर रखने के लिए 15 अगस्त 2006 को अस्तित्व में आया। प्रधानमंत्री के 15–सूत्री कार्यक्रम का उद्देश्य इस चैनल के लक्षित दर्शकों के कल्याण के लिए अच्छी गुणवत्ता वाली विषयवस्तु और अनेक कार्यक्रमों का प्रसारण करना है। यह चैनल विरासत, संस्कृति, सूचना, शिक्षा एवं सामाजिक मामलों को संपुटित करते हुए चौबीसों घंटे प्रसारण करता है। विषयवस्तु का विषय लक्षित दर्शकों के शैक्षणिक और सामाजिक दृष्टिकोण को आधुनिक बनाना, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाना तथा विज्ञान के रहस्यों को उजागर करना, उर्दू से संबद्ध साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परम्पराओं का संरक्षण करना है। इसके लिए डीडी की अधिग्रहण परियोजना के माध्यम से सॉफ्टवेयर इन–हाउस प्रोग्राम पर तैयार/उत्पन्न किया गया है।

डीडी इंडिया

डीडी इंडिया का गठन विदेश में रहने वाले भारतीयों के साथ संवाद स्थापित करने, वास्तविक भारत दिखाने, उसकी संस्कृति, मूल्यों, परंपराओं, आधुनिकता, विविधता और एकता को प्रदर्शित करने तथा लोक सेवा प्रसारण की उच्च परंपराओं को कायम रखते हुए जनता के शिक्षण और मनोरंजन के उद्देश्य से किया गया था। इस पर समाचार बुलेटिन, सामयिक विषयों पर फीचर, मनोरंजन के कार्यक्रम, फीचर फिल्में, संगीत और नृत्य, बच्चों के कार्यक्रम तथा धार्मिक, मेडिकल और रोमांचक पर्यटन को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम प्रसारित किए जाते हैं।

पूर्वोत्तर

पूर्वोत्तर क्षेत्र में डीडी के वर्तमान बुनियादी ढांचे में राज्यों की राजधानियों और कुछेक अन्य महत्वपूर्ण शहरों में वर्तमान में 11 स्टूडियो केन्द्र और विभिन्न क्षमताओं वाले 132 ट्रांसमीटर हैं। इनके अलावा गुवाहाटी में एक क्षेत्रीय कार्यक्रम निर्माण केन्द्र भी है। यह सुविधा पूर्वोत्तर के सात राज्यों, अर्थात अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड और त्रिपुरा के अलावा सिक्किम में भी उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, मेघालय में गारो हिल्स के तुरा में तथा असम के डिब्रूगढ़, सिलचर में टीवी केन्द्र हैं। इन केन्द्रों में पूर्वोत्तर क्षेत्र से संबंधित सूचनात्मक तथा सुगम संगीत, लोक कलाओं, शिल्प, वस्त्रों और खानपान पर आधारित कार्यक्रम इन-हाउस तैयार किए जाते हैं।

भौतिक मोड में पूर्वोत्तर क्षेत्र में लगभग 84 प्रतिशत आबादी को डीडी-1 और तकरीबन 54 प्रतिशत को डीडी न्यूज चैनल का प्रसारण उपलब्ध है। डीडी-1 और डीडी न्यूज चैनलों की क्षेत्रवार कवरेज क्रमश: लगभग 61 प्रतिशत और 26 प्रतिशत है।

पूर्वोत्तर चैनल के कार्यक्रम गुवाहाटी के क्षेत्रीय कार्यक्रम निर्माण केन्द में तैयार किए जाते हैं। इसमें पूर्वोत्तर राज्यों के विभिन्न दूरदर्शन केन्द्र अपना योगदान करते हैं। पूर्वोत्तर चैनल के कार्यक्रम तय समय पर पूर्वोत्तर क्षेत्र के एचपीटी और एलपीटी द्वारा रिले किए जाते हैं। पूर्वोत्तर चैनल के कार्यक्रम दूरदर्शन की डीटीएच सेवा 'फ्री डिश' पर भी उपलब्ध है। पूर्वोत्तर क्षेत्र में डीडी-1 के एचपीटी और एलपीटी निर्धारित समय में संबंधित राज्यों से अपलिंक किए गए क्षेत्रीय सेवा कार्यक्रमों को रिले करते हैं।

श्रोता अनुसंधान खंड

श्रोता अनुसंधान खंड, अनुसंधान और आंकड़ा एकत्रीकरण के विभिन्न तरीकों के माध्यम से चैनलों पर कार्यक्रमों की योजना बनाने और उनकी गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। श्रोता अनुसंधान डीटीएच की पैठ और कृषि कार्यक्रमों की नेरोकास्टिंग की मदद से देश भर में सर्वेक्षण करता है। श्रोता अनुसंधान खंड देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित अपनी 18 इकाइयों के सहयोग से बाहरी और ग्रामीण इलाकों में डार्ट सर्वेक्षण भी करता है। वर्तमान वर्ष में भारत सरकार के फ्लैगशिप कार्यक्रमों के प्रभाव पर सर्वेक्षण सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज द्वारा किया गया है।

इन-हाउस सर्वेक्षणों के अतिरिक्त, दूरदर्शन टैम मीडिया रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड से रेटिंग डेटा और एमआरयूसी से बेसलाइन डेटा प्राप्त करता है और उन्हें देश के विभिन्न हिस्सों में चैनल प्रबंधकों एवं मार्केटिंग विभाग को उपलब्ध कराता है।

डीडी भारती

डीडी भारती सांस्कृतिक विरासत वाला चैनल है, जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तावित, प्रोत्साहित और संरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह चैनल संगीत, नृत्य, विरासत, स्वास्थ्य, बच्चों पर ध्यान केंद्रित करता है और भारतीय जीवन शैली, दर्शन, कला और संस्कृति पर विशेष बल देता है। चैनल संगीत और नृत्य, पर्व, विशेष घटनाओं, मुशायरा, कवि सम्मेलन आदि का सीधा प्रसारण भी करता है। दर्शकों की तादाद बढ़ाने और कार्यक्रमों में वैविध्य लाने तथा उनकी गुणवत्ता में सुधार के लिए नए कार्यक्रम भी खरीदे गए हैं। कार्यक्रमों, विशेष रूप से सांस्कृतिक विरासत से संबंधित कार्यक्रमों में सुधार के लिए फिर कमीशनिंग प्रस्तावित है।

क्षेत्रीय प्रसारण

देश की सामाजिक-सांस्कृतिक और भाषाई विविधता के मद्देनजर दूरदर्शन देश के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले लोगों, विशेष रूप से क्षेत्रीय भाषाओं- तमिल, तेलुगू, मलयालम, कन्नड़, उड़िया, बांग्ला, असमी, गुजराती, मराठी और कश्मीरी- बोलने वाले लोगों के हित के लिए क्षेत्रीय भाषाओं और बोलियों में भी कार्यक्रमों का प्रसारण करता है। मुख्य भाषा के कार्यक्रमों के अतिरिक्त, क्षेत्रीय भाषाओं के 11 सेटेलाइट चैनल भी उर्दू, सिंधी, संस्कृत, टुलु, कोंकणी, डोगरी, हिमाचली, हरियाणवी, नेपाली और उत्तर पूर्व की सभी भाषाओं और बोलियों में कार्यक्रमों का प्रसारण करते हैं।

क्षेत्रीय भाषाओं के कार्यक्रम राज्य में विभिन्न एचपीटी और एलपीटी के क्षेत्रीय सहयोग के साथ सेटेलाइट पर, जमीनी ट्रांसमीटरों के माध्यम से डीडी-1 की क्षेत्रीय विंडो के रूप में दोपहर तीन बजे से शाम आठ बजे तक उपलब्ध रहते हैं। तमिलनाडु में यह क्षेत्रीय सहयोग रात 11 बजे तक रहता है।

इन क्षेत्रीय भाषाओं के चैनल राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निर्मित विभिन्न कार्यक्रम और फॉरमेट्स की पेशकश करते हैं और इन्हें संबंधित राज्यों के राजधानी केंद्र से फीड और प्रसारित किया जाता है। इन चैनलों पर फीचर फिल्में, फिल्मी गाने, धारावाहिक, शास्त्रीय/सुगम/लोक संगीत, नृत्य, समाचार और समसामयिक विषयों के कार्यक्रम, कृषि और ग्रामीण विकास कार्यक्रम आदि प्रसारित किए जाते हैं जोकि श्रोता विशेष की रुचि के कार्यक्रमों के साथ समाज के सभी तबका- महिलाओं, बच्चों और युवाओं की जरूरतें पूरी करते हैं।

राज्य नेटवर्क

दूरदर्शन के क्षेत्रीय सेवा प्रसारण भी हैं, जिन्हें राज्य नेटवर्क कहा जाता है। ये नेटवर्क उत्तर भारत के दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में रहने वाले लोगों के लिए हैं। एचपीटी और एलपीटी के इन सभी राज्य नेटवर्कों के माध्यम से डीडी के, दिल्ली से सोमवार से शनिवार को दोपहर तीन से चार बजे तक एक घंटे के लिए उत्तरी नेटवर्क धारावाहिक आधारित मनोरंजन कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं और रविवार को हिंदी फीचर फिल्म प्रसारित की जाती है। उसके बाद, संबंधित राज्य की राजधानी से सायं चार बजे से रात आठ बजे के बीच कार्यक्रम प्रसारित किए जाते हैं और उस राज्य के जमीनी ट्रांसमीटर से रिले किए जाते हैं जिससे क्षेत्र की प्रमुख स्थानीय बोली में आयोजित होने वाली गतिविधियों से जुड़ा जा सके।

वर्ष भर शिक्षा, सूचना और मनोरंजन के अतिरिक्त फ्लैगशिप कार्यक्रमों को सबसे ज्यादा बल दिया गया। विभिन्न क्षेत्रीय केंद्रों ने अपनी क्षमताओं का विचार किये बगैर फ्लैगशिप कार्यक्रमों और लोक सेवा कार्यक्रमों को प्रमुखता देने में बड़ी उपलब्धियां हासिल कीं।

डीडी अभिलेखागार

डीडी अभिलेखागार 40 वर्षों से ज्यादा अर्से में सृजित हुई मीडिया विषयवस्तु का संरक्षक है। किसी भी मीडिया संगठन का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि वह अपनी संपत्ति को कैसे संरक्षित करता है, क्योंकि प्रसारण चैनल के रूप में वह मौजूदा घटनाओं की प्रासंगिकता के लिए अधिक से अधिक फाइल फुटेज पर निर्भर रहता है। इसके अतिरिक्त डीडी अभिलेखागार की सांस्कृतिक विषयवस्तु भी बहुत मूल्यवान है, चूंकि डीडी अभिलेखागार एकमात्र ऐसा माध्यम है, जो विभिन्न सांस्कृतिक प्रवृत्तियों, जिनमें शास्त्रीय संगीत, शास्त्रीय नृत्य, लोक संगीत और लोक नृत्य, जनजातीय संगीत और नृत्य शैलियां, परंपरागत और आधुनिक रंगमंच, लोकप्रिय संगीत एवं नृत्य, प्राचीन और आधुनिक साहित्य आदि शामिल हैं, के संरक्षण के उत्तरदायित्व को स्वीकार करता है। यह बहुमूल्य सामग्री किसी देश के सांस्कृतिक जीवन का स्पंदन होती है जो पूरे विश्व में अपनी सांस्कृतिक विरासत के लिए दुनिया भर में सराहा जाता है। डीडी अभिलेखागार ने भविष्य और समृद्धि के लिए अतीत और वर्तमान का प्रतिनिधित्व करने वाली विषय वस्तु के संरक्षण का जिम्मा उठाया है। अगले चार वर्षों में डीडी अभिलेखागार विश्व के सर्वश्रेष्ठ प्रसारण अभिलेखागारों में से एक होगा।

स्व वित्त कमीशनिंग (एसएफसी)

दूरदर्शन ने देश के प्रतिष्ठित निर्माताओं से अपने फ्लैगशिप चैनल डीडी-1 के लिए गुणवत्तापूर्ण मनोरंजक कार्यक्रमों का आउटसोर्स करने के लिए स्व वित्त कमीशनिंग की नई योजना प्रतिपादित की है। इस योजना के तहत वरिष्ठ फिल्मकारों और टेलीविजन निर्माताओं द्वारा निर्मित सॉफ्टवेयर का दूरदर्शन द्वारा विपणन किया जाएगा। इन कंटेंट्स का स्वामित्व दूरदर्शन के पास होगा और उन्हें दूसरे चैनलों द्वारा भी प्रसारित किया जा सकता है और यह योजना दूरदर्शन के प्राइम टाइम के दौरान अच्छा राजस्व अर्जित कर रही है।

डीडी एसएफसी कार्यक्रमों द्वारा सभी प्राइम टाइम और मिड प्राइम स्लॉट्स को अधिग्रहित करने को प्रतिबद्ध है। प्राइम टाइम और मिड प्राइम स्लाट्स के अतिरिक्त, एसएफसी कार्यक्रमों के लिए नॉन प्राइम टाइम स्लॉट्स को लेने की रणनीति पर भी विचार किया जा रहा है। यहां यह उल्लेख करना उपयुक्त होगा कि हर वर्ष निर्माण की लागत बढ़ रही है और गुणवत्ता के लिहाज से दूसरे सेटेलाइट चैनलों से प्रतिस्पर्धा करने के लिए हमें एपीसोड के मूल्य को बढ़ाना चाहिए।

इस योजना के अंतर्गत निर्मित होने वाले कार्यक्रम सिर्फ दूरदर्शन की सम्पत्ति हैं। डीडी इस सम्पत्ति का इस्तेमाल कभी भी अपनी जरूरत के मुताबिक, बिना किसी अतिरिक्त लागत के दूरदर्शन के किसी भी चैनल पर कर सकता है। प्रायोजित कार्यक्रमों के संदर्भ में डीडी को यह अधिकार नहीं है। विविध उपयोगों के लिए बिना किसी आवर्ती खर्च के यह एक बार का निवेश है। राजस्व में वृद्धि के अलावा, डीडी को विपणन एजेंसियों/प्रायोजकों के लंबित बकायों की समस्याओं से छुटकारा मिल गया है, क्योंकि डीडी अपने ग्राहकों के साथ सीधे लेन-देन कर रहा है। अदालती मुकदमों/मध्यस्थता के लिए कोई गुंजाइश नहीं बची है। चालू वित्त वर्ष के दौरान, प्राइम टाइम में एक दैनिक धारावाहिक शुरू करने का प्रयोग किया गया है, जिससे दूरदर्शन के दर्शकों की संख्या और राजस्व में वृद्धि होने की संभावना है।

सॉफ्टवेयर की कमीशनिंग

हैदराबाद, लखनऊ, मुंबई, पटना, जयपुर, श्रीनगर, जम्मू आदि में स्थित केंद्रों के माध्यम से इन-हाउस निर्माण गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

नयी पहल

सरकार ने वर्ष 2014-15 के दौरान 100 करोड़ रुपये के प्रावधान के साथ किसान चैनल के संबंध में एक योजना को मंजूरी दी। इसके अलावा, वर्ष 2014-15 के दौरान आंध्र प्रदेश के आंध्र प्रदेश और तेलंगाना नाम से दो राज्यों में पुनर्गठन के बाद, डीडीके विजयवाड़ा, विशिष्ट रूप से पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों के लिए अरुण प्रभा जैसे क्षेत्रीय चैनलों को सशक्त बनाने की योजनाओं, चौबीसों घंटे सेवाएं उपलब्ध करवाकर कुछ मौजूदा चैनलों का उन्नयन करने जैसे कार्यों का दायित्व लिया गया।

मुख्य सचिवालय के प्रसारण विंग की स्कीमें

(क) भारत में सामुदायिक रेडियो आंदोलन को सहयोग

सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस) शुरू करने की अनुमति सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय देता है। सरकार ने सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की स्थापना के लिए साल 2002 में नीतिगत दिशा निर्देशों को अपनी मंजूरी दी, जिसे 2006 में संशोधित किया गया। इससे पहले के दिशा निर्देशों में सिर्फ शैक्षिक संस्थानों को सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के संचालन की इजाजत थी। नए दिशा निर्देशों में सामुदायिक रेडियो को संचालित करने की पात्रता में कुछ और संस्थाओं को इजाजत दी गई। नई पात्रता के तहत नागरिक समितियों, स्वयं सेवी संगठनों, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों(एसयू), आईसीएआर संस्थानों, कृषि विज्ञान केंद्रों, पंजीकृत समितियों को पात्रता की शर्तें पूरी करने पर सामुदायिक रेडियो संचालित करने के लिए योग्य माना गया।

सामुदायिक रेडियो योजना को जागरूकता कार्यशालाओं के जरिए मंत्रालय लोकप्रिय बनाने का काम कर रहा है, जिसका मकसद निचले स्तर पर काम कर रहे ज्यादा से ज्यादा संगठनों को सामुदायिक रेडियो लगाने के लिए प्रोत्साहित करना है। 11वीं योजना के तहत 'सामुदायिक रेडियो के लिए आईईसी गतिविधियां' के अधीन मंत्रालय ने 37 जागरूकता और कार्यकौशल बढ़ाने के लिए कार्यशालाएं आयोजित कीं। 12वीं पंचवर्षीय योजना में 'भारत में सामुदायिक रेडियो आंदोलन को सहयोग' नामक नई योजना शुरू की गई। आईईसी गतिविधियों के अलावा, नई योजना भी नए और मौजूदा सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को उपकरण प्राप्त करने और ट्रेनिंग आदि के लिए वित्तीय सहायता मुहैया कराएगी। योजना

सामुदायिक क्षेत्र में नवरचना (इनोवेशन) को भी समर्थन देगी। 12वीं योजना के पहले दो सालों में, 18 जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित की गईं। वित्तीय सहायता के लिए सामुदायिक रेडियो स्टेशनों और अनुमति प्राप्त करने वालों से भी आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

(ख) प्रसारण शाखा का स्वचालितीकरण

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय निजी सेटेलाइट टेलीविजन चैनलों को मंजूरी देता है। आवेदन की योग्यता की जांच अपलिंकिंग और डाउनलिकिंग के दिशा निर्देशों के संदर्भ में की जाती है। इसके बाद यह आवेदन कंपनी और कंपनी के निदेशकों की सुरक्षा जांच के लिए गृह मंत्रालय भेज दिया जाता है और मंजूरी मांगी जाती है। इसके साथ यह आवेदन अंतरिक्ष विभाग और राजस्व विभाग तथा आवश्यकता के अनुसार अन्य विभागों में भी भेजा जाता है और उनकी मंजूरी मांगी जाती है। अन्य योग्यताओं के साथ कंपनी की कुल पूंजी का भी आकलन किया जाता है। आवेदन को अनुमति अंतर मंत्रालय मंजूरी मिलने और सभी शुल्क आदि लेने के बाद प्रदान कर दी जाती है।

मंत्रालय ने अभी तक 795 टीवी चैनलों को अनुमति दी है 240 से अधिक आवेदन अभी प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में हैं। इसके अलावा मंत्रालय को प्रति माह औसत 30-40 नए आवेदन मिल रहे हैं। इनसेट अनुभाग को नाम, लोगो, निदेशकों की नियुक्ति, शेयर होल्डिंग में बदलाव, अस्थायी अपलिंकिंग सुविधा और एसएनजी/डीएसएनजी वेन किराए पर लेने के अनुरोध भारी मात्रा में मिलते हैं। कुछ अन्य गतिविधियां जैसे अनुमति का नवीनीकरण और कारण बताओ नोटिस जारी करना और अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग दिशा निर्देशों का उल्लंघन करने से संबंधित शिकायतें भी हैं। इन सब में भारी मात्रा में कागज का इस्तेमाल होता है। इस प्रक्रिया में मंत्रालय और आवेदक का समय लगता है। इससे जरूरी लाईसेंस देने में देरी होती है और जमा किए गए कागजात गुम हो जाते हैं। प्रक्रिया की योजनाबद्ध तरीके से निगरानी करने में कठिनाई आती है। इससे कुछ हद तक प्रणाली की खामियां सामने आती है।

इन सब कठिनाईयों को ध्यान में रखते हुए प्रणाली को सुचारू बनाने के लिए अत्याधुनिक ऑनलाइन पोर्टल विकसित करने का निर्णय किया है जिससे मंत्रालय के अधिकारी और टीवी चैनल, एमएसओ, डीटीएच लाईसेंस, एचआईटीएस लाईसेंस और आईपीटीवी सेवा के आवेदक अपने आवदेनों की निगरानी कर सकेंगे और तेजी से काम करा सकेंगें। इस प्रक्रिया में कम से कम मानवीय हस्तक्षेप होगा।

(ग) डिजिटलाइजेशन का मिशन

अधिदेश, उद्देश्य तथा लक्ष्य, नीति ढांचा एवं कथन

देश में केबिल टी वी सेक्टर का डिजीटाइजेशन 12वीं पंचवर्षीय योजना के अंर्तगत सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का एक महत्वपूर्ण लक्षित क्षेत्र है। देश में टी वी वितरण की बैक बोन के रूप में केबिल टी वी को माना जाता है। देश में केबिल टी वी नेटवर्क ज्यादातर एनॉलॉग प्रकृति में है। एफ आई सी सी आई-के पी एम जी, 2014 द्वारा प्रदान कराए गए आंकड़ों के अनुसार देश में लगभग 88 मिलियन केबिल टी वी होम हैं जिसमें से ज्यादातर एनॉलॉग मोड में टी वी सिगनल प्राप्त करते हैं। एनॉलॉग केबिल टी वी वितरण में कई प्रकार की समस्याएं, क्षमता सीमितताएं तथा चैनलों के चुनाव एवं गुणवत्ता से सम्बन्धित मुद्दे होते हैं।

वर्तमान एनॉलॉग टी वी वितरण तन्त्र की कमियों को दूर करने के लिए मंत्रालय द्वारा डिजीटाइजेशन को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है तथा 31 दिसम्बर 2016 तक सभी एनॉलॉग सेवाओं को डिजीटाइज किया जाना है। पहले चरण में, जो कि 31 अक्टूबर 2012 तक पूरा किया जाना था, चार मेट्रो शहरों में से दिल्ली, मुम्बई तथा कोलकाता में पूर्ण डिजीटाइजेशन किया जा चुका है। लंबित कोर्ट मामलों के कारण चेन्नई में पूर्ण डिजीटाइजेशन अभी भी किया जाना शेष है। दूसरे चरण में, जो कि 31 मार्च 2013 को पूर्ण हुआ, 14 राज्यों तथा एक संघ शासित क्षेत्र के 36 शहरों (जिनकी जनसंख्या 10 लाख से अधिक है) में डिजीटाइजेशन प्रक्रिया पूरी की गई। अन्य सभी शहरी क्षेत्र का डिजीटाइजेशन 31 दिसम्बर 2015 तथा शेष भारत का डिजीटाइजेशन 31 दिसम्बर 2016 तक पूरा किया जाना है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को देश के समयबद्ध डिजीटाइजेशन रोड मैप के लिए अधिदेशित किया गया है। केबिल टी वी अधिनियम में दिसम्बर 2011 में संशोधन के पश्चात् मंत्रालय ने इस सम्बन्ध में नियम जारी कर दिए हैं। टी आर ए आई ने भी दर तथा अंर्तकनेक्शन विनियमन को नोटिफाई किया है जिससे डिजीटाइजेशन को लागू करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए सभी स्टेक होल्डरों को अर्ह बनाया जा सके।

डिजीटाइजेशन में मुख्यत: शामिल हैं– डिजीटल हेड एण्ड सेटअप की इन्सटालेशन तथा एम एस ओ द्वारा इनक्रिप्टेड सिग्नल की फीडिंग, एल सी ओ द्वारा वितरण नेटवर्क का उन्नयन तथा उपभोक्ता स्थलों पर सेट टॉप बॉक्स की सीडिंग जिससे उन्हें डिजीटल केबिल टी वी सिगनल देखने योग्य बनाया जा सके। इस सम्बन्ध में मुख्य बिन्दु हैं – लगभग 88 मिलियन केबिल सेट टॉप बॉक्स की सीडिंग पूरे देश में उपभोक्ताओं के लिए।

एस टी बी की प्राप्ति तथा सीडिंग एम एस ओ द्वारा स्थानीय केबिल ऑपरेटर्स(एल सी ओ) द्वारा सम्बन्धित क्षेत्र में की जाती है। अनुमान के अनुसार देश में लगभग 6000 एम एस ओ तथा 60,000 एल सी ओ हैं। एम एस ओ को व्यक्तिगत रूप से वांछित संख्या में एस टी बी की खरीद करनी पड़ती है तथा उन्हें प्रत्येक उपभोक्ता के यहां लगाना होता है तथा डिजीटल मोड में जाने की तिथि से पूर्व उन्हें एक्टिवेट करना पड़ता है। इन एम एस ओ को पहले ही उनकी खरीद/प्राप्ति के शेडयूल की योजना तथा साप्ताहिक सीडिंग लक्ष्य बनाना होता है जिससे कि तय तिथि से पूर्व डिजीटाइजेशन कार्य को योजनाबद्ध रूप में पूरा किया जा सके।

अध्याय–2

वित्तीय परिव्यय, प्रक्षेपित वास्तविक प्रतिफल और परिणाम

सूचना क्षेत्र

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय

(करोड़ रुपये में)

क्रम सं.	योजना/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/परिणाम	परिव्यय 2015-16			निर्धारित/ वितरणीय भौतिक परिव्यय	अनुमानित परिणाम	प्रक्रियाएं/ समयबद्धता	टिप्पणी/ जोखिम का घटक
1	2	3	4			5	6	7	8
			4(i) गैर-योजना बजट	4(ii) योजना बजट	4(iii) पूरक अतिरिक्त बजट संसाधन				
	योजना स्कीम का नाम								
1.	विकास संचार के जरिए जनता का सशक्तीकरण	1 स्थापना	38.27	0.00			सांप्रदायिक सौहार्द्र, राष्ट्रीय एकता, विभिन्न प्रचार माध्यमों के जरिए सामाजिक-आर्थिक उन्नयन, प्रदर्शनी, वाह्य प्रचार, रेडियो/टी वी, समाचार पत्र तथा पोस्टर/ ब्रोशर पर प्रचार आम जनता के भीतर जागरुकता का संचार करेगा तथा विकास में भागीदारी को बढ़ावा देगा।	नियत समय सीमा आवश्यकता के भीतर कार्य का प्रचार किया जाना है।	
		2 प्रदर्शनी	1.80	0.50		1950 एक्सचेंज दिवस			
		3 डिस्प्ले वर्गीकृत	30.00	5.50		13.40 प्रदर्शन			
		4 रेडियो स्पॉट	1.80	12.00		110.90 डिस्प्ले ईकाई			
		5 मुद्रित प्रचार, वितरण	1.50	1.00		16 कार्य की संख्या			
		6 बाह्य प्रचार	0.65	1.00		14.6 डिस्पले लाख में			
		कुल (1)	**74.02**	**20.00**					

2	मीडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट प्रोग्राम	1. कार्यलय व्यय 2. अन्य प्रशासनिक व्यय 3. गौणा कार्य 4. प्रोफेशनल सेवाएं 5. सूचना तकनीकी **कुल (2)**		0.10 0.10 1.00 1.00 0.80 **3.00**			कंप्यूटरीकरण एवं डिजिटलीकरण कार्यालय ढांचा मानव संसाधन विकास		
		कुल (1 एवं 2)	**74.02**	**23.00**					

क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय

अनुमानित बजट 2015-16 के अध्याय II में तालिकाओं का स्वरूप

(करोड़ रुपये में)

क्रम सं.	परियोजना/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/परिणाम	लागत 2015-16			मात्रात्मक वास्तविक प्रतिफल भौतिक निष्पादन	अनुमानित परिणाम	प्रक्रियाएं/ समयबद्धता	टिप्पणी/ जोखिम का घटक
1	2	3	4			5	6	7	8
(A)	डाइरेक्ट कॉन्टैक्ट प्रोग्राम विकास संचार एवं प्रसार के तहत		4(i) गैर-योजना बजट	4(ii) योजना बजट	4(iii) पूरक अतिरिक्त बजट संसाधन				
I	विशेष आउटरीच कार्यक्रम	12वीं योजना के अंतर्गत इस घटक मे अंतर्गत डी एफ पी ने भारत सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं पर सम्बन्धित मंत्रालयों को शामिल कर विशष आउटरीच कार्यक्रम पूरे देश में करने का प्रस्ताव किया। वर्ष 2015-16 में 690 विशेष कार्यक्रम की योजना है। डी एफ पी की दो क्षेत्रीय प्रचार इकाइयों को रिमोट मीडिया शैडो क्षेत्र में तैनात किया जाएगा जो सरकारी योजनाओं के बारे में सूचनाएं प्राप्त करेंगी।		2.77		690 विशेष कार्यक्रम (2 क्षेत्रीय इकाइयों प्रत्येक को संयुक्त करके 1 कार्यक्रम)	भारत सरकार के प्रमुख योजनाओं की गहन अभियान- लगभग 690 कार्यक्रम तथा तुरत कार्यवाही योग्य फीडबैक उन योजनाओं के लागू होने की विवेचना करने में सहायक होगा (लगभग प्रति कार्य३म 200 से 500 भागीदारी)	वित्तीय वर्ष 2015-16 के अंर्तगत	
II	भ्रमण एवं कौशल उन्नयन	इस घटक के तहत ग्राम स्तर पर अगुआ एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में विकास कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त करता है। मूलभूत स्तर की इन पुमुख व्यक्तित्वों को इन विकास कार्यों से पेरणा प्राप्त कर अपने क्षेत्र में अपनाने में सहायता मिलती है। वर्ष 2015-16 में चार भ्रमण प्रस्तावित हैं।		0.24		रु. 4.50 लाख प्रत्येक की दर से 4 भ्रमण दौरे	देश के विभिन्न भागों में विकासात्मक योजनाओं के लिए लगभग 40-50 ओपिनियन लीडर का अनावरण	वित्तीय वर्ष 2015-16 के अंर्तगत	

(करोड़ रुपये में)

क्रम सं	परियोजना/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/परिणाम	लागत 2015-16			मात्रात्मक वास्तविक प्रतिफल भौतिक निष्पादन	अनुमानित परिणाम	प्रक्रियाएं/ समयबद्धता	टिप्पणी/ जोखिम का घटक
1	2	3	4			5	6	7	8
			4(i) गैर-योजना बजट	4(ii) योजना बजट	4(iii) पूरक अतिरिक्त बजट संसाधन				
2. साक्षी दैनिक और नमस्ते तेलंगाना समाचार पत्र के रिपोर्टरों को रोके जाने के मामले की जांच के लिये समिति।
3. बरवाला, हिसार (हरियाणा) में पुलिस द्वारा मीडिया कर्मियों पर हमले की जांच के लिये समिति।
4. जम्मू-कश्मीर पर वार्ताकारों की रिपोर्ट की जांच करने के लिए उप-समिति।
5. विज्ञापन के मुद्दे की जांच के लिए उपसमिति।
6. प्रत्यायन के मुद्दे की जांच के लिए उपसमिति।
7. नवम्बर, 2014 में अज्ञात हमलावरों द्वारा आंध्र प्रदेश डेली के अंशकालिक संवाददाता श्री एमएनवी शंकर की हत्या तथा पत्रकारों पर हमले के मामले की जांच के लिये तथ्यान्वेषी टीम।
8. दिल्ली विधानसभा चुनाव समिति।
9. सार्क समिति।
10. वित्त समिति।
11. चयन समिति।

पत्र सूचना कार्यालय

पत्र सूचना कार्यालय लोगों को सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों तथा गतिविधियों के बारे में अवगत कराने के लिये भारत सरकार की नोडल एजेंसी है। ब्यूरो मीडिया प्रतिनिधियों को कार्य करने की सुविधायें प्रदान करता है। आम आदमी तक पहुंचने के सरकार के प्रयासों के तहत, पत्र सूचना कार्यालय देशभर में जन सूचना अभियानों (पीआईसी) का संचालन करता है। जन सूचना अभियानों का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (नरेगा), राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीनीकरण मिशन, सूचना अधिकार कानून, अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिये प्रधानमंत्री के नये 15 सूत्री कार्यक्रम, समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीसी) योजना, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वनवासी कल्याण आदि जैसे सरकार के फ्लैगशिप कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता कायम करना तथा जानकारियों का प्रसार करना है।

ब्यूरो ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पत्रकारों को एक ही जगह पर मीडिया सुविधायें उपलब्ध कराने के लिये नयी दिल्ली में राष्ट्रीय मीडिया सेंटर की स्थापना की है। कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में इस कार्य में एनबीसीसी को शामिल किया गया। परियोजना लागत के बढ़कर 60.00 करोड़ रूपये हो जाने के कारण 15 सितम्बर, 2009 को ईएफसी से ताजा अनुमोदन प्राप्त किया गया। आज की तारीख तक 57.41 करोड़ रूपये का इस्तेमाल किया जा चुका है तथा 2.25 करोड़ रूपये को दिसंबर, 2014 तक खर्च किये जाने के लिये रखा गया है। यह भवन बन कर तैयार है और यहां पूरी तरह से काम-काज हो रहा है।

उक्त के अलावा, पत्र सूचना कार्यालय भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल और प्रवासी भारतीय दिवस समारोह के लिये पत्रकारों को विशेष प्रत्यायन देने के लिये अपने अधिकारियों को नियुक्त किया जाता है। ये भारत सरकार के प्रतिष्ठित आयोजन हैं जिनके जरिये भारत की मिलीजुली संस्कृति को प्रदर्शित किया जाता है तथा सूचनाओं का प्रचार किया जाता है। इसलिये पीआईबी इन दोनों गतिविधियों के लिये मीडिया सुविधायें प्रदान करता है।

12 वीं पंचवर्षीय में नयी योजना के रूप में योजना स्कीम ''मीडिया इंफ्रास्ट्रक्चर विकास कार्यक्रम'' के तहत योजना घटक ''पीआईबी के आधुनिकीकरण'' को शामिल किया गया। इस योजना का उद्देश्य पीआईबी में संचार एवं सूचना प्रचार प्रणाली को पूरी तरह से आधुनिक एवं अधुनातन बनाना है ताकि पीआईबी में मुख्यालय एवं इसके क्षेत्रीय एवं शाखा कार्यालयों में दक्षता में व्यापक सुधार लाया जा सके और आधुनिक प्रौद्योगिकी का पूरी तरह से उपयोग किया जा सके।

प्रकाशन विभाग

सुधार उपाय एवं नीति संबंधी पहल

इम्प्लाइमेंट न्यूज की ओर से की गई पहल के विवरण अलग से दिये गये हैं जबकि प्रशासनिक, संपादकीय, व्यवसाय, उत्पादन तथा इस निदेशालय के योजना एकांश में की गई नीति संबंधी पहल के विवरण निम्न प्रकार हैं।

3.1 प्रशासन :

3.1 क – निदेशालय द्वारा आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के लिए मंजूरी की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया गया और जीएफआर के नियमों के अनुसार क्रम में बनाया गया।

3.1 ख – फील्ड अधिकारियों के साथ नियमित रूप से टेलीफोन संपर्क शुरू किया गया ताकि प्रशासनिक मुद्दों पर उनकी प्रतिक्रिया ली जा सके तथा अगर कोई समस्या हो तो उसे सुलझाया जा सके।

3.2 उत्पादन :

3.2 क – मुद्रकों के नये पैनल के जरिये विभिन्न आकार की रूटीन पुस्तकों के मुद्रण के लिए वार्षिक दर अनुबंध को हाल में अंतिम रूप दिया गया।

3.2 ख – इस संबंध में विनिर्देशों को कड़ा किए जाने के बाद से पुस्तकों के कागजों की गुणवत्ता में व्यापक सुधार आया है।

3.3 संपादकीय :

3.3 क – प्रकाशन विभाग सामग्रियों को सुधारने तथा बाजार में प्रतिस्पर्धा में बने रहने तथा अपनी पुस्तकों तथा पत्रिकाओं की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए सतत प्रयास करता रहा है। बदलते समय के साथ तालमेल रखने के लिए, संगठन की बच्चों की सभी पुस्तकों अब चार रंगों में सचित्र प्रकाशित हो रही हैं। योजना, कुरुक्षेत्र, आजकल और बाल भारती जैसी निदेशालय की पत्रिकाओं ने योजना, विकास, ग्रामीण विकास, साहित्य, संस्कृति और बाल साहित्य के विभिन्न समकालीन विषयों पर आधारित अंक प्रकाशित विविध मुद्दों को किए हैं।

3.3 ख – अपनी परंपरा को बनाए रखने के प्रकाशन विभाग ने वर्ष 2014–15 में भारतीय पैनोरमा के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालने वाली किताबें का प्रकाशन किया। प्रकाशित पुस्तकों के कुछ महत्वपूर्ण शीर्षक हैं – युवा संन्यासी, भारत के दुर्ग और पिछले 65 वर्षों में बाल भारतीय में हिन्दी में प्रकाशित बाल कहानियों के तीन संग्रह, इंडियन वूमेन : कंटेंपोररी एसेज, ए हिस्ट्री आफ सोशलिज्म, स्वामी विवेकानंद, मदन मोहन मालवीय, बफलिंग ब्रेन। इसके अलावा महात्मा गांधी की संकलित रचनाओं के दस खंड तथा राष्ट्रपति भवन के प्रतिष्ठित प्रकाशन, जिनका शीर्षक है – विंग्ड बर्ड्स आफ राष्ट्रपति भवन तथा अंग्रेजी में इंद्रधनुष।

योजना

विभाग की ओर से वर्ष 1957 से प्रकाशित हो रही प्रमुख पत्रिका है। इसका पहला अंक संपादक के रूप में प्रख्यात पत्रकार खुशवंत सिंह के साथ हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित हुआ। योजना सरकार की नीति के व्यापक संदर्भ में आर्थिक विकास के व्यापक विषयों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करती है हालांकि यह केवल सरकार के विचारों को उजागर करने तक ही सीमित नहीं है। इस पत्रिका का संयुक्त वितरण करीब 2–30 लाख प्रतियां हैं। (अंग्रेजी में 82,000 प्रतियां, हिन्दी में 50,000 से अधिक प्रतियां तथा शेष 11 भाषाओं अर्थात, असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मराठी, मलयालम, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू में)। योजना की भूमिका राष्ट्रीय स्तर की पत्रिका के रूप में है जो हिंदी तथा अंग्रेजी तथा क्षेत्रीय भाषाओं की क्षेत्रीय मांगों को पूरा करती है और यह विकास पत्रकारिता में अद्वितीय है। यह संभवत: 13 भाषाओं में एक साथ प्रकाशित होने वाली सामाजिक – आर्थिक मुद्दों पर आधारित एकमात्र पत्रिका है। यह पाठकों एवं छात्रों को, खास तौर पर छोटे शहरों के पाठकों को उनकी अपनी भाषा में समृद्ध सामग्रियां प्रस्तुत करती है।

योजना के कार्यालय दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, बेंगलूर, तिरुवनंतपुरम, चेन्नई, हैदराबाद, पटना, गुवाहाटी और कोलकाता में हैं।

कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र ग्रामीण विकास के मुद्दों के लिए समर्पित एक मासिक पत्रिका है जो 1952 के बाद से हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित हो रही है। ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से प्रकाशित होने वाली कुरुक्षेत्र ग्रामीण विकास के मुद्दों पर आधारित एक अद्वितीय मासिक पत्रिका है। यह नीतियों, कार्यक्रम और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में विकास के प्रयासों के कार्यान्वयन की स्थिति पर विचारों का आदान प्रदान के लिए एक मंच के रूप में कार्य करती है। कुरुक्षेत्र (हिन्दी और अंग्रेजी में) का संयुक्त प्रसार प्रति माह 100, 000 के करीब है।

बाल भारती

बाल भारती 1948 से प्रकाशित हो रही लोकप्रिय पत्रिका है। बच्चों को स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने के अलावा, यह सूचनाप्रद लेखों, कहानियों, कविताओं तथा सचित्र कथाओं के जरिये उनमें सामाजिक मूल्यों और वैज्ञानिक सोच का समावेश करती है। यह 2008 के बाद से हर साल एक अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करती है।

आजकल (हिन्दी और उर्दू)

आजकल 60 साल से अधिक समय से हिन्दी और उर्दू में प्रकाशित होने वाली प्रतिष्ठित साहित्यिक मासिक पत्रिका है। साहित्य और संस्कृति की प्रतिष्ठित एवं अग्रणी मासिक पत्रिका है।

3.5 व्यापार :

3.5 क – प्रकाशन विभाग की प्रोफाइल को सुधारने के लिए गहन प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिए पुस्तकों एवं पत्रिकाओं के विमोचन के लिए उच्च स्तर के विज्ञापन, पुस्तक समीक्षा तथा महत्वपूर्ण प्रदर्शनियों एवं पुस्तक मेलों में भागीदारी की जाती है।

3.5 ख – नए सदस्यों को शामिल करते हुए गृह पुस्तकालय सदस्यता डेटाबेस का विस्तार करना।

3.5 ग – हमारे प्रकाशनों की पहुंच को बढ़ाने के लिए आन लाइन बुक स्टोरों के साथ टाइ अप की शुरुआत की गयी है।

3.6 इम्प्लाइमेंट न्यूज/रोजगार समाचार

इम्प्लाइमेंट न्यूज/रोजगार समाचार एक साप्ताहिक है जो अंग्रेजी, हिन्दी और उर्दू में प्रकाशित होती है। यह प्रकाशन विभाग का महत्वपूर्ण प्रकाशन है। इस साप्ताहिक पत्रिका में केन्द्र और राज्य सरकारों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत्त निकायों, परिषदों आदि में रिक्तियों के विज्ञापन, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिये सूचनाएं, परीक्षाओं की सूचनाएं, यूपी,एससी, एसएससी तथा अन्य आम नियोक्ता निकायों के परीक्षा फलों तथा मध्यम स्तर के कैरियर पदोनयन अवसरों (डेपुटेशनों) की जानकारियां प्रकाशित होती है। इसके अलावा इसमें संपादकीय खंड भी है जिसमें कैरियर अवसरों के संबंध में दो प्रमुख लेख प्रकाशित होते हैं।

भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक

सुधार के उपाय एवं नीति पहल

इन वर्षों में, प्रिंट मीडिया ने प्रेस और पुस्तक अधिनियम के पंजीकरण 1867 के दायरे से परे एक हद तक अपनी सीमा को बढ़ाया है। पीआरबी अधिनियम, 1867 और इसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार, प्रिंट मीडिया के वर्तमान परिदृश्य में कार्य को प्रासंगिक बनाने के लिए एक अवलोकन के साथ इसकी समीक्षा की गई है।

मौजूदा पीआरबी अधिनियम 1867 में, विशेष रूप से शीर्षक सत्यापन, विदेशी प्रकाशनों और परिसंचरण सत्यापन पर, स्पष्ट प्रावधानों का अभाव जैसे कमी है। इसमें अवैध निवास स्थान की समस्या से निपटने के उपायों का भी अभाव है। आमतौर पर परिहार्य देरी का कारण बनने वाले, जिले के अधिकारियों के द्वारा शीर्षक अनुप्रयोगों और घोषणा के प्रमाणीकरण के निपटान के लिए समय सीमा का भी अभाव भी है। इसलिए, इस कमियों को दूर करने के लिए मौजूदा अधिनियम को 'प्रेस और पुस्तकों का पंजीकरण और प्रकाशन अधिनियम, 2014' नामक प्रस्तावित अधिनियम के द्वारा प्रतिस्थापित करने की सलाह दी गयी है।

समाचार पत्रों के लिए, शीघ्र, कुशल और पारदर्शी सेवा प्रदान करने और पीआरबी अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने और सर्कुलेशन की सख्ती से जांच शुरू करने और इसे लागू करने के साथ, 11 वीं योजना अवधि 2007–12 के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र में गुवाहाटी में और मध्य क्षेत्र में भोपाल में दो नये क्षेत्रीय कार्यालय खोले गये। 12 वीं योजना अवधि 2012–2017 के दौरान, तीन गतिविधियों (1) रिकार्ड का डिजिटलीकरण (2) ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया और (3) वार्षिक ब्यौरों की ई–फाइलिंग को कार्यान्वित किया जाना है।

हाल की मुख्य विशेषताएं :

- ऑनलाइन शीर्षक सत्यापन आवेदन पत्र – वर्तमान में, संबंधित डीएम को आवेदन डाक के द्वारा भेजे जाते हैं। इस प्रक्रिया में अधिक समय लगता है।
- वार्षिक विवरण की ऑनलाइन ई–फाइलिंग जारी रखना। इस साल यह एक बड़ी सफलता थी।
- शीर्षक और पंजीकरण आवेदनों की स्थिति के बारे में स्वत: एसएमएस और ई–मेल जानकारियां पूर्ण सफलता के साथ दी जा रही है। इससे देरी की समस्या दूर हुई है और पारदर्शिता में कमी आई है।
- शीर्षक सत्यापन पत्र और पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रतियों की ऑनलाइन उपलब्धता और डाउनलोड करने की सुविधा।
- हित धारकों के लिए 100 प्रतिशत परेशानी मुक्त ऑनलाइन सेवा ।

सर्कुलेशन चेक (आरसीई / एसएफसी के तहत प्रस्तावित अतिरिक्त उप–घटक) :

डीएवीपी विज्ञापनों के लिए दर पुनर्गठन समिति उच्च स्तरीय एम/ओ सूचना एवं प्रसारण समिति की सिफारिश के अनुसार, आरसीई में, योजना के तहत स्कीम प्रोफेशनल सीए / लेखा परीक्षकों को उनकी विशेषज्ञता के अनुसार पैनल में शामिल किये जाने का प्रस्ताव दिया गया है, जो संचलन सत्यापन के कार्य को बिना किसी बाधा के संचालित करने में आरएनआई को सक्षम कर, आरएनआई / डीएवीपी के अधिकारियों की टीम के साथ काम करेंगे।

गीत एवं नाटक प्रभाग

गीत एवं नाटक प्रभाग की स्थापना 1954 में संचार उद्देश्यों के लिए प्रचुर लोक परंपरागत स्वरूपों को सामने लाने हेतु एक प्रयोगात्मक इकाई के रूप में की गई। सजीव प्रचार माध्यम, जैसा कि अब बहुत बड़े पैमाने पर पहचाना जाता है, बहुत ही प्रभावशाली साबित हुआ क्योंकि इसने जनसमुदाय के साथ सीधे सम्पर्क के लाभों को अंतर्निहित (inherent) कर लिया और समसामयिक मुद्दों, विचारों एवं तरीकों को प्रतिबद्धता के साथ लागू करने में नम्यता (flexibility) को अपना लिया। दुर्गम पहाड़ी, मरुस्थल, एलडब्ल्यूई प्रभावित जिलों/क्षेत्रों और सीमा क्षेत्र सहित जमीनी स्तर पर संचार स्थापित करने के लिए इसके क्षेत्र में वृद्धि करने, पहुंच और प्रभाव बढ़ाने हेतु इस प्रभाग के प्रयोजन और आकार में बढ़ोतरी की गई थी।

प्रभाग का मुख्य कार्य जैसा कि आधिकारिक वेबसाइट पर दिया गया है, राष्ट्र के विकास के लिए संवहनीय सामाजिक, आर्थिक और लोकतांत्रिक विचारों के बारे में आम लोगों के बीच जागरूकता फैलाना और भावनात्मक स्वीकार्यता बढ़ाना, सीमा क्षेत्र के लोगों के बीच रक्षा तैयारियों और देश के शेष भागों के साथ सांस्कृतिक एकता

की समझ विकसित करना और सजीव मनोरंजन मीडिया जिसके तहत देश के सभी भागों में फैले नाट्यकला के दोनों स्वरूप – शहरी और लोक, के जरिए सेना के एकांत प्रदेशों में तैनात जवानों का मनोबल बनाए रखना है।

अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए प्रभाग लोक और परंपरागत नाटकों, नृत्यनाटकों (बैलेट), गीतिनाट्य (ओपेरा), नृत्य के साथ अभिनयकर्म, लोक और परंपरागत वृतांत, कठपुतली का तमाशा और यहां तक कि सदियों पुरानी परंपरा के सैकड़ों मदारी के खेल जैसे व्यापक लोक और परंपरागत स्वरूपों का उपयोग करता है। इसके अलावा प्रभाग आधुनिक तकनीकों के साथ ध्वनि एवं प्रकाश प्रदर्शनी और सांप्रदायिक सद्भाव, राष्ट्रीय एकता, धर्म निरपेक्षता, सांस्कृतिक धरोहर का प्रचार, स्वास्थ्य, पर्यावरण, शिक्षा जैसी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय थीमों पर अभिनय करने के लिए सैकड़ों कलाकारों का उपयोग करता है।

देश के विभिन्न भागों में पाए जाने वाले कई लोक और परंपरागत स्वरूपों का उपयोग करते हुए प्रभाग एक ओर इन स्वरूपों के पुनरुद्धार और इन्हें जीवंत बनाए रखने का एक शक्तिशाली जरिया बन गया है तो दूसरी तरफ उद्देश्यपूर्ण संचार के लिए हजारों अभिनयकर्ताओं / कलकारों को उनके कौशल / क्षमता का उन्हीं की भाषा, लोकोक्ति और बोली में उपयोग करते हुए आजीविका प्रदान करने में सक्षम है।

उच्च पारदर्शिता और विस्तारित प्रचार सुनिश्चित करने के लिए संगीत के साजो – सामान में आधुनिक तकनीकों और ''मोडेमाइजेशन'' के तहत स्थानीय पता तंत्र को अद्यतन और कंप्यूटरीकृत करने का प्रस्ताव किया गया है। कार्यक्रम की गुणवत्ता, शोध, विकास, प्रशिक्षण और प्रभाव को सुधारने की दृष्टि से मूल्यांकन किया जाएगा।

मुख्य सचिवालय की सूचना विंग स्कीमें

(प्रसार भारती को छोड़कर) मीडिया इकाइयों सहित सभी तीन क्षेत्रों के लिए नीति संबंधित अध्ययन, संगोष्ठी, मूल्याकंन आदि

यह योजना मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र में मंत्रालय की चालू/नयी योजनाओं (मध्यावधि मूल्यांकन) के लिये नीति संबंधी अध्ययन, संगोष्ठी एवं मूल्यांकन का प्रावधान करती है। इन अध्ययनों से उपयुक्त नीतिगत सुधारों को आरंभ करने के लिए इस क्षेत्र में विकास की गतिशीलता को समझने में मदद मिलेगी।

मानव संसाधन विकास के लिए प्रशिक्षण

अकादमिक विनिमय कार्यक्रम के तहत मार्च 2014 को भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) और क्वींसलैंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, ऑस्ट्रेलिया (क्यूयूटी) के बीच सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया था। इसका उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ाना और आईआईएस अधिकारियों तथा उप सचिव स्तर व मंत्रालय के उच्च पदस्थ अधिकारियों को प्रशिक्षित करने तथा क्षमता निर्माण गुणों के विकास के लिए रोडमैप तैयार करना था।

नियोजित योजना "एचआरडी के लिए प्रशिक्षण" के तहत अक्टूबर - नवंबर, 2014 में दो बैचों में 28 अधिकारियों ने क्वींसलैंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, (क्यूयूटी), ब्रिसबेन, ऑस्ट्रेलिया में प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया था।

फिल्म क्षेत्र

केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड

सुधार उपाय और नीतिगत पहल

प्रमाणीकरण प्रक्रिया की वर्तमान आवश्यकताओं को देखते हुए सिनेमैटोग्राफ अधिनियम, 1952 में सुधार का प्रावधान किया गया है।

प्रमाणीकरण प्रक्रिया को ऑनलाइन किया जा रहा है। इससे फिल्मों के प्रमाणीकरण में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

बाल फिल्म समिति, भारत

मंत्रालय द्वारा किए गए सुधार के उपाय और नीतिगत पहलकदमियां

सीएफएसआई गतिविधियों के बारे में सभी सूचनाओं को नियमित तौर पर सीएफएसआई की वेबसाइट पर अपडेट किया जाता है ताकि पारदर्शिता बनी रहे और परिणामों की जानकारी दी जा सके। फिल्म निर्माण के लिए प्रपोजल फॉर्म्स को ऑनलाइन दाखिल करने की व्यवस्था लागू की जा चुकी है। इसी तरह, सीएफएसआई द्वारा आयोजित फिल्म समारोहों में भाग लेने के लिए फिल्म प्रविष्टियों को ऑनलाइन दाखिल किया जा सकता है।

बाल फिल्मों को दिखाने संबंधी गतिविधियों को सीएफएसआई की वेबसाइट पर प्रमुखता से 'आयोजनों के कैलेंडर 'के रूप में दर्शाया जाता है और कार्यान्वयन पर चित्रों/आलेखों को भी प्रमुखता से पेश किया जाता है।

'गट्टू' शीर्षक से निर्मित सीएफएसआई की फीचर फिल्म को 20 जुलाई, 2012 को देश भर में रिलीज किया गया। उसे भारत के 55 शहरों के 100 सिनेमाघरों में पहली बार चार सप्ताह तक एक साथ दिखाया गया। सीएफएसआई द्वारा शहरों में टिकट खरीदने में समर्थ बच्चों के लिए टिकट वाले शो भी आयोजित किये जा रहे हैं। यह नियमित बाजार में पैंठ बनाने और फिल्मों के साथ प्रतियोगिता करने का प्रयास है।

जैसे पहले ही जानकारी दी जा चुकी है, महाराष्ट्र सरकार से बच्चों के सिनेमा के लाभ के लिए बाल-चलचित्र परिसर के निर्माण हेतु फिल्म सिटी में भूमि आवंटित करने की अपील की गई। महाराष्ट्र सरकार की ओर से महाराष्ट्र चलचित्र मंच एवं सांस्कृतिक विकास निगम लिमिटेड ने गोरेगांव, मुंबई में फिल्म सिटी के प्रवेश द्वार पर 1460 वर्ग मी. भूमि देने का प्रस्ताव रखा। सीएफएसआई अब महाराष्ट्र सरकार की स्वीकृति का इंतजार कर रही है। परिसर के बारे में सीएफएसआई द्वारा समय-समय पर महाराष्ट्र सरकार के साथ फॉलोअप किया जाता है।

सीएफएसआई का लक्ष्य राष्ट्रीय महत्व वाले आधुनिक बाल चलचित्र परिसर का निर्माण करना है जिसमें एनिमेशन और कठपुतली स्टूडियो सहित फिल्म निर्माण के सभी पहलु मौजूद होंगे। बहुमूल्य कोष तैयार करने के लिए गुणवत्तापूर्ण चलचित्रों का कोष तैयार किया जाएगा जिसका बड़े पैमाने पर भारतीय बच्चे आनंद उठा सकेंगे। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि परिसर के भीतर बाल चलचित्र पुरातत्व स्थापित किया जाए।

फिल्म समारोह निदेशालय

3 मई 2015 को नई दिल्ली में 62वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह का आयोजन और साल 2015 के लिरए 63वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा के लिए निर्णायक मंडल का चयन।

साल 2015 के लिए भारतीय पैनोरमा के अंतर्गत फिल्मों का चयन और अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया 2015 का आयोजन।

फिल्म समारोह निदेशालय भारत में भारतीय पैनोरमा की फिल्मों का प्रदर्शन और दुनिया के दूसरे देशों में होने वाले फिल्म समारोहों में उनकी भागीदारी जैसी अपनी नियमित गतिविधियों का आयोजन साल भर करेगा।

भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे

सुधार मानक और एफटीआईआई के मुद्दे

एफटीआईआई को राष्ट्रीय महत्व का एक संस्थान घोषित करने के लिए संसद का एक कानून लाने का प्रस्ताव प्रक्रिया में है। संसद का यह कानून संस्थान द्वारा करवाए जाने वाले डिप्लोमा कोर्स को मान्यता देगा और संस्थान को प्रभावी तरीके से इसके अधिदेश की पूर्ति के लिए विभिन्न मानक लागू करने में सहायक होगा।

इसके तंत्र में अत्यधिक पारदर्शिता के संस्थान एक सिटिजन चार्टर प्रकाशित करता है, जो कि संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

फिल्म प्रभाग

सुधार, मानक और नीति निर्माण

बाहरी निर्माताओं एनजीओ के जरिये डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का निर्माण सामाजिक मुद्दों और समस्याओं को उनके समाधान के साथ दर्शाने के लिए किया जाता है और साथ ही सरकार के राष्ट्र निर्माण के लिए किए गए प्रयासों की तरफ भी। फिल्मों के निर्माण के लिए दिशा निर्देश को और भी सरल और पारदर्शी बनाया गया है। प्रस्तावों की सरल प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए आवेदन ऑनलाइन मंगाए जाते हैं। फिल्म डिविजन, मुंबई में नेशनल म्यूजियम ऑफ इंडियन सिनेमा के नाम से संग्रहालय स्थापित करने का भी फैसला लिया गया है, जो ऑडियो विजुअल प्रस्तुति और महत्वपूर्ण कलाकृतियों के जरिये, जाने-माने निर्देशक, निर्माता और संस्थानों का कार्य और भारतीय सिनेमा का इतिहास दर्शाता है। यह संग्रहालय आम जन

को न सिर्फ सूचना का भंडार उपलब्ध कराता है बल्कि यह फिल्मकारों, फिल्म छात्रों और आलोचकों को कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम के तौर पर सिर्फ देश में ही नहीं दुनिया के विभिन्न हिस्सों में सिनेमा के विकास का आकलन करने में मदद करता है।

भारतीय राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार

पहले और दूसरे चरण में चलचित्र (फिल्म) तहखानों, मुख्य प्रेक्षागृह, डीजी सेट तथा अग्निशमन प्रणाली को बदलने को शामिल करते हुए वर्तमान आधारभूत संरचना के उन्नयन का कार्यवर्ष 2014-15 के दौरान एनएफएआई के लिए पूर्ण बजट के विनियोजन के बाद अगली तिमाही में शुरू किया जा सकेगा।

सत्यजित रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता

सुधार मानक और एसआरएफटीआई के मुद्दे

एसआरएफटीआई को राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित करने के लिए एक संसदीय कानून लाने के प्रस्ताव पर काम चल रहा है। यह संसदीय कानून संस्थान द्वारा करवाए जाने वाले डिप्लोमा कोर्स को मान्यता देगा और संस्थान को अपने अधिदेश की पूर्ति के लिए प्रभावी तरीके से विभिन्न कार्य करने में सहायक होगा।

मुख्य सचिवालय की फिल्म विंग स्कीमें

(क) एंटी पायरेसी पहल

फिल्म सेक्टर एक जीवंत सांस्कृतिक उद्योग है यद्यपि यह व्यापक रूप से निजी सेक्टर में आता है। भारत सबसे ज्यादा संख्या में फिल्मों का निर्माण करता है। प्रोद्योगिकी की उन्नति फिल्म उद्योग के सभी क्षेत्रों जैसे निर्माण, वितरण, प्रदर्शन और विपणन के विकास का मुख्य संचालक बन गया है।

एनीमेशन, गेमिंग और स्पेशल इफेक्ट्स के सेक्टर के उत्कृष्टता हेतु राष्ट्रीय केंद्र की स्थापनाः

मानव संसाधन के अध्यन के आधार पर, सरकार सार्वजनिक और निजी भागीदारी के रूप में एनीमेशन, गेमिंग और स्पेशल इफेक्ट्स के सेक्टर के उत्कृष्टता हेतु राष्ट्रीय केंद्र की स्थापना हेतू विचार कर रही है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने पुरी योजना की सैद्धांतिक रूप में स्वीकृति हेतू योजना आयोग से संपर्क किया था.

एंटी-पायरेसी इनेसिएटिव्स

घ्लिम उद्योग पर पायरेसी के प्रभाव के सम्बन्ध पर पिछले अध्याय में चर्चा की जा चुकी है। जबकि, पायरेसी का सामना करने के लिए एक प्रभावी कानूनी प्रक्रिया की अविलम्ब आवश्यकता है, वहीं, पायरेसी का अर्थव्यवस्था पर प्रभाव के सम्बन्ध में उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता पैदा करने की भी अविलम्ब आवश्यकता है क्योंकि उपभोक्ता पायरेसी के विभिन्न रूपों में निष्क्रिय प्रतिभागी है। अतः, ये अनुसंशा की गयी है कि एक प्रभावी और सम्मिलित मल्टी-मीडिया अभियान 12वीं योजनाकाल के तहत सभी घ्लिम और संगीत उद्योग के हितधारकों को सम्मिलित करते हुए प्रारंभ की जाए. साथ हीं, भारतीय अर्थव्यवस्था पर पायरेसी के प्रभाव के वास्तविक आंकलन हेतू प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन और शोध और

विकास की आवश्यकता है।

एंटी–पायरेसी योजना का उद्देश्य निम्नलिखित गतिविधियों पर सहयोग प्रदान करना होगा:

आ) पायरेसी से समबन्धित मल्टी मीडिया अभियानों का प्रसार।

ब) प्रशिक्षण कार्यक्रमओं और कार्यशालाओं का आयोजन कॉपीराइट अधिनियम के बारे में पुलिस, न्यायिक और प्रशासनिक अधिकारियों ने संवेदनशील बनाने के लिए।

स) पायरेसी के प्रभाव पर संसोधन का संचालन और पायरेसी का सामना करने हेतू विकास को सशक्त करना और साथ हीं सार्वजनिक–निजी रणनीति का कार्यान्वयन करना।

(ख) राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन

सुधार मानक और नीति नेतृत्व

सूचना और प्रसारण मंत्रालय इस नई 12 वीं योजना अर्थात 'राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन' का भारतीय राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार के माध्यम से फिल्म व फिल्म सामग्री के अभिलेखन के संरक्षण, डिजिटाइज के लिए क्रियान्वयन कर रहा है।

(ग) ऐनिमेशन, गेमिंग और विशेष प्रभावों के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना

फिल्म सेक्टर एक जीवंत सांस्कृतिक उद्योग है यद्यपि यह व्यापक रूप से निजी सेक्टर में आता है। भारत सबसे ज्यादा संख्या में फिल्मों का निर्माण करता है। प्रोद्योगिकी की उन्नति फिल्म उद्योग के सभी क्षेत्रों जैसे निर्माण, वितरण, प्रदर्शन और विपणन के विकास का मुख्य संचालक बन गया है।

मानव संसाधन के अध्ययन के आधार पर, सरकार सार्वजनिक और निजी भागीदारी के रूप में एनीमेशन, गेमिंग और स्पेशल इफेक्ट्स के सेक्टर की उत्कृष्टता हेतु राष्ट्रीय केंद्र की स्थापना हेतु विचार कर रही है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने पुरी योजना की सैद्धांतिक रूप में स्वीकृति हेतु योजना आयोग से संपर्क किया था।

एंटी–पायरेसी इनेसिएटिव्स

फिल्म उद्योग पर पायरेसी के प्रभाव के संबंध पर पिछले अध्याय में चर्चा की जा चुकी है। जबकि, पायरेसी का सामना करने के लिए एक प्रभावी कानूनी प्रक्रिया की अविलम्ब आवश्यकता है, वहीं, पायरेसी के अर्थव्यवस्था पर प्रभाव के संबंध में उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता पैदा करने की भी अविलम्ब आवश्यकता है क्योंकि उपभोक्ता पायरेसी के विभिन्न रूपों में निष्क्रिय प्रतिभागी है। अत:, ये अनुशंसा की गयी है कि एक प्रभावी और सम्मिलित मल्टी–मीडिया अभियान 12वीं योजनाकाल के तहत सभी फिल्म और संगीत उद्योग के हितधारकों को सम्मिलित करते हुए प्रारंभ की जाए. साथ हीं, भारतीय अर्थव्यवस्था पर पायरेसी के प्रभाव के वास्तविक आंकलन हेतू प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन और शोध एवं विकास की आवश्यकता है।

एंटी–पायरेसी योजना का उद्देश्य निम्नलिखित गतिविधियों पर सहयोग प्रदान करना होगा:

क) पायरेसी से संबंधित मल्टी मीडिया अभियानों का प्रसार।

ख) प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कार्यशालाओं का आयोजन कॉपीराइट अधिनियम के बारे में पुलिस, न्यायिक और प्रशासनिक अधिकारियों को संवेदनशील बनाने के लिए।

ग) पायरेसी के प्रभाव पर संशोधन का संचालन और पायरेसी का सामना करने हेतु विकास को सशक्त करना और साथ हीं सार्वजनिक–निजी रणनीति का कार्यान्वयन करना।

प्रसारण क्षेत्र

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मानिटरिंग केंद्र

ईएमएमसी का सुदृढ़ीकरण करने की योजना के लिए कुल 90 करोड़ रुपये मंजूर किए गए, ताकि नागरिकों तक आपत्तिजनक सामग्री का प्रसारण न हो। टीवी चैनलों के कार्यक्रमों, विज्ञापनों की विषय सामग्री केबल टेलीविजन रेगुलेशन एक्ट 1995 के अंतर्गत होनी चाहिए। जबकि रेडियो के मामले में विषय सामग्री लाइसेंस की गाइडलाइंस के मुताबिक होनी चाहिए। इसे हासिल करने के लिए विषय सामग्री पर निगरानी रखने के लिए टीवी चैनलों की संख्या चरणबद्ध तरीके से 1500 टीवी तक पहुंचाई जाएगी। सामुदायिक रेडियो स्टेशनों और निजी एफएम चैनलों के लिए एक केंद्रीय विषय सामग्री सुविधा शुरू की जाएगी।

प्रसार भारती

सुधार, उपाय एवं नीतिगत पहल

प्रसार भारती के पास प्रसारण और टेलीकास्टिंग के क्षेत्र में ढांचागत, श्रमशक्ति और तकनीकी विशेषज्ञता के संदर्भ में संसाधनों का व्यापक भंडार है। ढांचागत भंडार में वर्षों से, प्रमुख रूप से भूमि, इमारत, टावर, ट्रांसमीटर, स्टूडियो, सेटेलाइट अर्थ स्टेशन, अभिलेखकरण की सुविधा, कर्मचारियों का प्रशिक्षण संस्थान (तकनीकी), अनुसंघान और विकास आदि शामिल हैं। 500 डब्ल्यू मीडियम वेव ट्रांसमीटर से शुरुआत करते हुए आकाशवाणी आज प्रमुख प्रसारक संगठन बन गया है। 493 रेडियो ट्रांसमीटरों के साथ यह 91.87 प्रतिशत क्षेत्र और 99.19 प्रतिशत आबादी को कवर करता है। इसके अलावा फ्री–टू–एयर डीटीएच प्लेटफॉर्म डीडी डायरेक्ट प्लस पर, 21 रेडियो चैनल भी लगभग पूरे देश में कवरेज उपलब्ध करवा रहे हैं। दूरदर्शन वर्तमान में 33 सेटेलाइट चैनलों और 67 स्टुडियो एवं विभिन्न क्षमताओं वाले 1416 ट्रांसमीटरों के विशाल नेटवर्क का संचालन कर रहा है जो देश की करीब 92 प्रतिशत आबादी को टीवी कवरेज उपलब्ध करवा रहे हैं। इसके अतिरिक्त दूरदर्शन फ्री–टू–एयर डीटीएच सेवा भी उपलब्ध करवा रहा है।

ढांचागत भंडार में, प्रमुख रूप से भूमि, इमारत, टावर, ट्रांसमीटर, स्टूडियो, सेटेलाइट अर्थ स्टेशन, अभिलेखकरण की सुविधा, नेशनल एकेडमी ऑफ ब्रॉडकास्टिंग एंड मल्टी मीडिया (तकनीकी), अनुसंधान और विकास आदि शामिल हैं। संभावनाओं का लाभ उठाने के उद्देश्य से, विशाल बुनियादी ढांचे से राजस्व अर्जित करने हेतु मई 2001 में आकाशवाणी संसाधन (एआईआर रिसोर्सिज) की स्थापना स्वतंत्र केंद्र के रूप में की गई।

आकाशवाणी संसाधन सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से निम्नलिखित योजनाओं को लागू करके राजस्व जुटा रहे हैं/ अगले 10 से 15 वर्षों के दौरान जुटा सकते हैं :-

1. निजी प्रसारकों, मोबाइल सर्विस प्रदाताओं/इग्नू के साथ लाइसेंस फीस आधार पर प्रसार भारती (पीबी) के ढांचागत संसाधन, जैसे टावर (एसटीएल टावर, स्व सहायक एस डब्ल्यू टावर, एकीकृत टीवी/एफएम टावर) इमारत और भूमि को बांटना। वर्तमान में पीबी सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की निजी एफएम चरण 1 और चरण 2 योजना के तहत निजी एफएम प्रसारकों के साथ अपने ढांचागत संसाधनों को बांट रहा है। इस योजना के तहत वे अपने एंटीना को माउंट कर सकते हैं और अपने ट्रांसमीटर और दूसरे सहायक उपकरणों के इंस्टॉलेशन के लिए स्पेस खोल और बंद कर सकते हैं। भविष्य में, अगर पीपीपी के माध्यम से अपेक्षित हो, तो हम अपने ढांचागत संसाधन की व्यापक हिस्सेदारी कर सकते हैं।

2. इसके अतिरिक्त, प्रसार भारती परिसरों में अपने उपकरण स्थापित वाले निजी एफएम प्रसारकों को संचालन और रखरखाव सेवाएं भी प्रदान की जा सकती हैं। इस उद्देश्य के लिए एआईआर/डीडी स्टेशनों को श्रमशक्ति आउटसोर्स करने की अनुमति देने की जरूरत होगी क्योंकि श्रमशक्ति की पहले ही कमी है। पीबी निजी प्रसारकों के स्टूडियो और ट्रांसमीटरों को स्थापित और कमीशन करने का काम भी कर सकता है।

3.प्रसार भारती इग्नू के ज्ञानवाणी चैनल के लिए एफएम ट्रांसमीटरों की स्थापना और कमिशनिंग का कार्य पहले से ही कर रहा है, जो आकाशवाणी/डीडी सेटअप के साथ को-साइटेड हैं। इग्नू ट्रांसमीटरों के संचालन और रखरखाव का काम भी आकाशवाणी/डीडी स्टेशन कर रहे हैं। प्रसार भारती की योजना है कि भविष्य में इग्नू के ट्रांसमीटरों के लिए भी यह कार्य किया जाएगा।

4. मौजूदा समय में आकाशवाणी स्टूडियो और ट्रांसमीटरों का खाली समय इग्नू को किराए पर दिया गया है। जब भी कभी ऐसी आवश्यकता होगी और अगर भविष्य में ऐसा समय देना संभव होगा तो प्रसार भारती दूसरे शैक्षणिक संस्थानों/विश्वविद्यालयों और आउटस्टेशन एजेंसियों को प्रतिस्पर्धात्मक दर पर, मौजूदा ट्रांसमीशन घंटों के लिए किराए पर ये सुविधाएं प्रदान करेगा।

5. प्रसार भारती श्रोताओं को आईवीआरएस और एसएमएस आधारित सेवा जैसी मूल्य संवर्धित सेवाएं प्रदान करने के लिए टेलीकॉम सेवाओं के साथ समझौता कर रहा है। इस प्रकार की लोकप्रिय सेवाएं प्रदान करके, टेलीकॉम सेवा प्रदाताओं को मिलने वाले राजस्व में से आकाशवाणी को भी राजस्व प्राप्त हो सकता है। दूरदर्शन पहले से दिल्ली से मूल्य संवर्धित सेवाएं प्रदान कर रहा है और जल्द ही इसे दूसरे शहरों में भी विस्तार देना चाहता है।

6.आकाशवाणी के नेटवर्क में एमडब्ल्यू/एफएम/एसडब्ल्यू प्रसारक ट्रांसमीटर का एयर टाइम शैक्षणिक/कृषि संस्थानों को किराए पर दिया जा सकता है।

7. विश्वविद्यालयों/कॉलेजों/आवासीय स्कूलों में 50/100 वॉट एफएम सामुदायिक रेडियो स्टेशन को स्थापित करने में भी प्रसार भारती मदद प्रदान कर सकता है।

8.प्रसार भारती विभिन्न आकाशवाणी/दूरदर्शन केंद्रों पर प्रसारण के विभिन्न क्षेत्रों में ऑन-साइट और संस्थागत प्रशिक्षण भी प्रदान कर सकता है। कुछ केंद्रों में यह प्रशिक्षण पहले से दिया जा रहा है जिसका आगे चलकर विस्तार किया जा सकता है।

9. डेटा ऑडियो चैनल (डीएआरसी) सेवा के माध्यम से भी प्रसार भारती राजस्व अर्जित कर सकता है।

दूरदर्शन का डिजिटलीकरण

प्रसार भारती बोर्ड ने 18 सितम्बर, 2014 को हुई अपनी 123वीं बैठक में डिजिटल ट्रांसमीटरों की सामूहिक मोड में स्थापना को मंजूरी प्रदान की। सामूहिक योजना के अनुसार, 32 स्थानों पर प्रत्येक में 2 डिजिटल एचपीटी की स्थापना की जाएगी। सभी में, एचडीटीवी फॉर्मेट में 4 डिजिटल एचपीटी सहित 64 डिजिटल एचपीटी इन 32 स्थलों पर स्थापित किये जाएंगे। तदनुसार, दूरदर्शन ने स्वीकृत 12वीं योजना में आवश्यक संशोधन और मंत्रालय एवं सीसीसीईए की मंजूरी के लिए प्रसार भारती के समक्ष एक प्रस्ताव रखा है। प्रसार भारती ने प्रस्तावित सामूहिक योजना के लिए मंत्रालय से सैद्धांतिक मंजूरी भी मांगी है।

चौबीसों घंटे प्रसारण वाले नए सेटेलाइट चैनल

चौबीसों घंटे प्रसारण वाला एक नया क्षेत्रीय सेटेलाइट चैनल डीडीके, विजयवाड़ा से शुरू किया गया है।

डीटीएच

दूरदर्शन के डीटीएच प्लेटफॉर्म की क्षमता मौजूदा 59 से बढ़ा कर 97 टीवी चैनल करने के लिए उपकरण की स्थापना की जा चुकी है। उन्नत डीटीएच प्लेटफॉर्म की कमिशनिंग सीएएस के कार्यान्वयन पर निर्भर है।

हाई डेफिनेशन टेलीविज़न (एचडीटीवी)

एचडीटीवी का वीडियो रेजोल्यूशन परम्परागत टेलीविजन सिस्टम (स्टेंडर्ड-डेफिनेशन टीवी) से 5 गुना अधिक होता है। एचडीटीवी की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं : इसमें तस्वीर साफ और विचलन रहित होती है, रंग ज्यादा जीवंत दिखाई देते हैं, इसकी वाइड स्क्रीन पिक्चर ज्यादा वास्तविक प्रतीत होती है। पिछले साल के दौरान, दिल्ली और मुम्बई में एचडीटीवी स्टूडियो स्थापित किये गये और दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में एचडीटीवी से संबंधित सहयोगपूर्ण निर्माण-पश्चात सुविधाओं की स्थापना की गई। वर्ष 2014-15 के दौरान डीडीके दिल्ली में एचडीटीवी/एसडीटीवी सिमुलकास्ट प्ले आउट स्टेशन उपलब्ध कराये गये और दिल्ली व मुम्बई में 10 एचडी कैमरे वाली ओबी वैन में से 2 उपलब्ध करायी गई हैं। वर्तमान में निम्नलिखित एचडीटीवी परियोजनाओं को लागू किया जा रहा है:

I. दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता और चेन्नई में एचडीटीवी ट्रांसमीटर्स (ट्रांसमीटर्स की स्थापना की गई है, परीक्षण कार्य चल रहा है)

2 दिल्ली में मल्टी-कैमरा मोबाइल प्रोडक्शन सुविधा (निविदाएं आमंत्रित की गई हैं)

आधुनिकीकरण, सुदृढ़ीकरण और पुराने उपकरणों को बदलना

दूरदर्शन अपने नेटवर्क के आधुनिकीकरण, पुराने उपकरणों को अत्याधुनिक उपकरणों में बदलने और मौजूदा सुविधाओं में सुधार के लिए हमेशा से प्रयासरत है। वर्तमान में दूरदर्शन नेटवर्क के आधुनिकीकरण और उसे मजबूत बनाने की निम्नलिखित परियोजनाएं लागू की गईं /की जा रही हैं:-

टेरेस्ट्रियल ट्रांसमीटर्स

ए) निम्नलिखित 10 पुराने 100 वॉट एलपीटी को 500 वॉट ऑटो मोड (1+1) एलपीटी से बदल दिया गया है :

क्योंझरगढ़	बोलंगीर	यवतमाल	बीड
काकीनाडा	दमोह	धुले	नासिक
जोवाइ	भावनगर		

इनके अलावा, शिवपुर कलां और कांकौली में पुराने 100 वॉट एलपीटी की जगह 500 वाट ऑटो मोड (1+1)एलपीटी लगाये जाने हैं। ट्रांसमीटरों की आपूर्ति कर दी गई है। इन ट्रांसमीटरों की स्थापना वर्ष 2014-15 के अंत तक पूरी हो जाने की उम्मीद है।

बी) निम्नलिखित मौजूदा 15 पुराने एनालॉग हाई पॉवर ट्रांसमीटर्स को बदलना

डिब्रूगढ़	जैसलमेर	जबलपुर	तुरा	कोलकाता(डीडीन्यूज)
रायपुर	पुणे	विशाखापत्तनम	आगरा	फाजिल्का
भुज	मउ	अनंतपुर	डाल्टनगंज	भवानीपटना

सभी ट्रांसमीटरों की आपूर्ति कर दी गई है। 8 ट्रांसमीटरों की स्थापना की जा चुकी है और परीक्षण जारी है। बचे हुए ट्रांसमीटरों की स्थापना का कार्य कार्यान्वयन की विभिन्न अवस्थाओं में है। इन 15 एचपीटी की कमिशनिंग का कार्य वर्ष 2014-15 के अंत तक पूरा हो जाने की उम्मीद है।

सी) टेरेस्ट्रियल कवरेज के विस्तार के उद्देश्य से जम्मू-कश्मीर के राजौरी में (डीडी-1 और डीडी न्यूज), ग्रीन रिज (डीडी-1), हिम्बोतिंगला टॉप (डीडी-1) और पटनी टॉप (डीडी-1) में पांच उच्च क्षमता के ट्रांसमीटरों (10 के.डब्ल्यू) की स्थापना की जानी है। राजौरी में इन ट्रांसमीटरों की स्थापना मौजूदा एआईआर इमारत में की जाएगी। इमारत में सुधार का कार्य पूरा हो चुका है। राजौरी में ट्रांसमीटरों की खरीद के लिए कार्रवाई की जा रही है। निविदाएं आमंत्रित की गई हैं, खोली जा चुकी हैं और तकनीकी आकलन पूरा हो चुका है। अन्य तीन जगहों पर साइट तय हो चुकी है और आकाशवाणी उन्हें अपने नियंत्रण में ले चुका है। सिविल कार्य किया जा रहा है। ट्रांसमीटर उपकरणों के लिए निविदाएं प्राप्त हुई हैं और उनका आकलन किया जा रहा है।

दूरदर्शन की 12वीं योजना

दूरदर्शन की 12वीं योजना की स्कीम 'प्रसारण अवसंरचना नेटवर्क विकास' को दूरदर्शन की पूंजीगत परिसंपत्ति के सृजन हेतु 1893.14 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ मंजूरी दी जा चुकी है। इसमें जारी योजनाओं के लिए 1215 करोड़ रुपये और नई योजनाओं के लिए 678.14 करोड़ रुपये का आवंटन शामिल है।

12वीं योजना के प्रमुख क्षेत्र हैं : दूरदर्शन नेटवर्क का डिजिटलीकरण, डीटीएच का विस्तार, एचडीटीवी का विस्तार, दूरदर्शन के स्टूडियो ट्रांसमीटर तथा सेटेलाइट ब्रॉडकास्ट उपकरणों का आधुनिकीकरण।

12वीं योजना स्कीम के अंतर्गत उप-योजना-वार ब्यौरा (नई परियोजनाओं का) निम्नलिखित है:

डीटीएच का विस्तार

250 टीवी चैनलों के प्रसारण के लिए डीटीएच प्लेटफार्म का उन्नयन

हाई डेफिनेशन टीवी कोलकाता और चेन्नई में एचडीटीवी स्टूडियो की स्थापना। **दूरदर्शन नेटवर्क का डिजिटलीकरण**1.डिजिटल एचपीटी : संख्या 23 : 11वीं योजना के बचे हुए 21 डिजिटल एचपीटी और 12वीं योजना के 23 एचपीटी सामूहिक मोड में स्थापित किये जाने का प्रस्ताव है। (प्रसार भारती ने सामूहिक मोड के लिए मंत्रालय से सैद्धांतिक मंजूरी मांगी है) 2.आर्काइव्स का डिजिटलीकरण : सेंट्रल आर्काइव, दिल्ली तथा चार क्षेत्रीय आर्काइव्स की सुविधाओं को बेहतर बनाना। **स्टूडियो और ट्रांसमीटर उपकरण का आधुनिकीकरण, संवर्धन तथा स्थापना** 1.सीपीसी और केंद्रों का आधुनिकीकरण 2.समाचार मुख्यालय दिल्ली की सुविधाओं को बेहतर बनाना, **सेटेलाइट प्रसारण उपकरण का आधुनिकीकरण, संवर्धन और बदलाव** 13 अर्थ स्टेशनों का उन्नयन, अर्थ स्टेशन उपकरण बदलना, 2 अर्थ स्टेशन इमारतें। **ढांचागत सुविधाओं का संवर्धन और विविध कार्य** 1.सुरक्षा और अन्य ढांचागत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण 2. चंडीगढ़ में सरकारी आवास **सीमावर्ती कवरेज को सुदृढ़ करना** 1.नेपाल से सटे इलाकों में 8 एचपीटी की स्थापना: प्रसार भारती द्वारा मध्यावधिक समीक्षा के दौरान लिए गए फैसले के अनुसार परियोजना रद्द कर दी गई। 2.रामेश्वरम स्थित टावर (300 मीटर) का सुदृढ़ीकरण **न्यू मीडिया प्रौद्योगिकी/वैकल्पिक डिलीवरी प्लेटफार्म** चुनिंदा डीडी चैनलों की लाइव स्ट्रीमिंग और उपभोक्ता उपकरणों पर इंटरनेट के माध्यम से कार्यक्रम पहुंचाना। **ओएफसी कनेक्टिविटी** : ओएफसी नेटवर्क के जरिए चुनिंदा डीडी केंद्रों को लिंक करना।

प्रशिक्षण

पिछले दो दशकों में दूरदर्शन में आमूल-चूल बदलाव आए हैं। टेलीविजन प्रौद्योगिकी तेजी से बदल रही है। बरसों से चल रहे एनालॉग उपकरण तेजी से पुराने पड़ रहे हैं। हर तरफ डिजिटलीकरण की चर्चा है। दूरदर्शन भी अपने समूचे नेटवर्क का डिजिटलीकरण कर रहा है। प्रसारण प्रौद्योगिकी में आ रहे बदलावों को देखते हुए उसका जोर अपने कर्मचारियों के प्रशिक्षण पर है। एसटीआई (टी) दिल्ली, डीटीआई लखनऊ तथा आरएसटीआई (टी) शिलांग, भुवनेश्वर और मलाड (मुंबई) में नए कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और मौजूदा कर्मचारियों की दक्षता बढ़ाने के कार्यक्रम के अलावा प्रबंधन कार्यक्रम भी चलाए जाते हैं। इसके अलावा आईआईटी कानपुर, आईआईएम

शिलांग और अन्य कई बाहरी संस्थानों में प्रशिक्षण पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं। इसके अलावा उपकरणों के निर्माता भी कर्मचारियों को उनके कार्यस्थल पर ही प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हैं। अप्रैल 2014 से नवम्बर 2014 के दौरान लगभग 400 इंजीनियरिग अधिकारियों को तकरीबन 49 प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण मुहैया कराया गया है और दिसम्बर 2014 से मार्च 2015 के दौरान करीब 360 इंजीनियरिग अधिकारियों द्वारा 47 प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में भाग लेने की संभावना है। नेटवर्क में नए उपकरण शामिल किये जाने के कारण वर्ष 2014-15 के दौरान उपकरण निर्माताओं द्वारा विभिन्न ए/टीएस में करीब 136 इंजीनियरिग अधिकारी प्रशिक्षित हो चुके हैं/प्रशिक्षित होने की संभावना है। विभिन्न क्षेत्रों में खराब उपकरणों की मरम्मत के लिए कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं।

8. अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन/एबीयू कार्यशालाएं

वर्ष 2014-15 के दौरान (अब तक) निम्नलिखित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों/एबीयू कार्यशालाओं का आयोजन किया गया :

1. देश में डीवीबी-टी2 (एआईबीडी) पर 04-08 अगस्त, 2014 को एनएबीएम, दिल्ली में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें 36 डीडी अधिकारियों ने भाग लिया।

2. डीवीबी-टी2 /टी2 लाइट रिसिविंग उपकरणों पर डीजी: डीडी द्वारा आईएचसी, नयी दिल्ली में 24.08.2014 को संगोष्ठी सह प्रदर्शनी आयोजित की गई। इस संगोष्ठी में लगभग 60 डीडी अधिकारियों ने भाग लिया।

3. टीवी पोस्ट प्रॉडक्शन और ग्राफिक्स पर एआईबीडी/एनएबीएम उप-क्षेत्रीय कार्यशाला 17-21 नवम्बर 2014 को आयोजित की गई, जिसमें 16 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

मुख्य सचिवालय प्रसारण विंग

भारत में सामुदायिक रेडियो आंदोलन को सहयोग

भारत में सामुदायिक रेडियो आंदोलन के लिए मंत्रालय ने पांच सालों में कुछ जरूरी और ठोस कदम उठाए हैं जिसके फलस्वरूप रेडियो स्टेशन लगाने की मंजूरी 186 से बढ़कर 409 तक पहुंच गई है। इसके अलावा काम करने वाले (ऑपरेशनल) स्टेशनों की संख्या भी 64 से 179 हो गई है। सामुदायिक रेडियो आंदोलन के तहत सरकार की ओर से कुछ अच्छे कदम उठाए गए हैं, जो निम्नलिखित हैं।

मंजूरी प्रक्रिया का सरलीकरण: रेडियो स्टेशन की मंजूरी मिलना एक बड़ी समस्या रही है। मंत्रालय ने संवाद में कमी और मंजूरी की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए संबंधित विभागों के साथ हर महीने बैठकों का चलन शुरू किया है। सामुदायिक रेडियो आवेदकों को सुविधा देने के लिए मंत्रालय ने टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर-1800-11-6346 शुरू किया है। इसके अलावा मंत्रालय ने एक सुविधा केंद्र भी स्थापित किया है।

जागरूकता पीढ़ी: मंत्रालय की ओर से देशभर में साल 2008 से अब तक करीब 63 कार्यशालाएं आयोजित की जा चुकी हैं। इन कार्यशालाओं के जरिए सामुदायिक रेडियो के लिए आवेदन प्रक्रिया, उद्देश्य और सोच को समझाने का काम किया जाता है।

राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो सम्मेलन का चार बार राष्ट्रीय स्तर पर आयोजन किया जा चुका है। इन सम्मेलनों के जरिए मीडिया एक्टिविस्ट, सरकारी तंत्रों और सामुदायिक रेडियो

चलाने वाले लोगों को एक प्लेटफॉर्म पर लाकर विचारों और सीखने के प्रवाह को गति देने की कोशिश की जाती है। सामुदायिक रेडियो स्टेशन संग्रह पुस्तक के चार संस्करण 2011, 2012, 2013 और 2014 अब तक प्रकाशित हो चुके हैं।

राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो(सीआर) अवॉर्ड : बेहतर रेडियो कार्यक्रमों, लक्ष्यों की प्राप्ति, सामुदायिक रेडियो को बढ़ावा देने के लिए नकद राशि के साथ रेडियो संचालकों को राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो अवॉर्ड दिया जाता है। राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो सम्मेलनों के दौरान योग्य सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को ये पुरस्कार दिए जाते हैं।

निरंतर वृद्धि: 12वीं योजना में भारत में सामुदायिक आंदोलन को बढ़ावा देने के लिए 100 करोड़ रुपये की मदद देकर नई स्कीम 'भारत में सामुदायिक सहयोग आंदोलन को सहयोग' लाई गई। इसके जरिए सामुदायिक रेडियो को वित्तीय मदद पहुंचाने के लिए मंत्रालय ने एक सराहनीय कदम उठाया।

सामुदायिक रेडियो स्टेशन के विज्ञापन की राशि में भी बढ़ोतरी की गई। एक रुपये प्रति सेंकेंड की दर को बढ़ाकर 4 रुपये प्रति सेकेंड कर दी गई है। केंद्र और राज्य सरकार की ओर से संचालित कार्यक्रमों के लिए अब गाइडलाइंस और नई दरें लागू कर दी गई हैं।

सामुदायिक रेडियो स्टेशन और डीएवीपी को लागू करने की प्रक्रिया को भी आसान बनाया गया। करीब 55 सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को डीएवीपी से जोड़ा गया।

मंत्रालय और विभागों से समर्थन: सामुदायिक रेडियो में महिला एवं बाल विकास, पंचायती राज मंत्री, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंत्री से सीधा संपर्क रहता है जिसके जरिए लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सामुदायिक रेडियो की जरूरत को समझने में मदद मिलेगी। इन मंत्रियों ने हाल के दिनों में स्वास्थ्य, पोषण, सफाई, शिक्षा, कन्या जन्म और आपदा संबंधी जानकारियां देने के लिए इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है।

प्रसारण शाखा का स्वचालितीकरण

बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान यह तय किया गया कि प्रसारण शाखा के विभिन्न विभागों को प्रसारण सेवा की अनुमति देने की प्रक्रिया को स्वचालित बनाया जाए। इस परियोजना में एक व्यापक ऑनलाइन पोर्टल बनाना है जिसमें उसका विकास और स्थापन भी शामिल है। इस परियोजना का कार्यान्वयन एनआईसी के जरिए हागा। एनआईसी को इसके लिए

क. व्यापक अध्ययन करना होगा

ख. सॉफ्टवेयर बनाना और लगााना होगा

ग. प्रणाली का कार्यान्वयन करना होगा

- पुराना डाटा एकत्र करना होगा

- रिपोर्टिंग सॉफ्टवेयर बनाना होगा

घ. प्रशिक्षण देना होगा

च. स्थापन के बाद रखरखाव करना होगा।

नयी योजना में आवश्यक डाटा तैयार करना और सुचारू रूप से कार्य प्रणाली के लिए एक समग्र ऑनलाइन पोर्टल तैयार करना है। टीवी/इनसेट/ की मौजूदा प्रणाली सीमित संभावनाएं हैं। इसमें वित्तीय और तकनीकी दृष्टि से सुधार की गुजाइश है जिससे यह वर्तमान और भविष्य की जरूरतों को पूरा कर सके। फिलहाल चैनलों को

प्रसारण के मुददों और नाम बदलने या पोर्टफोलियो में बदलाव के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की अनुमति की जरूरत पडती है। फिलहाल टीवी /इनसेट/ विभाग में 18 प्रमुख विषय है:-

- टीवी चैनल की अपलिंकिंग
- टीवी चैनल की डाउनलिंकिंग
- टेलीपोर्ट की मंजूरी
- नाम और लोगो में बदलाव
- टेलीपोर्ट में बदलाव
- सेटेलाइट में बदलाव
- भाषा में बदलाव
- शेयर होल्डिंग में बदलाव
- निदेशकों की नियुक्ति
- समाचार की श्रेणी से गैर-समाचार की श्रेणी में बदलाव और इससे उलट बदलाव
- गैर-समाचार विषयवस्तु के प्रसारण के लिए अपलिंकिंग की अस्थायी मंजूरी का आवेदन/ विदेशी चैनल का सीधा प्रसारण
- डीएसएनजी अनुमति- भाडे पर लेना/खरीदना
- भारतीय समाचार समिति द्वारा अपलिंकिंग की अनुमति
- संसदीय प्रश्न
- आरटीआई
- अदालती मामले
- वीआईपी संदर्भ
- अनुरोधों की स्थिति की जानकारी रखना

मंत्रालय में प्रसारण नीति एवं विधायन विभाग पंजीकरण और लाईसेंस की अनुमति देने के साथ प्रसारण वितरण सेवा के निम्न मामले भी देखता है:-

- मल्टी सिस्टम आपरेटर (एमएसओ)
- डायरेक्ट टू होम सर्विसेस

– हेडेन्ड इन द स्काई सर्विस (एचआईटीएस)

इस योजना के अंतर्गत इन सेवाओं के लिए स्वत: मंजूरी और लाईसेंस देने का निर्णय लिया गया है। सामुदायिक रेडियो स्टेशन के लिए स्वत: सीआरएस मंजूरी का प्रावधान किया गया है।

डिजिटलाइजेशन का मिशन

सुधार उपाय एवं नीति पहलें

प्रोजेक्ट की चरण अनुसार पूरे किए जाने की तिथियां निम्नवत् हैं–

क्रम संख्या	चरण	शहर का नाम	पूर्णता दिनांक
1.	चरण–1	चार मेट्रो शहर दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता तथा चेन्नई	31 अक्टूबर 2012
2.	चरण–2	38 शहर (जिनकी जनसंख्या 1 मिलियन से अधिक है।)	31 मार्च 2013
3.	चरण–3	अन्य शहरी क्षेत्र	31 दिसम्बर 2015
4.	चरण–4	शेष भारत	31 दिसम्बर 2016

चरण–1 चार शहरों में तथा चरण–2 अढ़तीस (38) शहरों में फैला था। चरण–1 तथा 2 पहले ही पूरे किए जा चुके हैं। चरण–3 तथा 4 में आंकड़े एकत्र करने तथा सीडिंग प्रगति की निगरानी का कार्य बेसिल को सौंपा गया है। प्रोजेक्ट प्रारम्भ करने के लिए बेसिल ने प्रारम्भिक कार्य पूरा कर लिया है। डिजीटाइजेशन के चरण–3 तथा 4 से सम्बन्धित निम्न कार्यवाही की जा चुकी है।

1. चरण–3 तथा 4 को लागू करने के लिए समय सीमा तय की जा चुकी है

2. डिजीटाइजेशन से सम्बन्धित विभिन्न मुददों की प्रगति तथा प्रभाव की निगरानी के लिए कार्य बल का गठन किया जा चुका है। अब तक कार्य बल की 5 बैठकें आयोजित हो चुकी हैं।

3. एम एस ओ तथा एल एस ओ एसोसिएशन तथा प्रचार अभियान के उप–समूह का गठन किया जा चुका है।

4. चरण–3 क्षेत्र में एम एस ओ के पंजीकरण के लिए समय बद्ध योजना तय की जा चुकी है। इस सम्बन्ध में समाचार पत्रों तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापन जारी किए जा चुके हैं। मांग होने पर चरण–3 में एम एस ओ आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि 21.12.2014 से बढ़ाकर 06.02.2015 की गई।

5. डिजीटाइजेशन के लाभ से सम्बन्धित प्रचार अभियान की पहल इलेक्ट्रॉनिक, प्रिन्ट तथा सोशल मीडिया में की गई।

अध्याय 4
पिछले कार्य प्रदर्शन की समीक्षा
सूचना क्षेत्र
विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय

4.1 वर्ष 2013–14 के लक्ष्य एवं उपलब्धियां: 2013–14 के लिए लक्ष्य और उपलब्धियां वित्तीय और भौतिक, दोंनों ही संदर्भों में दी जा रही है।

4.2 वित्तीय प्रदर्शन: पिछले वर्ष का वित्तीय प्रदर्शन योजना और गैर योजना आवंटन का लगभग पूरी तरह उपयोग कर लिया गया।

वित्तीय

बजट/अंतिम अनुमान 2013–14			वास्तविक व्यय 2013–14		
योजना	गैर योजना	कुल	योजना	गैर योजना	कुल
19250.00	6290.04	25540.04	19234.00	6215.17	25449.12

* वर्ष 2013–14 की वार्षिक योजना के दौरान 18500.00 लाख रुपए का स्वीकृत प्रावधान आर ई/ एफ जी चरण में संषोधित होकर 19250.00 लाख रुपए तक बढ़ गया।

वर्ष 2013–14 की वार्षिक योजना दो जारी स्कीमों (1) विकासात्मक प्रचार कार्यक्रम: अवधारणा एवं प्रसार के लिए बनाई गई है। इसके तहत 18500.00 लाख रुपए की मंजूरी दी गयी है। संशोधित अनुमान अंतिम राशि के रुप में 19250.00 लाख रुपए का अतिरिक्त कोष दिया गया जिसमें मार्च 2014 तक 19235.00 लाख रुपए के व्यय के साथ वित्तीय लक्ष्य के रुप में सौ प्रतिशत की उपलब्धि हासिल हुई है। (2) डी ए वी पी के मीडिया अवसंरचना विकास कार्यक्रम के आधुनिकीकरण के लिए 200 लाख रुपए का परिव्यय अनुमोदित था जबकि 850.00 लाख रुपए का अतिरिक्त कोष 350.00 लाख रुपए के अतिरिक्त कोष को सरेन्डर करते हुए संशोधित अनुमान/ अंतिम कोश उपलब्ध कराया गया जिसमें मार्च 2014 तक वित्तीय लक्ष्य के सौ प्रतिशत उपलब्धि के साथ 347.00 लाख रुपए व्यय किए गए। यह योजना बाह्य प्रचार माध्यम, मुद्रित प्रचार माध्यम, प्रदर्शनी, डिस्प्ले और वर्गीकृत विज्ञापन तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा सूचना के प्रसार के लिए लागू की गई है।

4.3 वास्तविक उपलब्धियां: वित्तीय लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए और वास्तविक उपलब्ध्यां भी उत्कृष्ट रहीं जो इस प्रकार थीं।

4.3.1 प्रदर्शनी: 2013–14 की वार्षिक योजना के तहत देश भर में कई महत्वपूर्ण प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया यथा– मंत्रालय का लैगशिप कार्यक्रम भारत निर्माण, स्वामी विवेकानन्द पर प्रदर्शनी, सरकारी उपलब्ध्यां तथा स्कीम एक्सपो 2013, फोक फेयर, 2013 तथा देश में अन्य लोक सूचना अभियान।

4.3.2 मुद्रित विज्ञापन: वर्ष 2013–14 में 'भारत निर्माण' और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दिवसों पर विज्ञापन जारी किए गए। डी ए वी पी द्वारा विभिन्न मंत्रालयों, विभागों, स्वायत्तशासी संगठनों के 17122 विज्ञापन जारी किए गए। इनमें 1321 डिस्प्ले तथा अन्य क्लासीफाइड विज्ञापन शामिल थे। इनमें 176 विज्ञापन यू पी एस सी के लिए थे।

4.3.3 दृश्य श्रव्य: वर्ष 2013–14 में डी ए वी पी के योजना तथा गैर योजना बजट से राष्ट्रीय एकता, सदभावना दिवस, भारत निर्माण और स्वतंत्रता दिवस पर अभियान।

4.3.4 मुद्रित प्रचार माध्यम: वर्ष 2013–14 में योजना के लिए विभिन्न मंत्रालयों से संबंधित 12 लाख प्रतियां मुद्रित एवं वितरित की गई। इसके अलावा रक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार

कल्याण मंत्रालय और प्रधानमंत्री कार्यालय के लिए 3 लाख प्रतियां मुद्रित और वितरित की गईं।

4.3.5 बाह्य प्रचार: होर्डिंग, बस पैनल, सार्वजनिक सुविधाओं इत्यादि से 11.6 लाख डिस्प्ले दिवश आयोजित किए गए।

4.3.6 डी ए वी पी का आधुनिकीकरण: वित्तीय वर्ष के दौरान आधुनिकीकरण की योजना के तहत ऑन लाइन बिलिंग के लिए आवश्यक हार्डवेयर, कम्प्यूटर तथा सॉफ्टवेयर खरीदे गए, डी ए वी पी मुख्यालय तथा क्षेत्रीय कार्यालयों में ढांचागत सुविधाओं की व्यवस्था की गई। कान्फ्रेन्स हॉल को अद्यतन किया गया है तथा प्रदर्षनी खंड में डिजीटल लायब्रेरी के लिए सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर प्रदान किया गया है और निदेशालय के कर्मचारियों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया गया है।

4.3.7 वर्ष 2013–14 के लिए लक्ष्य और उपलब्धियों का ब्यौरा इस प्रकार है–

क्र.सं.	ब्योरा	लक्ष्य	उपलब्धियां
1	प्रदर्शनी	1792 प्रदर्शनी दिवस	1796 प्रदर्शनी दिवस 32 क्षेत्रीय इकाइयों द्वारा
2	डिस्प्ले क्लासीफाइड (अंर्तवेश हजार में)	7.50	17.03 अंर्तवेष
4	मुद्रित प्रचार	12.00 लाख प्रतियां	12 लाख प्रतियां
5	बाह्य प्रचार	11.2 लाख डिस्प्ले दिवस	11.6 लाख डिस्प्ले दिवस
6	श्रव्य दृश्य अभियान (डिस्प्ले इकाई हजार में)	81.20 डिस्प्ले इकाई	95.00 डिस्प्ले इकाई

* श्रव्य एवं दृश्य प्रचार अभियान की एक डिस्प्ले इकाई में टेलीविजन एक बार के लिए, रेडियो में 3 बार के लिए, डिजीटल सिनेमा में 10 बार के लिए, 1000 एस एम एस और 25000 बार इंटरनेट पर दिखाना शामिल है।

2014–15

4.4 2014–15 के लिए लक्ष्य तथा उपलब्धियां : विवरण निम्नानुसार है:–

4.5 वित्तीय लक्ष्य:

वर्ष के दौरान बजट आवंटन निम्नलिखित है। वित्तीय मामले में डी ए वी पी ने योजना तथा गैर योजना व्यय के लिए अतिरिक्त राशि की मांग की है।

योजना	गैर–योजना	कुल
15520.00	6542.00	22062.00

4.6.1 उपलब्धियां: वार्षिक योजना 2014–15 में दो योजनाएं प्रारम्भ की गईं। (1) विकास संचार के माध्यम से लोगों का सशक्तीकरण। इसके लिए 15520.00 लाख रुपए स्वीकृत किए गए। (2) "मीडिया मूलभूत ढांचा विकास कार्यक्रम" जिसे 12वीं पंचवर्षीय योजना में एक नई योजना के रुप में शामिल किया गया है और इसके लिए वार्षिक योजना 2014–15 में 500.00 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई। योजना तथा गैर योजना के अंतर्गत 31.12.2014 तक 15431.93 लाख रुपए की राशि खर्च की जा चुकी है।

4.6.2 स्कीम: विकासात्मक संचार से लोक सशक्तीकरण

क. प्रदर्शनी: वार्षिक योजना 2014–15 के दौरान देश भर में महत्वपूर्ण प्रदर्शनियों का आयोजन हुआ यथा– एक भारत श्रेष्ठ भारत, स्वच्छ भारत, मेक इन इन्डिया प्रदर्शनी, हॉर्नविल समारोह पर प्रदर्शनी, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी पर फोटा प्रदर्शनी।

ख. डिस्प्ले एवं क्लासीफाइड: मंत्रालयों, विभागों एवं स्वायत्तशासी संगठनों के 12.1.2015 तक कुल 12757 विज्ञापन जारी किए गए। इनमें से रिकॉर्ड 1461 डिस्प्ले विज्ञापन थे। शेष वर्गीकृत विज्ञापन थे, जिनमें 88 यू पी एस सी के थे।

ग. रेडियो स्पॉट: सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के बजट से स्वच्छ भारत अभियान के लिए अभियान चलाए गए। अन्य मंत्रालयों के लिए चलाए गए अभियान में थे – अतुलनीय भारत, पूर्वोत्तर का प्रचार, भारतीय सेना/ नौसेना में भर्ती, उपभोक्ता जागरुकता, जनसंख्या स्थिरीकरण इत्यादि।

घ. बाह्य प्रचार: इसके अंतर्गत उपभोक्ता मामले, भारतीय सेना, नौसेना, वायुसेना, बी आई एस, जनगणना, आयकर, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, बी ई ई, डब्ल्यू सी डी, एम एच ए (एन डी एम ए), स्वच्छ भारत, आई एफ एफ आई, राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव, ग्रामीण विकास तथा जन सुविधाए रहे।

ड. मुद्रित प्रचार: विभिन्न भाषाओं में प्रमुख पुस्तिकाएं जिनमें उपलब्धि पुस्तिका 'ए न्यू लीप फारवर्ड', लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल पर फोल्डर, सार्क तथा ब्रिक्स में भारत, एन सी सी तथा भारतीय वायु सेना पर पुस्तिका, पी एम ओ के लिए डॉकेट, भारत सरकार का कैलेण्डर तथा डायरी रहे। रक्षा मंत्रालय के विभिन्न स्कन्धों के लिए भी डायरी तथा कैलेण्डर तैयार किए गए।

4.6.3 स्कीम: मीडिया ढांचागत विकास कार्यक्रम

कार्यालय व्यय : एम आई डी पी स्कीम के तहत् चालू वित्तीय वर्ष के दौरान ऑनलाइन बिलिंग के लिए आवश्यक हार्ड वेयर और सॉफ्टवेयर की खरीद की जा रही है। डी ए वी पी का मुख्यालय नए ब्लाक में शिफ्ट हो गया है।

4.6.4 वर्ष 2014–15 के दौरान उपलब्धियों का विवरण निम्नानुसार है–

क्र.सं.	विवरण	वर्ष 2014–15 के लिए लक्ष्य	30.09.2014 तक उपलब्धियां
1	प्रदर्शनी (प्रदर्षनी दिवस की संख्या)	1845 प्रदर्शनी दिवस	1000 प्रदर्शनी दिवस 32 क्षेत्रीय इकाइयों द्वारा
2	डिस्प्ले क्लासीफाइड (अंर्तवेश हजार में)	9.00	5.4 अंर्तवेष
3	मुद्रित प्रचार (जॉब की संख्या)	13	6.8
4	बाह्य प्रचार (डिस्प्ले इकाई लाख में)	12.4	6.45 लाख डिस्प्ले दिवस
5	श्रव्य दृश्य अभियान (डिस्प्ले इकाई हजार में)	90.00	48.00 डिस्प्ले इकाई

* श्रव्य एवं दृश्य प्रचार अभियान की एक डिस्प्ले इकाई में टेलीविजन एक बार के लिए, रेडियो में 3 बार के लिए, डिजीटल सिनेमा में 10 बार के लिए, 1000 एस एम एस और 25000 बार इंटरनेट पर दिखाना शामिल है।

4.6.5 2015–16 के लिए लक्ष्य :

वित्तीय

योजना परिव्यय

लाख रूपए में

योजना (आर ई)	गैर योजना (आर ई)	कुल
2300.00 (योजना 1 तथा 2)	7402.00	9702.00

भौतिक लक्ष्य

योजना/गैर योजना/अन्य मंत्रालय/विभाग(2015–16)– ई एफ सी में अनुमोदन के अनुसार

